हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 22.07.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 1 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# हंगामें की भेंट चढ़ा संसद के मानसून सत्र का पहला दिन

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को अड़ा रहा विपक्ष, बिल्स ऑफ लैडिंग बिल, 2025 राज्यसभा में पास



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में कोई कामकाज नहीं हो सका और सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष आज 22 जुलाई को संसद में विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा उठाएगा। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी नेताओं की ओर से संसद के मकर द्वार पर सुबह 10:30 बजे विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### स्पीकर को सौंपा गया जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव

जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए 150 सांसदों के हस्ताक्षर वाले प्रस्ताव को सोमवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सौंपा दिया गया।

### क्या यह सही 'विजय उत्सव' है : महुआ माजी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को 'विजय उत्सव' बताए जाने पर जेएमएम सांसद महुआ माजी ने कहा, यह वास्तव में एक 'विजय उत्सव' होता, अगर अमेरिका के दबाव में सीजफायर नहीं होता, तो हम कैसे कह सकते हैं कि यह 'विजय उत्सव' है? अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी कहा कि 5 जेट गिराए गए. इसमें भी स्पष्टता होनी चाहिए क्योंकि जनता बहुत भ्रमित है।

### बिल्स ऑफ लैडिंग बिल 2025 राज्यसभा में पास

बिल्स ऑफ लैडिंग बिल, 2025 राज्यसभा में पास हुआ। इसका उद्देश्य पोत परिवहन दस्तावेजों के लिए कानूनी ढांचे को अद्यतन और सरल बनाना है।

संसद के सत्र के शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी मीडिया के सामने आए और उन्होंने आगामी सत्र के विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय सेना से लेकर महंगाई तक कई मुद्दों पर बात की। पीएम मोदी ने कहा, यह मानसून सत्र जीत का जश्न है। पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति का दमखम देखा है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना द्वारा निर्धारित लक्ष्य को 100 प्रतिशत हासिल किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत, आतंकवादियों के आकाओं के घरों को 22 मिनट के भीतर जमींदोज कर दिया गया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के तहत, आतंकवादियों के आकाओं के घरों को 22 मिनट के भीतर जमींदोज कर दिया गया। मेड इन इंडिया सैन्य शक्ति के इस नए रूप की ओर दुनिया बहुत आकर्षित हुई है।

### सदन में विपक्ष को नहीं बोलने दिया जाता : राहुल-प्रियंका



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी की लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि सदन में सिर्फ सत्ता पक्ष के लोगों को बोलने दिया जाता है और विपक्ष के लोगों को बोलने से रोका जाता है। श्री गांधी ने सोमवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सदन में सिर्फ सरकार के लोगों को बोलने दिया जाता है, लेकिन विपक्ष को अपनी बात रखने की इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा मैं नेता विपक्ष हूं, सदन में बोलना मेरा हक है लेकिन मुझे भी बोलने नहीं देते हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि अगर सरकार हर विषय पर बात करने को तैयार है तो चर्चा करे, लेकिन ये लोग नेता विपक्ष को बोलने नहीं देते।

# ढाका में विमान हादसा, 19 की मौत, 60 घायल

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के उत्तरा क्षेत्र में आज दोपहर एक भीषण हादसा हो गया। यहां बांग्लादेश वायुसेना का एक प्रशिक्षण लड़ाकू विमान F-7 BGI मिलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के कैंपस पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में अब तक मिली जानकारी के मुताबि 19 लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक छठीं क्लास का बच्चा भी शामिल है। दुर्घटना में 100 से ज्यादा लोग जख्मी हुए हैं। यह दुर्घटना दोपहर 1 बजकर 6 मिनट के आसपास हुई, जब स्कूल में छात्र और कर्मचारी मौजूद थे। एयरक्राफ्ट उड़ान भरने के 24 मिनट बाद करीब डेढ़ बजे (भारतीय समय के मुताबिक 1 बजे) स्कूल के कैंपस में क्रैश हो गया। मिल रहे वीडियो के मुताबिक दुर्घटना के तुरंत बाद इलाके में घना काला धुआं छा गया और आग की लपटें उठने लगीं। मौके पर फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और सुरक्षा एजेंसियों की टीमें पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया।

सेना ने नहीं जारी किया कोई बयान बांग्लादेश सेना के जनसंपर्क कार्यालय ने पुष्टि की है कि दुर्घटनाग्रस्त जेट बांग्लादेश वायुसेना का था। हालांकि, घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है और सेना की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पायलट की स्थिति को लेकर भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

हादसे के तुरंत बाद मौके पर घना



धुआं उठता देखा गया और आपातकालीन सेवाएं तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गईं। फायर ब्रिगेड और बचाव टीमें अब भी घटनास्थल पर मौजूद हैं और मलबे को हटाने, क्षति का आकलन करने तथा संभावित अन्य घायलों की तलाश में जुटी हुई हैं।

### मोहम्मद यूनुस ने जताया दुख

राजधानी ढाका में सोमवार को हुए इस विमान हादसे पर अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, मोहम्मद यूनुस ने इस घटना को बांग्लादेश वायु सेना और अन्य प्रभावित लोगों के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने एक पोस्ट पर लिखा, मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं और अस्पतालों सहित सभी संबंधित अधिकारियों को स्थिति को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संबोधित करने का निर्देश देता हूं। सरकार दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए आवश्यक कदम उठाएगी और सभी प्रकार की सहायता सुनिश्चित करेगी।

### चीनी कंपनी का था क्रैश हुआ विमान

बताया जा रहा है कि बांग्लादेश में जो फाइटर जेट दुर्घटनाग्रस्त हुआ, उसको चीन की एक कंपनी द्वारा बनाया गया था। बांग्लादेशी एअरफोर्स का ये विमान चन में बना था। क्रैश हुए इस एअर फोर्स के जेट ने एक बार फिर से चाइना में बने विमानों की गुणवत्ता को सवालों के घेरे में खड़ा दिया। बता दें कि हादसे का शिकार हुआ जेट चीन निर्मित चेंगदू J-7 था। मालूम हो कि CAIG चीन की प्रमुख एयरोनॉटिकल और एयरोस्पेस कंपनी है। कंपनी द्वारा J-7 के अलावा कई आधुनिक फाइटर विमानों का भी निर्माण किया गया है।

### कैसे हुई घटना

गौरतलब है कि सोमवार को दोपहर में बांग्लादेश वायुसेना का एक ऋ 7 विमान ढाका में माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद, बांग्लादेशी सेना के जवानों के साथ अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा की आठ इकाइयां घटनास्थल पर पहुंचीं। घटनास्थल पर खोज और बचाव अभियान अभी जारी है।

## एक नजर

### केरल के पूर्व सीएम वीएस अच्युतानंदन का निधन

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन का 101 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। वे 23 जून को हार्ट अटैक के बाद अस्पताल में भर्ती थे। च्युतानंदन के निधन की खबर से राज्य और देश भर में शोक की लहर दौड़ गई, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्य सरकार ने उनके निधन से बाद 22 से 24 जुलाई तक, तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता वेलिक्काकाथु शंकरन अच्युतानंदन (वीएस अच्युतानंदन) का 101 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। तिरुवनंतपुरम के एसयूटी अस्पताल में सोमवार दोपहर 3.20 बजे उन्होंने अंतिम सांसें ली। उन्हें कार्डियक अरेस्ट के बाद 23 जून को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अच्युतानंदन का रक्तचाप कम होने के बाद सोमवार दोपहर मेडिकल बोर्ड ने एक बैठक बुलाई। बाद में, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, वित्त मंत्री के. एन. बालगोपाल, माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविंदन, स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज, मुख्य सचिव और पार्टी के अन्य नेता अस्पताल पहुंचे थे। वयोवृद्ध नेता के निधन पर राजनीतिक जगत से श्रद्धांजलि का सैलाब उमड़ पड़ा। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने अच्युतानंदन को केरल की राजनीति में एक ऊंचा व्यक्तित्व बताया, जबकि सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने उनकी अटल प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। देश इस वयोवृद्ध नेता के निधन पर शोक व्यक्त कर रहा है, उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों के राजनेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रेरित करती रहेगी। अच्युतानंदन का भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन में योगदान अतुलनीय है। वह पार्टी के शुरूआती दिनों में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति थे और इसके विकास और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सिमडेगा में नाबालिग से दुष्कर्म पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सख्त, कहा-

# बर्दाश्त के काबिल नहीं, हो कड़ी कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को अगवा करके अश्लील वीडियो बनाने व दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के स्वजन ने एक युवक पर आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी उठाया है। जिसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। उन्होंने सिमडेगा डीसी और सिमडेगा पुलिस से कहा है कि यह बिल्कुल बर्दास्त के काबिल नहीं है। आरोपियों की पहचान कर उन्हें अविलंब गिरफ्तार कर आगे कठोरतम कार्रवाई करें। साथ ही बच्ची एवं उनके पूरे परिवार की सुरक्षा एवं अन्य सभी सरकारी सहयता उपलब्ध कराते हुए सूचना दें।



दरअसल पहले बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस को टैग करते हुए कहा है कि सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में नाबालिग बेटी के साथ हुई दुष्कर्म की घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया है। एक मासूम बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाए जाने की घटना अति निंदनीय है। @jharkhandpolice आरोपी को अविलंब गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दिलाएं, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा, सहायता तथा न्याय दिलाने में हरसंभव मदद करें। बाबूलाल मरांडी के ट्वीट को ही रीट्विट करते हुए सीएम ने मामले पर संज्ञान लिया है।

जानकारी के अनुसार 13 वर्षीय नाबालिग बीती 16 जुलाई की रात 9 बजे से लापता थी। काफी ढूंढने के बाद भी वह नहीं मिली। इसके तीन दिन बाद 19 जुलाई को सुबह लगभग 9 बजे घर वापस आई तो उसने पिता से आपबीती बताई। पीड़िता ने बताया कि स्थानीय निवासी एक 19 वर्षीय युवक ने 16 जुलाई को रात 9 बजे फोन कर चुपके से घर से बाहर आने के लिए कहा था। घर से बाहर नहीं आने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी एक समुदाय विशेष का बताया गया है।

# देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में अबतक 14 .43 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर :** सावन की दूसरे सोमवारी को लेकर देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। देवघर में भक्तों एवं श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। हर-हर महादेव और बम बोल के जयघोष के साथ शिवभक्त भगवान आशुतोष का अभिषेक कर रहे हैं। सावन के दसवें दिन सुबह 04:07 मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया है। बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में शिवभक्तों की गूंज से पूरा रूट लाईन गुंजायमान है और कांवरिया कतारबद्ध होकर बाबा का जयघोष करते हुए जलार्पण के लिए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। देश के हर कोने और विदेश से भी भक्त भोलेनाथ को जलार्पण करने आ रहे है।



जिला प्रशासन के अनुसार 10 जुलाई से रविवार रात तक 14 लाख 43 हजार 693 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया है।


### उपायुक्त ने रूट लाइन का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर जिला उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने सम्पूर्ण मेला क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले रुटलाइन का निरीक्षण किया। इसके अलावे उपायुक्त ने नेहरू पार्क स्तिथ आईएमसीआर कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर मेला को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों को मेला के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए, ताकि श्रावणी मेला के दौरान चौबीसों घंटे कंट्रोल रूम एक्टिव मोड में कार्यरत रहे। निरीक्षक के क्रम में उपायुक्त ने मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त अधिकारियों, दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विनम्रता के साथ श्रद्धालुओं की सेवा करें, ताकि बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर से श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति लेकर प्रस्थान करें। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की टीम के साथ बरमसिया सरकार भवन से बीएड कॉलेज, तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, बीएन झा पथ मोड़, शिवगंगा घाट, नेहरू पार्क, बाबा मंदिर एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर किये गए विभिन्न इंतजामों से अवगत हुए।

# हाई कोर्ट ने मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में सभी 12 आरोपियों को सबूतों के अभाव में किया बरी

एजेंसी

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में 2006 मुंबई लोकल ट्रेन सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के सभी 12 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की एक विशेष पीठ ने अपने फैसले में कहा कि अदालत के सामने जो सुबूत रखे गए, वे आरोपियों का अपराध साबित करने में अपर्याप्त हैं। अदालत ने कहा कि यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने अपराध किया था। उच्च न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष के दावे में कई बुनियादी खामियां हैं। पीठ ने अविश्वसनीय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की।



अदालत ने पाया कि इस्तेमाल हुए बम के ब्यौरे सहित दूसरे बुनियादी तथ्यों को भी स्थापित करने में एटीएस विफल रही है। गवाहों के बयानों और कथित बरामदगी का 'कोई साक्ष्य मूल्य नहीं' माना गया। न्यायालय ने कहा कि जाँच एजेंसियां आरोपियों के खिलाफ आरोपों की पुष्टि के लिए कोई ठोस सबूत पेश करने में विफल रहीं। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए, अब सभी आरोपियों को इस आधार पर बरी कर दिया है कि हमलों में उनकी संलिप्तता साबित करने के लिए जांच एजेंसियों के पास पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

अदालत ने इस मामले में पांच व्यक्तियों को मृत्युदंड और शेष सात को मिली आजीवन कारावास की सजा को रद्द कर दिया। यह फैसला हादसे के 19 साल बाद आया। यह भयावह घटना 11 जुलाई, 2006 को तब हुई थी, जब शाम के व्यस्त समय में मुंबई के उपनगरीय रेलवे नेटवर्क में पश्चिम रेलवे की ट्रेनों के प्रथम श्रेणी के डिब्बों को निशाना बनाकर बम विस्फोटों को अंजाम दिया गया। उन सिलसिलेवार विस्फोटों में सांताक्रूज, बांद्रा-खार रोड, जोगेश्वरी-माहिम जंक्शन, मीरा रोड-भायंदर, माटुंगा-माहिम जंक्शन और बोरीवली सहित कई स्थानों को निशाना बनाया। हताहतों की संख्या बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए प्रेशर कुकर बमों ने 189 लोगों की जान ले ली और 700 से ज्यादा घायल हो गए। यह मामला महाराष्ट्र के एटीएस को जांच के लिए सौंपा गया था। जांच में आतंकवादी संगठनों, लश्कर-ए-तैयबा और सिमी की संलिप्तता के संकेत मिले थे, जिसके बाद 12 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए गए। एटीएस की जांच के आधार पर विशेष मकोका अदालत ने सितंबर 2015 में सभी बारह अभियुक्तों को दोषी ठहराया था।

# जेटीडीसी-सीसीएल के बीच एमओयू माइनिंग टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार ने खान-पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के बीच सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में एक समझौता ज्ञापन किया। मौके पर झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार, पर्यटन निदेशक विजया एन. जाधव, जेटीडीसी के प्रबंध निदेशक प्रेम रंजन और सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) नीलेंदु कुमार सिंह मौजूद थे। दोनों पक्ष की ओर से एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस एमओयू के तहत अब पर्यटक सीसीएल की रामगढ़ स्थित नॉर्थ उरीमारी ओपनकास्ट कोल माइंस का भ्रमण कर सकेंगे। यह खान



झारखंड की पहली ऐसी खदान होगी जिसे पर्यटन के लिए खोला जा रहा है।

पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने इस पहल को झारखंड की तकनीकी विरासत और सांस्कृतिक पहचान को दुनिया के सामने लाने का बड़ा माध्यम बताया है। उन्होंने कहा कि झारखंड केवल खनिजों का भंडार नहीं, बल्कि इसकी खान संस्कृति और औद्योगिक इतिहास भी देखने योग्य है। अब पर्यटकों को खदानों की गहराई, माइनिंग तकनीक और मजदूरों की कार्यसंस्कृति का अनुभव निकट से लेने का अवसर मिलेगा। सीसीएल के निदेशक नीलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि कंपनी की ओर से पूरी सुरक्षा, गाइडेड विजिट और लॉजिस्टिक सपोर्ट की व्यवस्था की जाएगी, ताकि पर्यटकों को एक सुरक्षित और रोमांचकारी अनुभव मिल सके। जेटीडीसी के प्रबंध निदेशक प्रेम रंजन ने कहा कि पर्यटन को विविधता देने की दिशा में यह एक बड़ी पहल है, जिससे झारखंड में वैकल्पिक पर्यटन के नए रास्ते खुलेंगे।

## एक नजर

### बारिश के कारण कमजोर पड़ा घर गिरा बीडीओ को आवेदन देकर आवास की मांग



**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत बादम निवासी गायत्री चौधरी पति सुनील चौधरी का घर पिछले अत्यधिक बारिश के कारण कमजोर पड़ा घर गिर गया है। जिसे लेकर गायत्री चौधरी एवं उसके परिवार के सदस्यों का रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है। मामले को लेकर गायत्री चौधरी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर मामले की जानकारी देते हुए नए आवास की मांग की है। वर्तमान में रहने की समस्या को देखते हुए गायत्री चौधरी अपने पति के भाई के घर में अपने बच्चे के साथ रह रही है। वहीं मामले को लेकर प्रखंड कार्यालय द्वारा गिरा हुआ आवास की जांच करवाते हुए नए आवास आवंटित करने का आश्वासन दिया गया है।

### एसीएफ ने की बड़ी कार्रवाई



**बड़कागांव :** पश्चिमी वन प्रमंडल के सहायक वन संरक्षक ए के परमार ने वन संरक्षण को लेकर पश्चिमी वन प्रमंडल में कई विशेष कदम उठाए एवं अपने 3 वर्षों के उत्कृष्ट कार्यकाल में पश्चिमी प्रमंडल के विभिन्न वन क्षेत्रों से कई बड़ी कार्रवाई भी की। जिसमें अब तक बालू कोयला से संबंधित से 120 से 125 ट्रैक्टर एवं अन्य वाहन, लगभग 90 अवैध आरा मशीन को उखाड़ने एवं जब्त किया। वहीं 110से120 ट्रैक्टर अवैध लकड़ी जप्त किया गया। जिसमें नीलामी में 3 करोड़ से अधिक रुपया विभाग को प्राप्त हुआ है। वहीं पश्चिमी वन प्रमंडल में चलने वाले अवैध कोयला खदानों को कई बार डोजरिंग किया गया तथा स्थल से लगभग 500 टन कोयला जप्त कर कार्रवाई हेतु कार्यालय लाया गया। एसीएफ एके परमार ने उपलब्धियां पर बताया कि वन कर्मियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से यह कार्य हो पाया।

### बारिश से महादेव भुइंया का मकान गिरा, एक घायल



**चौपारण :** प्रखंड के ग्राम दैहर में बीते रात्रि को हुई तेज बारिश के कारण महादेव भुइंया का कच्चा मकान ढह गया। इस हादसे में परिवार का एक सदस्य घायल हो गया है। फिलहाल पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 की अबुवा आवास योजना के तहत दैहर पंचायत को कुल 80 आवास आवंटित किए गए थे। महादेव भुइंया का नाम ग्रामसभा से पारित होकर प्रखंड स्तर से स्वीकृत भी हो चुका है, लेकिन फंड की कमी के चलते अब तक जिला द्वारा प्रथम किस्त की राशि जारी नहीं की गई है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया ब्रमदेव भुइंया ने प्रशासन से शीघ्र मदद की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसी आपात स्थिति में पीड़ित परिवार को तत्काल राहत दी जानी चाहिए। घटना की जानकारी समाजसेवी नागेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि महादेव भुइंया को शीघ्र आवास व आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सकें।

# जनता दरबार और पीजी पोर्टल के मामलों पर होगी सख्त निगरानी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के वैसे मामलों की समीक्षा की गई जो अन्य विभागों से संबद्ध हैं तथा जिनका निष्पादन लंबित है। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऐसे सभी लंबित मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी संवाद एवं पत्राचार को प्रभावी बनाने पर जोर दिया ताकि समयबद्ध तरीके से समस्याओं का समाधान हो सके। समन्वय समिति की बैठक आयोजित - शहरी पेयजल योजना, सड़क मरम्मत, जाति, आय प्रमाण पत्र के निर्गतीकरण एवं अन्य मुद्दों पर दिए महत्वपूर्ण निर्देश उपायुक्त ने जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कई निर्देश दिए। शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति योजना के तहत एलएनटी द्वारा पाइपलाइन बिछाने के क्रम में सड़कों के क्षतिग्रस्त होने और आमजन की आवाजाही में हो रही परेशानी को देखते हुए, उपायुक्त ने संबंधित एजेंसी को प्राथमिकता के आधार पर सड़क मरम्मत कार्य शीघ्र कराने का निर्देश दिया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के विद्युतीकरण, न्यायालय संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन, और खेल मैदान के लिए भूमि चिन्हित करने हेतु अंचल अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उपायुक्त ने जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में गंभीरता बरतने तथा पीजी पोर्टल एवं सीपी ग्राम पर लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने के निर्देश दिए। जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र निर्गतीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु उन्होंने राजस्व कर्मियों को जिला स्तर पर विशेष प्रशिक्षण देने का निर्देश भी संबंधित विभाग को दिया। बैठक में एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) से संबंधित मामलों के गंभीर निष्पादन पर भी बल दिया गया। शहरी एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में इंसुलेटेड तारों के अधिष्ठापन को लेकर बिजली विभाग को सुरक्षा मानकों के पालन के साथ शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। अंत में उपायुक्त ने भू-अर्जन, जिला आपूर्ति, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, शिक्षा एवं जल जीवन मिशन आदि विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन में आ रही अड़चनों को दूर करना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## श्रावन के दूसरे सोमवारी पर शिवालयों में लगी भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव में श्रावन के दूसरे सोमवारी के शुभ अवसर पर प्रखंड के दर्जनों शिवालयों में शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। शिवालयों में अहले सुबह से ही शिव भक्तों ने जलाभिषेक करने के लिए मंदिर के बाहर कतार पर खड़ा होकर भगवान शिव शंभू को जल अर्पण किए। इस दौरान महुदी पहाड़ स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मंदिर में हजारों शिव भक्तों ने जलाभिषेक किए। दिन भर भक्तों का आना-जाना लगा रहा। दूसरे राज्य से आए शिव भक्तों ने बुढ़वा महादेव के प्राकृतिक सुंदरता को खूब सराहा। वहीं कांडतरी एवं खैरातरी के द्वारा बुढ़वा महादेव परिसर में आए शिव भक्तों के लिए प्रसाद का वितरण किया गया। दूसरी ओर, लोगों में भक्ति भावना जगाने को लेकर बड़कागांव बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने श्रावन के हर सोमवारी पर प्रखंड के सभी शिवालयों में शिव भक्तों द्वारा हरि कीर्तन करने की अपील की गई है। प्रसाद वितरण में मुख्य रूप से उप प्रमुख वचनदेव कुमार, सुरेश महतो, प्रेमचंद कुमार, बालेश्वर महतो, कामेश्वर महतो, संजय महतो, मनोहर सिन्हा, अजीत कुमार, प्रभाकर कुमार निराला, लक्ष्मण कुमार, रंजन कुमार, त्रिवरकांत कुमार, रायकर किशोर, विरु कुमार, विक्रम कुमार, बसंत बहार, तुलेश्वर महतो, नेपाल कुमार, स्वरूप नारायण महतो के अलावा हजारों शिव भक्त शामिल हैं।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय में पीएचडी परीनियम को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में लंबे समय से लंबित पीएचडी परीनियम को अंतिम रूप देने के कार्य को अंततः प्रारंभ कर दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा की पहल पर पहले चरण में शनिवार और सोमवार को सभी विभागाध्यक्षों के साथ दो दिवसीय मैराथन बैठक का आयोजन किया गया। प्रो शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में यूजीसी द्वारा जारी की गई पीएचडी परीनियम 2022 के आधार पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा नए पीएचडी नियम 2022 को अंतिम रूप तथा मंजूरी देने पर सहमति बनी। कुलपति के रूप में प्रभार ग्रहण करने के पहले ही दिन से प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा इस मामले में गंभीर दिखे। उन्होंने हैरानी जताई थी कि पिछले 16 वर्षों से विनोबा भावे विश्वविद्यालय में कोई घोषित पीएचडी परीनियम नहीं है। बैठक की खास बात यह रही कि कुलपति ने एक-एक बिंदु पर विस्तार से विमर्श करवाया। प्रयास किया गया की व्यवहारिकता एवं गुणवत्ता के बीच एक तर्कसंगत संतुलन स्थापित की जाए। यूजीसी की अपेक्षा होती है कि उसके द्वारा जारी किए गए सारे परीनियम को भारत के सभी विश्वविद्यालय आंशिक फेर-बदल के साथ अपने यहां लागू करें। दो दिवसीय मैराथन बैठक के उपरांत जिन बिंदुओं पर सहमति बनी उसके द्वारा डिग्री प्रदान करने के लिए एक समयबद्ध और पारदर्शी तंत्र स्थापित करने की बात सर्वोपरि है।

## अनमोल बचपन प्ले स्कूल में चला पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** पटेल नगर स्थित एसएससी कैंपस में अनमोल बचपन प्ले स्कूल के द्वारा पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सावन के शुभ अवसर पर जीवन को सुरक्षित रखो,पर्यावरण की सुरक्षा और पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाली के लिए, नन्हे मुन्ने सितारों के द्वारा घर से गमले में विभिन्न तरह के पौधे और अनेकों प्रकार के पेड़ लगाए गए। नन्हे मुन्ने सितारों ने एक छोटा सा प्रयास से पर्यावरण को साफ और स्वच्छ रखने में हम सभी का सहयोग आवश्यक है यह भी संदेश दिया। इस दौरान संस्था के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। अनमोल बचपन प्ले स्कूल के शिक्षिका उर्मिला कुमारी ने कहा कि पेड़ पौधे से हमें शुद्ध हवा मिलती है, पानी को साफ करते हैं, जलवायु को नियंत्रित करते हैं, और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त पेड़ पौधे मिट्टी के कटाव को रोकने बाढ़ को कम करने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने में भी मदद करते है। पर्यावरण के महत्व को बताया गया हमारे जीवन में पेड़ पौधे क्यों आवश्यक है इसकी चर्चा की गई। स्कूल के शिक्षकों के द्वारा यह भी संदेश दिया गया कि प्रत्येक छात्र अपने जन्मदिन के अवसर पर स्कूल में या अपने घर पर एक पेड़ अवश्य लगाए। इसके साथ-साथ बच्चों को पॉलिथीन बैग के इस्तेमाल से बचने और प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की बात कही गई। संस्था का निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि नन्हे मुन्ने सितारों में पर्यावरण के बारे में जागरूक करना और उन्हें अभी से ही प्लास्टिक और पॉलिथीन इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी गई।

## ठप आदेश के बावजूद सिरका, अरगड्डा घाटों से धड़ल्ले से हो रही अवैध बालू ढुलाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरका, कउवाबेड़ा , अरगड्डा बालू घाट से इन दिनों अवैध बालू कि ढुलाई धड़ल्ले से जारी बता दे कि 15 जून से झारखंड सरकार द्वारा NGT लगाया गया जिससे अवैध कोयला ,बालू खनन पर सभी जिला के उपायुक्त एवं खनन विभाग को शख्त निर्देश देते हुए अवैध खनन और बालू पर पुरी तरह रोक लगाया गया, झारखण्ड में लगातार भारी बारिश की वजह से नदियों में आई बाढ़ थमने का नाम नहीं ले रहा है, दूसरी तरफ बालू घाटों से बालू माफिया धड़ल्ले से सिरका, कउवाबेड़ा, अरगड्डा जैसे बालू घाट से सुबह 4 बजे से धड्डले से 10-15 ट्रेक्टरों से बालू की ढुलाई कर बिहार फाउंड्री के आस पास के क्षेत्रों में भारी मात्रा में स्टॉक कर मोटी कीमत पर नईसराय,रांची रोड रामगढ़ के आस पास के क्षेत्रों में बेची जा रही है, वहीं जिला प्रशासन के आंखों में धूल झोंक कर बालू माफियाओं विना नंबर प्लेट ट्रेक्टर अवैध बालू लोड लिए सड़कों पर दौड़ते देखा जा रहा है जिससे अवैध ढुलाई किया जारी NGT लागू होने एवं बार बार अवैध बालू के खिलाफ खबर लगने के बावजूद रामगढ़ उपायुक्त एवं खनन विभाग के आंखों में धूल झोंक कर ढुलाई का काम धड़ल्ले से चल रहा है,जिससे जिले में राजस्व का काफी भारी नुकसान हो रही है।

# पीएमइजीपी, पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** पीएमइजीपी, पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त के द्वारा महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र शंभु शरण बैठा से उक्त तीनों योजना के तहत जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी ली गई जिस पर जानकारी देने के क्रम में महाप्रबंधक उद्योग केंद्र द्वारा बताया गया कि पीएमईजीपी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 72 लक्ष्य के विरुद्ध 76 आवेदनों को स्वीकृत कर लाभुकों को लाभान्वित किया गया है वहीं इस साल अब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। लक्ष्य प्राप्त होने के उपरांत लाभुकों को लाभ देने के संबंध में कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान जिला समन्वयक पीएम विश्वकर्मा योजना के द्वारा पीएम विश्वकर्मा एवं योजना का लाभ लेने के प्रति विस्तार से जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत कुल 18 ट्रेड में आवेदन दिया जाता है। वर्तमान समय में पीएम विश्वकर्मा योजना में कुल पांच ट्रेड में आवेदन किया जा रहा है इस पर उपायुक्त के द्वारा योजना का प्रभावी संचालन करते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। पीएमएफएमई योजना के संबंध में जानकारी देते हुए महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई की योजना के तहत खाद्य संबंधित क्षेत्र में कार्य करने हेतु इच्छुक लाभुकों को 35% का अनुदान दिया जाता है। इस दौरान उनके द्वारा योजना के तहत लाभुकों को मिलने वाले लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई जिस पर उपायुक्त के द्वारा ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी, ईओडीबी मैनेजर, जिला समन्वयक पीएम विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र की मौत



**रामगढ़ :** शहर के बाजार समिति प्रांगण के निकट स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के एक छात्र की मौत सुबह हो गई है। मौत का कारण सांप काटना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के 9 वीं वर्ग के छात्र अमोल कुमार प्रातः 8:00 बजे के लगभग स्कूल आया ' वह प्रातः 8:25 बजे के लगभग स्कूल के तीसरे तल्ले में स्थित अपने क्लास रूम जा रहा था। क्लास रूम के बाहर ही एकाएक अमोल कुमार जमीन पर गिर पड़ा। स्कूल प्रबंधन तत्काल उसे निकट में स्थित प्राइम अस्पताल ले गए' प्राइम अस्पताल में अमोल के जांच पड़ताल के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसी बीच स्कूल प्रबंधन ने अमोल के अभिभावक को भी इस बात की जानकारी दी थी। अमोल के अभिभावक अस्पताल पहुंचकर उसे लेकर फिर एक बार होप अस्पताल पहुंचे। यहां भी डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। इसके बाद अमोल के अभिभावक ने शव को लेकर घर चले गए। वही स्कूल प्रबंधन ने इस बात की जानकारी रामगढ़ थाना को भी दिया था। रामगढ़ थाना अमोल के घर पहुंच कर उसके शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया' वही बताया गया कि छात्र अमोल कुमार रोजाना की भांति सोमवार को भी सुबह-सुबह जिम गया था। जिम से आने के बाद अमोल कुमार बिना नाश्ता किया स्कूल आ गया। वही अमोल के मोहल्ला के लोगों ने बताया कि अमोल कुमार ने अपनी बहन को स्कूल जाने के पूर्व ही बताया था कि उसको पैर में कुछ काटा है। उसे अच्छा नहीं लग रहा है। अमोल कुमार के मोहल्ला के लोगों का कहना है कि उसकी मौत सांप काटने की वजह से हुई होगी। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात का खुलासा हो पाएगा।

### सिंगर विनय मिश्रा को माला पहनाकर किया गया सम्मानित



**भुरकुंडा :** बाबा भोलेनाथ की भक्ति में डूबा बोलबम भजन रनाये जोगियाए इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस भजन को अपनी मधुर आवाज दी है भुरकुंडा निवासी गायक विनय मिश्रा ने, जिन्होंने अपनी कला और भावपूर्ण गायकी से पूरे क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ाया है। इस भजन के प्रचार-प्रसार के क्रम में बुढ़वा महादेव मंदिर, भुरकुंडा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बुढ़वा महादेव मंदिर कमेटी की ओर से विनय मिश्रा का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन पर झूमते हुए भक्तिमय वातावरण बना दिया।

### जैव विविधता एवं वन के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,मालवीय मार्ग, हजारीबाग के वंदना सभा में आज बतौर मुख्य अतिथि कुमार मनीष अरविंद, पूर्व मुख्य वन संरक्षक, भारतीय वन सेवा का शुभागमन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, भारत माता पूजन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में उन्होंने जैव विविधता एवं वन के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए वन एवं वन्य जीवों का संरक्षण करने के निमित महत्वपूर्ण एवं बहुमूल्य सुझाव प्रदान किया। उन्होंने सुंदर गीत के माध्यम से भैया/ बहनों को वन एवं वन्य प्राणियों के महत्व को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा पूर्व मुख्य संरक्षक महोदय को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता उपस्थित थे। अतिथि परिचय एवं मंच संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य बंधु/ भगिनी का सराहनीय योगदान रहा।

### विधायक ने किया एसके मेडिकल दवाखाना का उद्घाटन

**चौपारण :** प्रखंड के केंदुआ में सोमवार को एसके मेडिकल दवाखाना का स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने उद्घाटन किया। विधायक ने संचालक से सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवा उपलब्ध कराने की सलाह दी। इससे पूर्व मेडिकल संचालक सन्नी कुमार राणा ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया और सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि एसके मेडिकल का लक्ष्य सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा को किफायती और सुलभ बनाना है। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, पूर्व जीप सदस्य रामस्वरूप पासवान, भाजपा नेता आदित्य चैरसिया, संजय राणा, बिरेन्द्र राणा, बसन्त राणा, ननकू राणा, शंकर राणा, शिक्षक शम्भू राणा, और मनोज सिंह शामिल थे।

### देवी मंडप तोड़कर बनेगा नया मंदिर कमेटी का हुआ गठन



**बड़कागांव :** मुख्य चौक स्थित देवी मंडप मंदिर प्रांगण में प्रबुद्ध ग्रामीणों की अहम बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बड़का गांव मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने की। बैठक में जर्जर हुए मंडप को तोड़कर नए मंदिर निर्माण करने का निर्णय लिया गया। जिसे लेकर मंदिर निर्माण कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद एवं सचिव मनोज गुप्ता को बनाया गया है। संयोजक शशि कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष सुभाष सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ,उपसचिव दीपक कुमार , उप कोषाध्यक्ष सुबोध जायसवाल, उप संयोजक मेवालाल नाग को बनाया गया है। बैठक में मुख्य रूप से संजय गुप्ता, दामोदर मेहता, रमनेश मिश्रा, लालमणि महतो, रवि प्रसाद जायसवाल ,राजकिशोर सोनी, सरोज कुमार, कालेश्वर राम, जागेश्वर महतो, रामसेवक महतो के अलावा अन्य अनुपस्थित थे।

# रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में भक्तों की उमड़ी भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सावन की दूसरे सोमवारी को लेकर राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई है। पहाड़ी मंदिर में रविवार देर रात नामकुम के स्वर्णरेखा से जल लेकर अहले सुबह से ही भक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर चुटिया के सुरेश्वर धाम, कोकर के शिव मंदिर, लालपुर, डोरंडा, बरियातू, हिनू, हरमू, थड़पकना सहित अन्य शिवालयों में भी सोमवार सुबह से ही भीड़ लगी हुई है। सभी भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि मांग रहे हैं। हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय, हर हर शंभू के जयकारे से पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। पहाड़ी मंदिर में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस कतार वध होकर लोगों को जलाभिषेक करवा रहे हैं।





इसके अलावा हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी भक्तों का सहयोग कर रहे हैं। पंडित मनोज पाठक ने बताया कि सोमवार का व्रत करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। सोमवार के व्रत का भगवान शिव की आराधना और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सोमवार का विशेष महत्व माना गया है।

सुखदेव नगर थाना प्रभारी, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय लगातार सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर शिवमय हुआ ओरमांझी का वातावरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ओरमांझी :** श्रावण माह की दूसरी सोमवारी एवं एकादशी तिथि पर ओरमांझी प्रखंड स्थित दुर्गा महादेव मंदिर में शिवभक्तों की अद्भुत आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रातः काल लगभग 1200 से अधिक शिवभक्तों ने ढोल-नगाड़ों व डीजे की गूंज के साथ स्वर्णरेखा नदी से जल लेकर कलश यात्रा के रूप में दुर्गा महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान महादेव के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस धार्मिक आयोजन की विशेष शोभा भारत-तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रख्यात ज्योतिषाचार्य स्वामी दिव्यानंद जी महाराज की उपस्थिति से और बढ़ गई। उनके ओजस्वी एवं वैचारिक संबोधन से संपूर्ण वातावरण 'शिवमय' हो उठा। स्वामी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान राम को हमने पुनः अयोध्या में प्रतिष्ठित किया, अब संकल्प है भगवान शिव को उनके मूल निवास - कैलाश मानसरोवर - में वापस लाने का। 'राम को लाए हैं, शिव को भी लाएंगे' यह उद्घोष भक्तों को भावविभोर कर गया और गीत के रूप में क्षेत्र में गूंजता रहा। स्वामी जी ने कैलाश मानसरोवर और देवड़ी देव महादेव धाम के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर जो भगवान शिव का मूल धाम है, आज चीन के अधीन है, जिसे मुक्त कराना सम्पूर्ण सनातन समाज का धर्म और कर्तव्य है।

## राजीव गांधी के नाम पर सड़क की मांग को लेकर कांग्रेस नेता ने प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने नेपाल हाउस से रांची रेलवे स्टेशन तक की नई सड़क और चौक का नाम भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम पर रखने की मांग की। यह सड़क रांची के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में स्थित है, जो नेपाल हाउस जैसे प्रमुख स्थल को रांची रेलवे स्टेशन से जोड़ती है। इस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय, व्यावसायिक केंद्र और आवासीय क्षेत्र हैं, जिससे यह सड़क अत्यधिक व्यस्त और महत्वपूर्ण है।



श्री राय ने इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा और अनुरोध किया कि इस मांग को राज्य सरकार को भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह मांग स्थानीय लोगों की भावनाओं और आकांक्षाओं को दशार्ती है, जो अपने प्रिय नेता स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देना चाहते हैं। स्वर्गीय राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने भारत के विकास और आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके कार्यकाल में भारत ने तकनीकी क्रांति का अनुभव किया, जिसमें कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीबी उन्मूलन जैसे क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय कार्य किया। उनकी शहादत ने पूरे देश को गहरा आघात पहुंचाया, लेकिन उनकी यादें और उनके कार्य आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं।

शशि भूषण राय ने कहा कि नेपाल हाउस से रांची रेलवे स्टेशन तक की इस सड़क और चौक का नाम स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम पर रखना न केवल उनकी स्मृति को सम्मानित करने का एक तरीका होगा, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों और कार्यों से प्रेरित करने का भी एक माध्यम होगा।

## सरला बिरला में करियर फेयर-पाथवे टू सक्सेस का सफल आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने करियर फेयर का भव्य आयोजन किया, जिसमें भारत और विदेश के 26 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को करियर की खोज, व्यावसायिक कौशल, उभरते व वैकल्पिक क्षेत्रों एवं तकनीकों, आत्म-जागरूकता, व्यक्तिगत विकास तथा नेटवर्किंग के अवसरों की जानकारी प्रदान करना था।




इस आयोजन का मुख्य आकर्षण था- उद्योग विशेषज्ञों के प्रेरणादायक सत्र। इन सत्रों में निम्नलिखित विशेषज्ञों ने भाग लिया। विवेक कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी जनरल मैनेजर (मार्केटिंग), ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून, अमोल चिंचोलकर, सहायक प्रोफेसर, अर्पिता दास, एडमिशन मैनेजर, एलायंस यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु, अमित एकलव्य, कॉर्पोरेट ट्रेनर एवं मेंटर, एवं प्रवीण शर्मा, कॉर्पोरेट ट्रेनर एवं मेंटर, रांची के पूर्व छात्र। इन विशेषज्ञों ने छात्रों को व्यावसायिक कौशल, आत्म-जागरूकता, एवं व्यक्तिगत विकास के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया, साथ ही छात्रों और विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों के बीच संवाद और नेटवर्किंग का अवसर भी उपलब्ध कराया। इस सत्र ने छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य के बारे में सूझबूझ भरे निर्णय लेने हेतु आवश्यक ज्ञान और कौशल से सुसज्जित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत इंटरैक्टिव यूनिवर्सिटी डेस्क भी लगाए गए, जहां छात्रों ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के कार्यक्रमों और उच्च शिक्षा के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस आयोजन में शामिल प्रमुख विश्वविद्यालय हैं- एलायंस यूनिवर्सिटी, आईलीड यूनिवर्सिटी, रटगर्स यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी एट बफेलो, यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय (शिकागो), स्टोनी ब्रुक यूनिवर्सिटी, होटल इंस्टिट्यूट मोंत्रो, यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लाइड साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लाइड साइंसेज, आर्डेन यूनिवर्सिटी, चाणक्य यूनिवर्सिटी, के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी, सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी, जैन यूनिवर्सिटी, एआईएमएस यूनिवर्सिटी और कई अन्य प्रतिष्ठित संस्थान। इस कार्यक्रम में रांची के कई स्कूलों ने भाग लिया।

## हटिया जन्माष्टमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने इंदरजीत सिंह

**रांची :** हटिया जन्माष्टमी पूजा की वार्षिक बैठक हटिया रेलवे कॉलोनी में सोमवार को हुई। बैठक में शामिल हटिया के जन्माष्टमी पूजा समिति की टीम, दुर्गा पूजा समिति, गणेश पूजा समिति, राम मंदिर कमिटी, रामनवमी पूजा समिति, महिला समिति की टीमें सर्वसम्मति से पुरानी समिति को भंग करते हुए नई समिति का गठन किया। इसमें फिर से इंदरजीत सिंह को अध्यक्ष चुना गया। नई समिति में मुख्य संयोजक आरएन यादव, सीके सिंह, अरुण सिंह, मुख्य संरक्षक नंदन यादव, संरक्षक संजू चौबे, नित्यालाल कुमार,अवधेश सिंह, मनोज राय, अलख निरंजन शर्मा, अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, सचिव चंदन यादव सहित अन्य को मनोनीत किया गया है।

# बोकारो स्टील प्लांट विभिन्न मसलों का समाधान समन्वय बनाकर करें : मुख्य सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि बोकारो स्टील प्लांट विभिन्न मसलों का समाधान समन्वय बनाकर करें। इसके लिए लगातार पारदर्शी संवाद कायम करें। इस प्रक्रिया में स्थानीय लोगों की भावनाओं का भी ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि स्टील पॉलिसी के तहत सेल की विभिन्न इकाइयों में कई विकासात्मक कार्य हो रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि बोकारो के लोग यह नहीं महसूस करें कि वे इसमें पीछे छूट रहे हैं। इसके लिए जरूरी है कि हम स्थानीय निवासियों की फीलिंग को समझें। उनके मनोविज्ञान को पढ़ें और मानवीय आधार पर सकारात्मक ढंग से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि सेल जिन युवाओं को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित करता है, उन्हें रोजगार के अवसर मुहैय्या कराने पर भी फोकस करे। साथ ही स्थानीय समस्याओं का समाधान लोकल स्तर पर समन्वय बनाकर करने को कहा। वह सोमवार को सेल के चेयरमैन और उनकी टीम, संबंधित विभागों के सचिव और बोकारो जिला प्रशासन के साथ बोकारो स्टील सिटी के विविध मसलों को लेकर आहूत बैठक में बोल रहीं थीं।




बैठक के दौरान विस्थापितों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस मसले का हल समन्वित प्रयास से करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए जवाबदेही के साथ आपसी विश्वास और सौहार्द विकसित करने पर बल दिया गया। मुख्य सचिव ने इसके लिए सक्षम समन्वित योजना और समयबद्ध समाधान की दिशा में आगे बढ़ने का निर्देश दिया। पुनर्वास से वंचित 20 गांवों के पुनर्गठन पर भी चर्चा हुई। इस मामले में बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा का कहना था कि जिला पंचायती राज विभाग ने चास ब्लॉक के 9 पंचायतों के पुनर्गठन का प्रस्ताव दिया है, ताकि वहां के निवासियों के कुछ मूलभूत अधिकार कायम हो सके, लेकिन सेल इसके लिए तैयार नहीं हो रहा है। सेल के चेयरमैन अमरेंद्र प्रकाश ने कहा कि हमारी मंशा किसी को उजाड़ने की नहीं है। बोकारो स्टील सिटी का भविष्य में जिस अधिग्रहित जमीन पर विस्तार की कोई गुंजाइश नहीं है, उस जमीन पर प्रशासन सरकारी मकान बनाकर लोगों को बसाये। मुख्य सचिव ने बोकारो के उपायुक्त को इस पर आगे बढ़ने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान बोकारो स्टील सिटी द्वारा अप्रयुक्त 756.94 एकड़ वन भूमि को वन विभाग को लौटाने को लेकर भी चर्चा हुई। सेल उक्त भूमि को लौटाने की सहमति दे चुका है, लेकिन अभी तक इसका क्रियान्वयन नहीं हुआ है।

## एक नजर

### आजसू पार्टी ने डॉ रीना को पार्टी से किया निष्कासित

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश और पश्चिमी सिंहभूम जिला समिति की अनुसंशा पर डॉ रीना गॉडसोरा को पार्टी से निष्कासित करते हुए उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से हटा दिया गया है। यह कार्रवाई पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष मो हसन अंसारी ने सोमवार को की है।

### जनहित के मुद्दों को उठाना सरकार से नाराजगी नहीं : कमलेश

**रांची :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 25 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस ओबीसी विभाग की ओर से भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में झारखंड से भी सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। कमलेश सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन और मंत्रियों के बारे में भ्रामक समाचार प्रचारित प्रसारित करने की कोशिश की जा रही है। कमलेश ने कहा कि जनहित के मुद्दों को उठाना सरकार से नाराजगी नहीं बल्कि जनता की आवाज है। कमलेश ने कहा कि विगत दिनों ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के पुत्र कृष अंसारी, विधायक राजेश कच्छप को लेकर विधायिका और कार्यपालिका के बीच भ्रांतियां फैलाने की कोशिश की गई। वहीं उन्होंने एचईसी की जमीन के मामले में कहा कि इस मामले में सरकार कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार पूरी तरह से एकजुट है और एक मजबूत गठबंधन के साथ हम सरकार चला रहे हैं। गठबंधन का नेतृत्व युवा मुख्यमंत्री कर रहे हैं। कैबिनेट पूरी तरह जनहित की कार्य योजनाओं को धरातल पर उतारने में लगी है। वहीं उन्होंने एचईसी की जमीन के मामले में कहा कि इस मामले में सरकार कार्रवाई करेगी। इसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है। मौके पर उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 83 वें जन्मदिवस पर प्रदेश कांग्रेस की ओर से बधाई दी। मौके पर कांग्रेस कमेटी के सचिव सह झारखंड प्रभारी डॉ सीरीबेला प्रसाद, विधायक राजेश कच्छप, हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक सहित अन्य मौजूद थे।

### संत मार्गरिट की स्मृति में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन

**रांची :** बहुबाजार स्थित संत मार्गरेट यूपी कन्या पाठशाला में सोमवार को संत मार्गरेट की स्मृति में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा से समां बांध दिया और दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ केजी वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत प्रभु संसार में आया.. से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिभाव से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की पूर्व छात्रा डेजी होरो रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में रेव. विकास पादरी, रेव. ग्लोरिया डहंगा, स्कूल की प्राचार्य एडित लकड़ा, सीएनआई चर्च से मंजुलिका तिर्की, प्रदीप कुजूर, एन. मरांडी एवं सुदर्शन हेमरोम उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डेजी होरो ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि संत मार्गरेट सत्य, प्रेम और पवित्रता की प्रतिमूर्ति थीं। उनका जीवन इन मूल्यों का जीवंत उदाहरण था, जिन्हें हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के दक्षिण-पूर्वी जिलों में 24 को भारी बारिश की आशंका



**रांची :** राज्य के दक्षिण पूर्वी जिलों में 24 जुलाई को भारी बारिश होने की आशंका है। राज्य के जिन जिलों में बहुत भारी बारिश होने की आशंका है। उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, देवघर, दुमका, गिरीडीह गोड्डा, जामताड़ा गोड्डा पाकुड़ और साहिबगंज शामिल हैं। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं विभाग की ओर से राजकीय दक्षिण- पश्चिमी और उत्तर पूर्वी जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की आशंका है। इसके अलावा इन इलाकों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी आशंका है। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 25 जुलाई को भी मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में बहुत भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है। इसे लेकर भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रामगढ़ के डीवीसी में 64.5 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। वहीं सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे और उमस की स्थिति रही। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 30 डिग्री, जमशेदपुर में 32.8, डालटेनगंज में 31.6, बोकारो में 31.5 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### कामदा एकादशी पर श्याम मंदिर में हुआ भव्य श्रृंगार




**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज कामदा एकादशी के विशेष दिन के अवसर पर सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लग गई। प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती 8:30 बजे में भक्तगण अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है । 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर के विश्राम के बाद मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य मे बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रंगार किया गया । कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब पीला गुलाब रजनीगंधा तुलसीदल लाल गेंदा पीला गेंदा जिप्सी हरा कामनी पता जूही फूल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम को अद्भुत रूप से सजाया गया। मंदिर के सभी विग्रह एवं तैल चित्रों को भी फूलों के गजरे से सजाया गया। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। अमरनाथ दता अपूर्व दता भार्गव आराध्या दता ने खाटूनरेश की दिव्य अखंड ज्योति प्रज्वलित कर अखंड ज्योति में फल पेड़ा मेवा रबड़ी एवं मगहीपान अर्पित कर बाबा के आगे अपनी अर्जी लगाई।

### मानसून सत्र में उठे आदिवासी मुद्दे, सरना धर्म कोड और भाषाओं की मान्यता की मांग तेज

**रांची :** झारखंड में आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच ने आगामी संसद के मॉनसून सत्र (21 जुलाई से 21 अगस्त 2025) के दौरान आदिवासी समुदायों से जुड़े प्रमुख मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने की मांग की है। मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि भाजपा, कांग्रेस और झामुमो के झारखंडी सांसद सरना धर्म कोड और आदिवासी भाषाओं को 8वीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग को संसद में नहीं उठाते हैं, तो उनका क्षेत्रीय बहिष्कार किया जाएगा। श्री नायक ने कहा कि झारखंड के आदिवासी-मूलवासी समुदाय वर्षों से अपने धार्मिक और भाषाई अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरना धर्म कोड की मान्यता, और नागपुरी, मुंडारी, कुड़ुख व हो भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करना न केवल सांस्कृतिक न्याय है, बल्कि आदिवासी अस्मिता की रक्षा भी है। केंद्र सरकार सरना धर्म को अलग धर्म कोड के रूप में मान्यता दे, जिससे आदिवासी समुदाय की धार्मिक पहचान को संवैधानिक संरक्षण मिल सके। नागपुरी, मुंडारी, हो और कुड़ुख भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए, जिससे इन भाषाओं का संरक्षण, प्रचार और शैक्षिक उपयोग बढ़ सके। डिजिटल युग में इन भाषाओं को जीवित रखने के लिए ऑनलाइन शिक्षण सामग्री, साहित्य प्रकाशन और तकनीकी उपकरणों का विकास अनिवार्य है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से जूझ रहे आदिवासी समुदायों के लिए विशेष कोष बनाया जाए, जो टिकाऊ कृषि, जल संरक्षण और वन पुनर्जनन को बढ़ावा दे। विस्थापन, भूमि अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों पर ठोस नीति निर्माण के लिए संसद में समर्पित बहस की मांग। श्री नायक ने कहा कि यह समय है जब झारखंड के सभी सांसद चाहे वे सत्तापक्ष से हों या विपक्ष से एकजुट होकर आदिवासी हितों की रक्षा के लिए संसद में आवाज उठाएं। यह केवल एक राजनीतिक मांग नहीं, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का ऐतिहासिक अवसर है।

### एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक न हो : के रवि कुमार



**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि राज्य में मतदान केंद्रों के नजरी-नक्शा बनाने एवं जियो फेंसिंग करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान यह भी सुनिश्चित करना है कि मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए दो किलोमीटर से कम की दूरी तय करनी हो साथ ही एक मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के उप जिल निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मतदान केंद्र के विखंडन के दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि एक परिवार या एक टोले के मतदाताओं को अलग अलग मतदान केंद्र पर जाना न पड़े। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि निर्वाचन कार्य से जुड़े ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ की रिक्तियों को शीघ्र ही पूर्ण कर लें इसके साथ ही बीएलओ नियुक्त करते समय इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि चयनित बीएलओ उसी मतदान केंद्र के मतदाता हों। उन्होंने कहा कि भारत के मतदाता होने के लिए तीन अर्हता निर्धारित किए गए है जिसमें भारत का नागरिक होना, 18 वर्ष की आयु होना एवं देश के किसी भी क्षेत्र का सामान्य निवासी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कोई भी योग्य मतदाता छूटे न और कोई भी अवैध व्यक्ति मतदाता सूची में न जुड़े। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ज्ञान वाटिका लाइब्रेरी का हुआ उद्घाटन छात्रों को मिलेगी शांति व सुविधा




**तिलैया (कोडरमा):** पानी टंकी रोड जैन मोहल्ला स्थित ज्ञान वाटिका लाइब्रेरी का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार इंद्रदेव पांडे के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। यह अत्याधुनिक लाइब्रेरी पूरी तरह वातानुकूलित है, जिसमें विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल, तेज गति वाला वाई-फाई इंटरनेट तथा सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उद्घाटन समारोह में शिक्षा, समाज और पत्रकारिता जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौके पर संतोष बरनवाल, बुल्लू मोदी, धीरज कुमार, राजेंद्र पंडित, पप्पू दास, राजेश पाण्डेय, संजीव कुमार, मनीष जैन, कमल जैन, सिद्धू जैन, मुकेश जैन, राजू जैन, शाहिद के अलावा पायनियर स्पोकन के डायरेक्टर दिनेश कुमार, आकाश विथ इंग्लिश के शिक्षक आकाश कुमार और आरो फिजिक्स क्लासेस के विजय कुमार की भी विशेष उपस्थिति रही।सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ज्ञान वाटिका लाइब्रेरी न केवल छात्रों को अध्ययन हेतु एक शांत और सुव्यवस्थित वातावरण देगी, बल्कि वाई-फाई जैसी आधुनिक सुविधाएं और सीसीटीवी निगरानी जैसी सुरक्षा व्यवस्था इसे और भी प्रभावशाली बनाती हैं। युवाओं में लाइब्रेरी को लेकर उत्साह देखने को मिला और इसे शिक्षा क्षेत्र के लिए एक प्रेरक कदम बताया।

### जैन पब्लिक स्कूल का 45 वॉ स्थापना दिवस हर्षोल्लास से साथ मनाया गया

**बोकारो :** जैन पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। सेक्टर 2 स्थित तेरापंथ भवन में जैन पब्लिक स्कूल का 45 वॉ स्थापना दिवस हर्षोल्लास से साथ मनाया। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने सभी आगुंतकों का स्वागत करते हुए कहा कि आज स्कूल के पूरे वर्ष की उपलब्धियों और छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर है।बैद ने कहा कि छात्रों के सार्वजनिक प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास एवं मनोबल बढ़ता है। दीप प्रज्वलन एवं नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी मदनलाल डागा ने कहा कि आज के कार्यक्रम से छात्रों में टीम भावना एवं आपस में सहयोग की भावना विकसित होगी।

# चेचका धाम पर उमड़ पड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चास प्रखण्ड के पोराणिक चेचका धाम पर सावन के दसरी सोमवार व बंगला मत से प्रथम सोमवार को कुम्हरी, डुमरदा व आसपास के दर्जनों गाँव से सैकड़ों महिला पुरुष व बच्चों श्रदालु की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रदालु दामोदर नदी में स्नान कर कोई कांवर से तो लोटा में जल भर कर बोल बम का नारा लगाते हुए चेचका धाम पर पहुंचे तथा जलाभिषेक कर पुजा अर्चना किया। बोल बम से चेचका धाम गुंज उठा। मंदिर के पुजारी विजय उपाध्याय, सदानंद उपाध्य किशोर उपाध्याय, दिलीप पाठक ,सुधीर पाठक, अंकिम सरखेल, मनातु सर्रखेल, विजय उपाध्याय उर्फ बुलबुल,



नारायण तिवारी, सनातन गोस्वामी विष्णु गोस्वामी, कीर्ति चंद उपाध्याय जेपी उपाध्याय सुशील तिवारी बाबा मृत्युंजय तिवारी, उज्जवल तिवारी ने श्रदालु को संकल्प कर पुजा अर्चना करया। चेचका धाम परिसर पर स्थित माता पार्वती मंदिर, राधा कृष्ण, शनि देव, नंदनी, कालभैरव, माँ शीतला,माता दुर्गा देवी मंदिरों में भी श्रदालु ने पुजा अर्चना किया गया। प्रसाद का भी वितरण हुआ इस अवसर पर चेचका धाम विकास समिति के पदाधिकारी व सदस्य गण व ग्रामीण उपस्थित थे। सांसद की पत्नी ने माथा टेकाः धनबाद संसद ढुलु महतो की पत्नी सावित्री देवी ने सोमवार को चेचका धाम पहुँच कर पुजा अर्चना किया। उनहोंने क्षेत्र के जनता के लिए मंगल कामना, सुखशांति समृद्धि का आशीर्वाद मांगे। जनता की मांग पर उनहोंने कहा कि चेचका धाम की विकास को लेकर सांसद को अवगत करायेगें व विकास का कार्य हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर चेचका धाम विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष सागर दत्ता, सपन दत्ता ,बिजुलिया मंडल अध्यक्ष बबलू चौबे, परमेश्वरदास वैष्णव व भाजपा कार्यकर्ता आद लोग उपस्थित थे।

## डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल में मना सावन महोत्सव




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 रानी पोखर में सोमवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल की सभी शिक्षिका ने एक समान हरा रंग की साड़ी पहनकर शामिल हुई। इस अवसर पर उपस्थित सभी महिला शिक्षिका के बीच में विभिन्न खेल प्रतियोगिता व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिला शिक्षकों ने मेंहदी लगाओं प्रतियोगिता व क्विज प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। सावन महोत्सव के अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं ने संगीत की धुन पर समूह नृत्य किया 'जिसके कारण स्कूल का पूरा माहौल सावनमय हो गया। स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने इस अवसर पर उपस्थित सभी महिला शिक्षकों को सावन महोत्सव की बधाई दी। मौके पर शिक्षिका विभा रानी, सरिता सिन्हा, गीता सिंह, सुधा सिन्हा, संगीता कुमारी, ज्योति कुमारी, आरती कुमारी ,निशा भारती, अनमोल ,बबीता प्रकाश, ममता, किरण ,बीना कुमारी, उषा, आशु ,साक्षी, माधुरी, अनु, राखी, वीणा कुमारी, खुशबू कुमारी, पूजा कुमारी, निशा भारती आदि शामिल रहे।

## सेक्टर-4 सर्कस मैदान में यूरोपियन सिटी कार्निवल मेले का भव्य शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर-4 स्थित सर्कस मैदान में रविवार को यूरोपियन सिटी कार्निवल मेले का रंगारंग आगाज हुआ। मेले का उद्घाटन यूनियन नेता संग्राम सिंह ने किया। उद्घाटन के साथ ही मेला शहरवासियों के लिए मनोरंजन, खरीदारी और पारिवारिक समय बिताने का प्रमुख केंद्र बन गया है। पहले ही दिन मेला देखने शहर और जिले के कोने-कोने से भारी संख्या में लोग पहुँचे। बच्चों के लिए ड्रैगन ट्रेन, बंपर कार, ट्रैम्पोलिन और अन्य झूले लगाए गए हैं, जो उनके बीच विशेष उत्साह का कारण बने। महिलाओं और युवाओं के लिए कपड़े, घरेलू सामान, फैशन एक्सेसरीज और खाने-पीने के दर्जनों स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सेल्फी जोन और रंग-बिरंगे सजावटी स्टॉल्स युवाओं की पहली



पसंद बन चुके हैं। इस बार मेले की सबसे बड़ी खासियत सिंगापुर एयरलाइंस के विशाल मॉडल और जीवंत जलपरी प्रदर्शन है, जिसने बच्चों और बड़ों दोनों को हैरत में डाल दिया। लोग बड़ी संख्या में इस विशेष आकर्षण को देखने उमड़ रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि आजकल के डिजिटल युग में बच्चे से लेकर बड़े तक मोबाइल और सोशल मीडिया में इतने व्यस्त हो गए हैं कि पारिवारिक समय दुर्लभ हो गया है। यह मेला न सिर्फ मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि परिवारों को एक साथ लाने और सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने का भी प्रयास है। संग्राम सिंह ने कहा कि इस तरह के मेलों का आयोजन हर वर्ष होना चाहिए ताकि समाज में मेलजोल, आनंद और पारिवारिक जुड़ाव को बढ़ावा मिले। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के लिए यह एक सुरक्षित और आनंददायक अनुभव है।

## थाना क्षेत्र के रास्ते से अवैध शराब की परिवहन करने वाले तीन व्यक्ति गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** रात्रि में पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि डोमचांच थाना के रास्ते वाहन में चोरी छिपे अवैध शराब को बिहार कि ओर व्यापार के लिए परिवहन किया जा रहा है । उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पु0अ0नि0 ओमप्रकाश कुमार, थाना प्रभारी डोमचांच के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया । गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए डोमचांच थाना क्षेत्रान्तर्गत महेशपुर चौक के पास सघंन वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में एक स्विफट वाहन को रूकने का इशारा किया गया, परन्तु वाहन चालक पुलिस चेकिंग को देख वाहन खडा कर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे पुलिस के द्वारा पकड लिया गया ।स्विफट वाहन को जाँच करने पर वाहन के सीट के नीचे बनाया गया चदरे के बाक्स में करीब 58 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब एंव बीयर जिसकी कीमत लगभग 20000/- रुपए को बरामद किया गया तथा अवैध अंग्रेजी शराब के परिवहन करने वाले तीन अभिुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में डोमचांच थाना कांड संख्या-59/25 दिनांक- 20.07.2025 धारा- 274/275/3(5) बी0एन0एस0 एवं 47(ए) Excise दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई किया जा रहा है ।

**गिरफ्तारी:-**

सोनु कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता- दिनेश साव, सा0- गोविंदपुर, थाना- गोविंदपुर, जिला- नवादा । शन्नी कुमार, उम्र 23 वर्ष, पिता- सुरेन्द्र प्रसाद यादव, सा+पो0 विशुनपुर, थाना- गोविंदपुर, जिला- नवादा बिहार। संदीप कुमार, उम्र 24 वर्ष, पिता- चलितर महतो, सा0- मुशौला, थाना- मोहनपुर, जिला- गया।

## प्रकाश रजक ने स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर ग्रामीण इलाज व्यवस्था सुधारने की उठाई मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** गांव की जनता को बेहतर इलाज मिले, इसी मकसद से कांग्रेस नेता प्रकाश रजक ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से रांची कांग्रेस भवन में हुए जनता दरबार मे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक आवेदन सौंपा और कहा कि अब वक्त आ गया है कि गांवों की तस्वीर बदले। प्रकाश रजक ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में इलाज की कमी से लोग परेशान हैं। न डॉक्टर हैं, न दवाइयां, और न ही एंबुलेंस की सुविधा। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रकाश रजक ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिलकर आवेदन सौंपाते हुए आग्रह किया कि गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सशक्त किया जाए और हर गांव तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई



जाएं। गांव के लोग आज भी छोटी-मोटी बीमारियों में भी शहर भागते हैं। इलाज के अभाव में कई बार जान तक चली जाती है। हमने मंत्री जी से निवेदन किया है कि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। जिसपर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया जाएगा साथ ही हर गांव में डॉक्टर और जरूरी दवाएं उपलब्ध हों, ये हमारी प्राथमिकता है।

## प्रभात कॉलोनी में संदिग्ध हालात में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सोमवार को चास थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रभात कॉलोनी में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान विनय कुमार (उम्र लगभग 45 वर्ष) के रूप में हुई है, जो तारानगर के शिव मंदिर के पास का निवासी था। बताया जा रहा है कि वह बीएसएल में ठेका मजदूरी करता था और पिछले कुछ समय से उसी क्षेत्र में कार्यरत था। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह करीब 10 बजे कुछ लोगों ने विनय को कॉलोनी के पास गिरा हुआ देखा। पहले पहल लोगों को लगा कि वह नशे की हालत में हैं और वहीं लेटे हुए हैं। इसी भ्रम में उसे बिना छेड़े लोग अपने-अपने काम में लग गए। लोगों को उम्मीद थी कि जब नशा उतर जाएगा तो वह खुद उठकर अपने घर चला जाएगा। हालांकि जब दोपहर के लगभग 3 बजे के आसपास कुछ स्थानीय लोगों ने दोबारा उसे देखा और पास जाकर जांच की, तो पाया कि उसकी सांसें नहीं चल रही थीं। तुरंत इसकी सूचना चास थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच जारी है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस इसे संदिग्ध मान रही है और विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# विधायक ने नगर विकास की योजनाओं को लेकर की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** सोमवार को स्थानीय विधायक व राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने कोडरमा और डोमचांच के प्रशासक तथा विभाग के अन्य अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। विकास योजनाओं में अनियमितता, जरूरी योजनाओं की जगह गैर जरूरी योजनाओं के चयन के साथ ही स्थल का गलत चयन, गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने के मामलों में उन्होंने नगर पंचायत के प्रशासक की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया और कहा कि बिना शिलान्यास कराए योजनाओं का कार्य कराना उनकी मनमर्जी को दशार्ता है। बैठक में मौजूद उपायुक्त ऋतुराज ने प्रशासक को निर्देश दिया कि जितनी भी योजनाएं हैं सभी का शिलान्यास कराना सुनिश्चित करें। बैठक में विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा में पहले भी स्ट्रीट लाइट लगा था, खराब होने पर ठीक




नहीं कराया गया और बाजार से अत्यधिक दर पर फिर स्ट्रीट लाइट लगवाया गया। जो लाईट जेम पोर्टल या ऑन लाइन 12 सौ से 24 सौ में उपलब्ध है, वह 6 हजार से अधिक की दर पर खरीदा गया। वहीं 36 सौ से 6 हजार तक में उपलब्ध सीमेंट का बेंच लगभग 14 हजार में खरीद कर वित्तीय अनियमितता और राशि की बंदरबांट की गई। इसी तरह स्प्रिंग पोस्ट और अन्य योजनाओं में भी गड़बड़ी की गई है। उन्होंने उपायुक्त से वर्तमान प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा के कार्यकाल में हुए सभी कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराने को कहा। उपायुक्त ऋतुराज ने बताया कि इस बात एसडीओ की अध्यक्षता में जांच टीम का गठन कर दिया गया है। वहीं विधायक ने कोडरमा में एक करोड़ 27 लाख की लागत से बन रहे जॉगर्स पार्क के स्थल को भी असुरक्षित बताते हुए बड़ी राशि के अपव्यय की बात कही। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों एवं विधायक व सांसद से योजनाओं के बाबत कभी राय नहीं ली गयी। कोडरमा में बिजली आफिस के बगल मुहल्ला में नाली के साथ पीसीसी का निर्माण होना था, कई सालों से लोग इसकी मांग कर रहे हैं। इस मुहल्ला के साथ ही विवेकानंद कालोनी में लोगों के घरों में बारिश और नाली का पानी चला जाता है, पर इसे जरूरी नहीं समझा गया। डोमचांच नगर पंचायत की भी यही स्थिति है। गैर जरूरी आई लव कोडरमा और डोमचांच के नाम पर सेल्फी प्लाईंट बनवाकर 10-10 लाख रुपए खर्च कर दिए गए। झुमरीतिलैया में जाम से छुटकारा और ठेला व सब्जी विक्रेताओं को स्थाई जगह उपलब्ध कराने का भी विधायक ने प्रशासक अंकित कुमार को निर्देश दिया। साथ ही कहा कि विशुनपुर आश्रम रोड का शिलान्यास नहीं करवा कर काम चालू करवा दिया गया, निर्माण हाल में हुआ है पर सडक की स्थिति कम दिनों में खराब होने लगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री से कोडरमा झामुमो प्रतिनिधिमंडल की भेंट, दिशोम गुरु के स्वास्थ्य की कामना



**कोडरमा :** कोडरमा झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता दिल्ली में झारखंड के लोकप्रिय यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन का स्वास्थ्य संबंधी हाल-चाल जानकर ईश्वर से बेहतर स्वास्थ्य की कामना की है, इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष कई जनहित मुद्दों को रखा जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द निराकरण करने का भरोसा दिया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य संजय पांडेय बुद्धिजीवी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शशिकांत पांडेय, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, प्रकाश यादव व्यवसाय मोर्चा जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, जिला संगठन सचिव अब्दुल कुदूस, प्रकाश यादव इत्यादि शामिल थे।

### कीचड़मय सड़क से ग्रामीणों हो रही परेशानी



**मरकच्चो :** बरियारडीह मरकच्चो पी डब्लु डी मुख्य मार्ग में ग्राम दरदाही में किशुन राणा के घर से पारडीह टोला तक जाने वाली सड़क इन दिनों काफी कीचड़मय हो गया है। जिससे राहगीरों व स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ ररहा है।उक्त टोला से दरदाही बाजार, स्कूल,अस्पताल जाने में आमजनों को काफी दिक्कत हो रही है। उक्त सड़क में कीचड़ की वजह से कई दो पहिया वाहन फिसल कर दुर्घटना ग्रस्त हो रही है। रास्ता दलदल में तब्दील हो गया है।युक्त सड़क पर पैदल चलना भी मुशिकल हो गया है। स्थानीय ग्रामीण विजय राणा, अख्तर खान, मंजूर खान, समसुल मियां ,युसूफ मियां ,सहदेव राणा, बलदेव राणा ,ननकू राणा, भिखारी राणा, अजीत मियां ,अख्तर मियां ,स्माइल मियां, धनेश्वर ठाकुर समेत कई ग्रामीणों ने उक्त सड़क को प्रखंड प्रशासन से अभिलंब चलने लायक बनाने की मांग की है।

### कोडरमा जिला अंतर्गत सभी अंचलों में विशेष राजस्व कैंप का हुआ आयोजन




**कोडरमा:** उपायुक्त कोडरमा ऋतुराज के निदेर्शानुसार कोडरमा जिला अंतर्गत सभी अंचलों में दिनांक 19 जुलाई, 21 जुलाई एवं 22 जुलाई 2025 को विशेष राजस्व कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दूसरा दिन भी कोडरमा जिला अंतर्गत सभी अंचलों में विशेष राजस्व कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 30 दिनों से अधिक समय से लंबित आपत्ति सहित एवं आपत्ति रहित दाखिल-खारिज मामलों का निष्पादन किया गया। यह कैम्प दाखिल-खारिज, निबंधन, भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग से संबंधित अन्य लंबित मामलों के निष्पादन हेतु जनहित में आयोजित किया जा रहा है। दिनांक 22 जुलाई 2025 को भी सभी अंचलों में कैंप का आयोजन किया जायेगा। जिलेवासियों से अपील की है कि वे शिविर में उपस्थित होकर अपने राजस्व संबंधित मामलों का समाधान कराएं।

### कैराली स्प्रिंगडल स्कूल में कराटे बेल्ट ग्रेडिंग संपन्न



**बोकारो :** कैराली स्प्रिंगडल स्कूल में सोमवार को कराटे का बेल्ट ग्रेडिंग प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कराटे खेल का बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के कुल 80 छात्र छात्राओं को विभिन्न कलर का उनके बेहतर प्रदर्शन के आधार पर कराटे बेल्ट प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कैराली स्प्रिंगडल स्कूल के अध्यक्ष शशि करात ने सभी विजय खिलाड़ियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के आधार पर बेल्ट प्रदान किया। मौके पर कराटे के मुख्य कोच खेदु गोरांइ समेत सहायक कोच पूजा कुमारी, गगन साहु व अभिषेक कुमार समेत अन्य शिक्षक शामिल रहे। उन्होंने कहा कराटे आत्म सुरक्षा के लिए सबसे अच्छा मार्शल आर्ट है। ऑरेंज बेल्ट पाने वाले छात्रों में अक्षत कुमार राज, एलीना सारा ,स्वेच्छा महतो, सृष्टि महतो, वरुण कुमार महतो, आर्यन कुमार, अंशिका कुमारी, संचिता सिंह, शक्ति कुमार,अद्या सिंह, साक्षी कुमारी, संध्या कुमारी,डॉली गोस्वामी,आकृति कुमारी, दीपशिखा,अनिकेत मजूमदार व अवनी सिंह ने सर्वाधिक 98% स्कोर करने पर इशी बरनवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### दूंदीबाग इलाके में गाय चोरी का तांडव 200 से ज्यादा गायों की चोरी

**बोकारो :** बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र के दूंदीबाग इलाके में लगातार हो रही गाय और भैंसों की चोरी से खटाल संचालकों का सब्र टूट गया है। बीते कुछ समय में इलाके में करीब 200 से ज्यादा गायों की चोरी होने का आरोप है। हाल की घटना में, गाय चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें दूध व्यवसायियों के खटाल से रात के अंधेरे में तीन आरोपी चोरी करते हुए नजर आए। फुटेज के आधार पर पीड़ित खटाल वाले खुद जांच में जुटे और जब पुलिस द्वारा कोई कड़ा एक्शन नहीं लिया गया, तो उन्होंने अपने स्तर पर आरोपियों की खोज शुरू की। सूचना मिलने पर खटालवाले एकत्र होकर बारी कोऑपरेटिव पुल के नीचे पहुंचे, जहां चोरी की गई गाय और भैंसें एक अन्य खटाल संचालक के यहां मिलीं। दोनों पक्षों में समझौते की कोशिश हुई, लेकिन जब आरोपियों ने गाय वापस करने में आनाकानी की और कहा कि 'गाय कट चुकी है', तब गुस्साए दूंदीबाग के पटना खटाल के लोगों ने आरोपियों के खटाल में धावा बोल दिया, सारे मवेशियों को कब्जे में लेकर उन्हें पेड़ से बांध दिया।

एक नजर

## पूर्व थाना प्रभारी के विदाई में सम्मान समारोह आयोजित



**मुरी :** मुरी थाना के पूर्व थाना प्रभारी कुंदन कुमार के विदाई में थाना परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस सम्मान समारोह में नव पदस्थापित थाना प्रभारी गगन कुमार ठाकुर ने पूर्व थाना प्रभारी को माला पहनकर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने उपस्थित लोगों के बीच अपने कार्यकाल में किए गए क्रियाकलापों को रखा तथा कहा कि मोरी थाना क्षेत्र के लोगों से हमें भरपूर सहयोग मिला जिससे हमें विधि व्यवस्था कायम रखने में भरपूर सहयोग मिला। थाना क्षेत्र के लोगों से एक भावनात्मक लगाव जुड़ गया है जो हमेशा दिल में रहेगा। मौके पर सहायक अवर निरीक्षक मुन्ना सिंह, आशीष रंजन,रघुनंदन मंडल, हवलदार अजीत प्रसाद, पीसीआर के संजीव कुमार, कमलेश सिंह,मुंशी रितेश वर्मा, चालक अजय लोहरा, मोनिका देवी,सरिता देवी समेत थाना के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## बाइक सवार हुए गंभीर रूप से घायल बेहतर इलाज के लिए किया गया रेफर

**मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गढ़गांव निवासी युवक सुषेण करमाली उम्र लगभग 18 वर्ष जोन्हा फॉल जाने के क्रम में बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाम के समीप पुल के पास एक ही बाइक पर बैठे तीनो सवारी असंतुलित होकर गिर पड़े जिसमें से एक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली में करने के बाद सिंगपुर नर्सिंग होम बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।

## दूसरी सोमवारी को शिवालयों में जल चढ़ाने को लेकर भक्तों की उमड़ी भीड़

**सिल्ली :** मुरी सिल्ली एवं आस पास के क्षेत्रों में सावन महीना की दूसरी सोमवारी को शिवालयों में जल चढ़ाने को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं महिला एवं पुरुष सुबह स्नान कर फूल, बेलपत्र, दूध, दही प्रसाद इत्यादि लेकर शिवालय में पहुंच कर भगवान शिव को जल चढ़ाया एवं फूल,बेलपत्र,दूध,दही शहद चढ़ाकर अपना मनोकामना मांगते हुए सुखमय जीवन का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव,जय भोलेनाथ इत्यादि के नारों से क्षेत्र पूरी तरह से भक्तिमय हो गया।

# कांग्रेस का लक्ष्य गांव, टोला, बूथ स्तर तक पार्टी के संगठन को मजबूत करना : डॉ.सिरीवेला प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कार्मल स्कूल चौक स्थित पैराडाइज बैक्वेट हॉल में सोमवार को संगठन सृजन 2025 के तहत पहला सत्र में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा दुसरे सत्र में नगर निकाय चुनाव समिक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । इसमें उत्तरी छोटानागपुर के हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा जिलों के जिला अध्यक्ष, प्रखंड व नगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री तथा कई प्रदेश स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए । आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र




कुमार यादव ने की । संगठन को मजबूत करने की दिशा में राजनीतिक प्रशिक्षण देते हुए मुख्य अतिथि उप प्रभारी डॉ.सिरीवेला प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस की विचार धारा जन-जन तक पहुंचाना एंव आगामी चुनाव में कार्यकताओं की प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करना है । उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नही बल्कि कांग्रेस पार्टी के पुनर्गठन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। कांग्रेस का लक्ष्य हर गांव हर टोला और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना है । विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड की धरती पर पुनर्जागरण का दौर शुरू हो चुका है। हम केवल संगठन खड़ा नही कर रहें है बल्कि हम उम्मीद और बदलाव के नीव रख रहें हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता को नेतृत्व करने की क्षमता से लेस किया जा रहा है ताकि आने वाले समय में बूथ से लेकर विधानमंडल तक फिर से खड़ी हो सके। पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि ये अभियान मात्र एक संगठनात्मक प्रक्रिया नही बल्कि कांग्रेस की जड़ों को गांव, पंचायत और हर घर तक मजबूती का एक संकल्प है। कांग्रेस की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं, और उनहे संगठित कर अनुशासित कर और सशक्त कर हम एक मजबूत विकल्प दे सकते हैं । पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि आज देश की राजनीति में लोकतांत्रिक मुल्यों को जिस तरह से अनदेखी की जा रही है, एसे समय में कांग्रेस की भूमिका और जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है ।पार्टी के कार्यकर्ता प्रेरणा से नही बल्कि प्रशिक्षित रननीति को आगे बढ़ाना है ।कार्यक्रम का संचालन रामगढ़ अध्यक्ष मुन्ना पासवान व चतरा अध्यक्ष प्रमोद दुबे तथा धन्यवाद ज्ञापन कोडरमा अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### केसवारी में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया



**सरिया :** स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के तहत स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत आज केशवारी +2 उच्च बिद्यालय मे स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें सरिया BDO ललित नारायण तिवारी भी शामिल हुए। सर के द्वारा बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताया गया जिसमें बताया गया कि सभी घरों में शौचालय बने हैं जिनका प्रयोग सभी को करना है। शौच के बाद हाथ साबुन से धोना है एवं खाना खाने से पहले साबुन से हाँथ धोना है तथा सिंगल ४री प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करना है। उसके जगह कपड़े का थैला का प्रयोग करना चाहिए तथा खुले में गंदगी नहीं करना चाहिए और घर का कचरा का उचित एवं सही निपटान करना चाहिए। ठोस एवं तरल कचरा का भी सही निपटान होना चाहिए तभी हम लोग स्वच्छ और सुंदर गांव सुंदर प्रखंड बना सकते हैं। वहीं सभी को स्वछ सर्वेक्षण ग्रामीण फीडबैक का हिस्सा बनना चाहिए तथा सभी को अपना-अपना फीडबैक देना चाहिए। जिसमें सभी को गूगल प्ले स्टोर में जाना है तथा वहां से 2025 लिखकर ऐप डाउनलोड करना है डाउनलोड के बाद उसमें मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी डालकर और सबमिट करना है फिर भाषा चयन करना है और नीचे अपना फीडबैक देना और फिर सबमिट कर देना है। और एक दूसरे को भी इसके विषय में फीडबैक के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम मे बी डी ओ श्री ललित नरायण तिवारी बी पी आर ओ संजय वर्णवाल ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमित कुमार वर्मा, प्रधानाध्यापक विंध्याचल ओझा अन्य शिक्षक गण एवं जल सहिया हेमंती देवी नूरजहां प्रवीण. फरजाना खातून. रीना देवी खुर्शीद सादिक. सफीउलाह एवं अन्य स्माइल हुए।

### ईचागढ़ के अत्री पांडे को मिला राष्ट्रीय सम्मान, क्षेत्र में भव्य स्वागत



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के सितु मिलन चौक के सीएससी संचालक अत्री कुमार पाण्डेय को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने सोमवार को मिलन चौक में सम्मानित किया गया। विगत 16 जुलाई को देश के राजधानी नई दिल्ली में डिजिटल इंडिया के दस वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार कि ओर से अत्रि पांडे को सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम में देश के गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव,मंत्री जितिन प्रसाद आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। वही सीएससी संचालक अत्री कुमार पाण्डेय के द्वारा हजारों नागरिकों को बीमा,एनपीएस,ऋण माफी आवेदन,पैन कार्ड,आधार सुधार का लाभ प्रदान किया गया था। उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया में दो हजार से अधिक नागरिकों के जन धन खाते खुलवाए है। इस दौरान उन्होंने 40 करोड़ रुपये से ज्यादा का लेन देन किया है। उनके इसी कार्य को देखते हुए उन्हें दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था और सम्मानित किया गया। उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए क्षेत्र के लोग ने श्री पांडे को फुल माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वही अत्रि पांडे ने कहा कि लोगों का विश्वास और सहयोग से आज उन्हें सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि इमानदारी और लगन से कार्य करने पर मंज़िल अपने आप मिल जाता है। मौके पर समाजसेवी व झारखंड आंदोलनकारी राम प्रसाद महतो, पंचानन पातर,डॉ सृष्टिधर महतो, गौरी शंकर वर्मा, नासीम अंसारी, महादेव महतो, विष्णु पद महतो, बुधराम गोप, भुवनेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## सचिन नायक को मत्स्य विभाग पशुपालन भूमि संरक्षण विभाग का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** खिजरी विधानसभा क्षेत्र अनगडा प्रखंड अंतर्गत चिलदाग निवासी सचिन नायक को जिला कृषि तथा मत्स्य, पशुपालन, भूमि संरक्षण विभाग रांची का राजेश कच्छप ने विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। नायक जन समस्याओं एवं विकास कार्यों के संबंध में स्थानीय सरकारी एवं गैर सरकारी पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर जनहित में कार्यों का निष्पादन एवं समस्या का निदान करना सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा साकीर अंसारी एतवा उरांव अजय उरांव रजाक अंसारी आलम अंसारी छोटेलाल महतो आदि लोगो ने बधाई दी।

## कॉमरेड एके रॉय की पुण्यतिथि पर भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** सोमवार को भाकपा माले, सरिया पार्टी कार्यालय में झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता, मजदूरों और किसानों के संघर्षशील प्रतिनिधि कॉमरेड एके रॉय की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत एक मिनट के मौन के साथ की गई, जिसके बाद उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित कॉमरेड विजय सिंह ने कहा कि कॉमरेड ए.के. रॉय न केवल एक विचारक थे, बल्कि झारखंड की सामाजिक-राजनीतिक चेतना के स्थापक भी थे। उन्होंने मजदूरों, किसानों और आदिवासियों के



हक-हकूक की लड़ाई को जमीन पर लड़कर सिद्ध किया। उनका त्याग, संघर्ष और विचारधारा आज भी प्रेरणास्त्रोत है और आने वाली पीढ़ियों को दिशा देता रहेगा। कार्यक्रम में कई प्रमुख कार्यकर्ता एवं साथी मौजूद रहे, जिनमें भाकपा माले प्रखंड सचिव लालमणि यादव, फअ गिरिडीह जिला अध्यक्ष सोनू पाण्डेय, वसंत स्वर्णकार, रामजी राणा, सुदामा दास, महेंद्र मंडल, केदार मंडल, मो. सिराज, बलदेव महतो, अमन पाण्डेय, शुभम मिश्रा, प्रमोद मंडल, राहुल राज मंडल, कुश कुशवाहा, मुंशी मंडल सहित अन्य साथियों ने भी शामिल होकर कॉमरेड रॉय के विचारों और संघर्षों को नमन किया। भाकपा माले ने संकल्प लिया कि कॉमरेड रॉय की क्रांतिकारी धारा को आगे बढ़ाते हुए, हम झारखंड के जल-जंगल-जमीन और मेहनतकशों के हक की लड़ाई को और तेज करेंगे।

## स्नेहा कुमारी ने रचा इतिहास, थाईलैंड में भारत को दिलाए दो स्वर्ण पदक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड की धरती एक बार फिर गौरव से ऊंची हो उठी है। जमशेदपुर के मानगो निवासी स्नेहा कुमारी ने थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल स्ट्रेंथलिफ्टिंग एवं इनक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2025 में दो स्वर्ण पदक जीतकर भारत, झारखंड और लौहनगरी जमशेदपुर का नाम वैश्विक मंच पर रोशन किया है। सोमवार को जब स्नेहा कुमारी टाटानगर रेलवे स्टेशन पहुंचीं, तो उनका भव्य स्वागत भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। स्टेशन परिसर 'भारत माता की जय' और 'नारी शक्ति ज़िंदाबाद' के नारों से गुंजायमान हो उठा। स्नेहा को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, युवा वर्ग, खेल प्रेमी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष श्री नीतीश कुशवाहा ने कहा, स्नेहा कुमारी की यह उपलब्धि नारी शक्ति, आत्मबल और कठोर परिश्रम की प्रतीक है। वे उन बेटियों के लिए प्रेरणा हैं जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखती हैं और उन्हें साकार करने का साहस रखती हैं। वहीं, स्नेहा कुमारी ने सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि हर उस बेटी का है जो अपने सपनों पर विश्वास करती है। मेरा सपना है कि झारखंड की और भी बेटियाँ अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का परचम लहराएं। उन्होंने जमशेदपुरवासियों और सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार भी प्रकट किया।

## बीडीओ भोला पाण्डेय ने बीज व कीटनाशक दुकानो का किया जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनाडीह चौक पर सोमवार को डोमचांच बीडीओ भोला पाण्डेय ने कोडरमा उपायुक्त के निर्देश पर खाद, बीज व कीटनाशक दुकानों का जाँच पड़ताल किया। इस दौरान पुरनाडीह चौक स्थित मेहता खाद भंडार, मनोज खाद बीज भंडार, पवन बीज भंडार, रामदेव मेहता का खाद बीज भंडार सहित अन्य खाद बीज व कीटनाशक दुकानों का जाँच किया गया। उन्होंने उक्त दुकानों में उपलब्ध खाद, बीज और कीटनाशक की मात्रा, दर, अधिकतम मूल्य संबंधी सूचनापट्ट, पॉश मशीन से तय सब्सिडाइज्ड मूल्य पर बिक्री और ऑनलाइन ऑफलाइन मेल की उपलब्धता नहीं पायी गयी. कई कीटनाशक दवा को जब्त कर साथ ले जाया गया। बीडीओ ने सभी अनुज्ञप्ति प्राप्त दुकानदारों



को नियमानुसार सभी खामियों को तुरंत दूर करने व किसानों को तय सरकारी दर पर ही सही मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराने के विभागीय आदेश का पालन करने का निर्देश दिया. साथ ही चेतावनी दी कि आगे पुनः जांच के क्रम में किसी भी दुकान में नियमानुसार कोई भी कमी मिली तो संबंधित दुकानदार का लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा जिले के उच्चाधिकारियों से की जायेगी। बता दें की जाँच के दौरान पुरनाडीह चौक पर हड़कंप मच गया. कई खाद सामग्री बेचने वाला दुकानदार दुकान बंद कर फरार हो गए या तो सामान छुपाने लगे।


पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)



दिनांक-09.07.25 को तोरपा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम- खूँटी-सिमडेगा रोड में चकला मोड़ के पास से एक अज्ञात मृत पुरूष का भाव बरामद किया गया है। उक्त अज्ञात व्यक्ति के बारे में पता लगाने का काफी प्रयास किया गया, परन्तु कुछ पता नहीं चल पा रहा है। इस संबंध में तोरपा थाना काण्ड सं0-48/25, दिनांक-09.07.25 धारा-103(1) BNS 2023 दर्ज किया गया है।

अतः सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उक्त अज्ञात भाव के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाश नं0 पर अविलम्ब सूचित करेंगें।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी - 9431706116
थाना प्रभारी, तोरपा - 7903216078
डी0सी0बी0, शाखा, खूँटी - 8340655295

PR.NO.357844 Police(25-26):D

पुलिस अधीक्षक, खूँटी।


## उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौड़ा में एक भी शिक्षक नहीं, 148 छात्रों के भविष्य पर संकट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चौड़ा में शिक्षकों की भारी कमी के कारण सैकड़ों छात्र शिक्षा के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। विद्यालय में कक्षा 1 से 10 तक कुल 339 छात्र नामांकित हैं, लेकिन शिक्षकों की संख्या जरूरत से बहुत कम है।

कक्षा 1 से 8 तक में मात्र चार शिक्षक, स्वीकृत पद 07 है।

कक्षा 1 से 8 तक कुल 191 छात्र नामांकित हैं, जहाँ मात्र दो सरकारी और दो पारा शिक्षक कार्यरत हैं। जबकि स्वीकृत पदों की संख्या 7 है, जिससे प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ रहा है। उच्च विद्यालय में एक भी शिक्षक नहीं, शिक्षा व्यवस्था चौपट



चिंताजनक स्थिति यह है कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौड़ा में कक्षा 9 और 10 तक में कुल 148 छात्र अध्ययनरत हैं, लेकिन विद्यालय में एक भी शिक्षक पदस्थापित या प्रतिनियुक्त नहीं किया गया है। नतीजतन, इन कक्षाओं की पढ़ाई या तो बाधित है या छात्रों को आत्मनिर्भर अध्ययन के भरोसे छोड़ दिया गया है। कुकड़ू प्रखंड के उप प्रमुख मो एकराम ने कहा कि प्रशासन को कई बार आवेदन देने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय में अविलंब स्थायी या वैकल्पिक (प्रतिनियुक्ति के माध्यम से) शिक्षक की नियुक्ति की जाए, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

**छात्रों की भविष्य दांव, प्रशासन पर नजर**

एक ओर सरकार शिक्षा को सर्वसुलभ और समावेशी बनाने की बात करती है, वहीं जमीनी स्तर पर शिक्षक विहीन विद्यालयों की तस्वीर इस दावे को खोखला बना रही है। ऐसे में यह देखना अहम होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में कब और क्या कदम उठाता है। सभी का नजर शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन पर है।

## जमीन विवाद में हत्या के मामले में सजा अदालत ने 7 दोषियों को सुनाई आजीवन

**बोकारो :** पिंडराजोड़ा थाना क्षेत्र के नारायणपुर मौजा में जमीन विवाद को लेकर लाठी-डंडों से हुई सुरेश मुर्मू की हत्या के मामले में अदालत ने सात दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सोमवार को अपर सत्र न्यायालय प्रथम सह विशेष न्यायाधीश दीपक वर्णवाल की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। यह घटना 24 मई 2023 की है। जमीन विवाद को लेकर हुए झगड़े में आरोपियों ने सुरेश मुर्मू, धनंजय मुर्मू, बाबूराम मांझी, बहामुनी देवी और कुंती देवी पर लाठी-डंडों से हमला किया था। गंभीर चोट लगने के बाद सुरेश मुर्मू की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी, जबकि अन्य लोग घायल हो गए थे। घटना के बाद पिंडराजोड़ा थाना में केस दर्ज हुआ था। सरकारी अधिवक्ता राकेश कुमार राय के अनुसार, दोषियों में एक पुलिसकर्मी भी शामिल है।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़
Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना

Sch-ii — सर्वसाधारण के लिए सूचना — forms

form No- 05

PROCLAMTION RECUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED

seen section 82

Whereas a complaint has been made before me that जीतन कुमार उर्फ बाद□ाह पे0-राजकुमार सिंह, सा0-बोहिया कमालपुर जिला-गया(बिहार) **Jitan Kumar urf Badshah, s/o Rajkumar Singh, Vill- Bohiya kamalpur, Dist- Gaya (Bihar)** (Name, Description And Address) has committed (or is suspected to have committed) the offense of extortion and criminal cospiracy and the beong part of an unlawful association using arms punishable under section **302/34/120(B) IPC,25(1-B)/ (a) 26/27 Arms act**. It has been returned to a warrant of arrest there upon issue that said **Jitan Kumar urf Badshah** cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the said **Jitan Kumar urf Badshah** has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warranty)

proclamation is hereby made that the said **Jitan Kumar urf Badshah** accused **of Basal ps Case no. 20/ 2023, date 07.08.2023 u/s 302/34/120(B) IPC,25(1-B)/ (a) 26/27 Arms act** is required to appear at Ramgarh (place) before this court or (before me) to answer that said complaint on the ..**18**... Day of..... **August 2025**

Date this ......**30th**...day of ...**June 2025**.

seal of the court

sd- Harshit Tiwari
S.D.J.M, Ramgarh

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि फरार अप्राथमिकी अभियुक्त जीतन कुमार उर्फ बादशाह राज्य-झारखण्ड/बिहार कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय/**Sri - Harsit Tiwari, S.D.J.M, ,Ramgarh (Jharkhand)** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस अधीक्षक रामगढ़- 9431706113
थाना प्रभारी बासल, रामगढ़- 9934307206

PR 357853 Police(25-26)#D

पुलिस अधीक्षक,
रामगढ़

# अखिलेश का 2027 के लिये सोशल इंजीनियरिंग फार्मूला

समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, प्रदेश की राजनीति में एक प्रमुख चेहरा हैं। पार्टी की ताकत का एक प्रमुख आधार उसका पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूला है। अखिलेश ने इस रणनीति को 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रभावी ढंग से लागू किया, जहां उन्होंने गैर-यादव ओबीसी, दलित और मुस्लिम मतदाताओं को एकजुट करने में सफलता हासिल की। इस रणनीति ने उन्हें उत्तर प्रदेश में 37 लोकसभा सीटें दिलाईं, जो उनकी अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। गैर-यादव ओबीसी समुदायों, जैसे कुर्मी, राजभर, और लोधी, को टिकट देकर उन्होंने सामाजिक समीकरण को संतुलित करने की कोशिश की। उदाहरण के लिए, कुर्मी और पटेल समुदायों को 10 टिकट दिए गए, जिनमें से सात पर जीत हासिल हुई। यह दशार्ता है कि अखिलेश ने गैर-यादव ओबीसी वोट बैंक को साधने में सफलता पाई है। इस रणनीति को और मजबूत करने के लिए, अखिलेश ने छोटे-मझोले नेताओं को पार्टी में शामिल किया, जैसे महेंद्र राजभर, जिनका प्रभाव घोसी, बलिया, और गाजीपुर जैसे क्षेत्रों में है। इस तरह की सामाजिक इंजीनियरिंग 2027 में भी उनके लिए महत्वपूर्ण होगी। उधर, दलित वोट बैंक को आकर्षित करना अखिलेश की रणनीति का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। समाजवादी पार्टी ने परंपरागत रूप से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है। इसके लिए उन्होंने 2021 में समाजवादी बाबा साहेब वाहिनी का गठन किया, जिसका नेतृत्व बसपा से आए मिठाई लाल भारती को सौंपा गया। यह कदम दलित मतदाताओं, खासकर गैर-जाटव दलितों, को अपनी ओर खींचने की रणनीति का हिस्सा था। अखिलेश ने आंबेडकर जयंती जैसे अवसरों का उपयोग कर संदेश दिया कि उनकी पार्टी संविधान और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध है। 2024 के चुनावों में इस रणनीति का असर दिखा, जब दलित प्रत्याशियों को टिकट देकर सपा ने बसपा के वोट बैंक में सेंध लगाई। उदाहरण के लिए, इंद्रजीत सरोज जैसे नेताओं को पार्टी में शामिल कर और उन्हें प्रमुख जिम्मेदारियां देकर अखिलेश ने दलित समुदाय को यह संदेश दिया कि उनकी पार्टी उनके हितों की रक्षा कर सकती है। अखिलेश की रणनीति का एक और आयाम गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों और अन्य सामाजिक समूहों को जोड़ना है। उन्होंने ब्राह्मण और क्षत्रिय समुदायों को साधने की कोशिश की है। 2025 में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर अखिलेश ने क्षत्रिय नेताओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की और उनके बलिदान को याद किया। इसी तरह, ब्राह्मण नेताओं के साथ बैठक कर उन्होंने संदेश दिया कि उनकी पार्टी केवल एक विशेष समुदाय तक सीमित नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनावों में सपा ने चार ब्राह्मण और एक भूमिहार प्रत्याशी को टिकट दिया, जिनमें से कुछ ने जीत हासिल की। यह दशार्ता है कि अखिलेश 'सॉफ्ट हिंदुत्व' और सामाजिक समावेश की रणनीति को अपनाकर अपने वोट बैंक का विस्तार कर रहे हैं। महिलाओं और युवाओं को आकर्षित करना भी अखिलेश की रणनीति का हिस्सा रहा है। उनके शासनकाल में शुरू की गई 1090 महिलाओं की हेल्पलाइन और कामधेनु योजना जैसी पहले महिलाओं और ग्रामीण मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए थीं। इसके अलावा, अखिलेश ने डिजिटल और सोशल मीडिया का उपयोग कर युवा मतदाताओं को जोड़ने की कोशिश की है। उनकी सक्रिय ऑनलाइन उपस्थिति और सोशल मीडिया पर त्वरित प्रतिक्रियाएं युवाओं में उनकी छवि को मजबूत करती हैं। वे सामाजिक मुद्दों, जैसे बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ अनन्या यादव जैसे मामलों में समर्थन देकर, सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। कांग्रेस और अन्य दलों के साथ गठबंधन की रणनीति भी अखिलेश के लिए महत्वपूर्ण है।

# बड़ी जीत है द रेजिस्टेंट फ्रंट का आतंकी संगठन घोषित होना

**ललित गर्ग**



पहलगाम में जब आतंकी हमले में निर्दोषों का रक्त बहा, आहें एवं चीखें गूंजी, जिसने न केवल देश एवं दुनिया को झकझोर दिया था, बल्कि यह संकेत भी दे दिया कि आतंकवाद की जड़ें अब भी जीवित हैं और उन्हें राजनीतिक, वैचारिक और सीमा-पार समर्थन प्राप्त है। लेकिन इस बार एक बड़ा परिवर्तनकारी एवं प्रासंगिक कदम अमेरिका की ओर से सामने आया है, जिसने इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाले पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की मुखौटा इकाई द रेजिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित कर दिया, इस तरह टीआरएफ की पहचान और आतंक के विरुद्ध वैश्विक एकजुटता का नया अध्याय लिखा गया है। यह कदम केवल एक औपचारिक घोषणा नहीं, बल्कि आतंक के विरुद्ध वैश्विक मंच पर एक रणनीतिक संदेश है कि अब छद्म युद्ध और पनपते आतंक के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही का युग आ गया है। अमेरिका का यह कदम भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं विदेश मंत्री एस जयशंकर के अन्तर्राष्ट्रीय प्रयास इस बात के द्योतक है कि आतंकवाद से निपटने के मोर्चे पर भारत सफल हो रहा है। अमेरिका के इस फैसले ने न सिर्फ टीआरएफ के आतंकी चेहरे से बेपर्दा किया है, बल्कि पाकिस्तान की उन नापाक हरकतों को भी बेनकाब कर दिया, जिन्हें वह खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर छिपाता आ रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे भारत-अमेरिका के बीच मजबूत आतंकवाद-रोधी सहयोग का प्रमाण बताया है और आतंक के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोग की जरूरत पर बल दिया है।

टीआरएफ दिखने में एक स्थानीय कश्मीरी संगठन होने का भ्रम देता है, लेकिन असल में यह लश्कर-ए-तैयबा और उसके सरगना हाफिज सईद की पुरानी साजिश का नया चेहरा है। पाकिस्तान-समर्थित आतंकी संगठनों को नया नाम एवं नये रूप में प्रस्तुत करना पाक की एक साजिश एवं सोची-समझी रणनीति है, ताकि दुनिया के सामने वह अपने दामन को पाक-साफ दिखा सके। एक और विडम्बनापूर्ण स्थिति यह है कि पाक ने इसे इस तरह पेश किया जैसे यह कश्मीर का स्थानीय संगठन हो। यह जगजाहिर है कि कई बड़े आतंकी संगठन पाकिस्तान की धरती से संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिद्दीन प्रमुख हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी कई बार ये सवाल उठे और पाक को आतंक पोषित स्वीकार्य किया जाने लगा। उसका नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान ने रणनीति बदली और आतंकी संगठनों के नाम भी बदलने शुरू कर दिए। टीआरएफ इसका एक उदाहरण है। इसका गठन 2019 के अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद हुआ और इसका उद्देश्य भारत में आतंकी घटनाओं को 'स्वदेशी विद्रोह' की आड़ में अंजाम देना है। पहलगाम हमला भारत के उस प्रयास को चुनौती देता है जो वह 'पर्यटन और विकास के माध्यम से कश्मीर को मुख्यधारा में लाने' के लिए कर रहा है। जब भी कश्मीर में शांति की बहार आती है, ऐसे आतंकी संगठन हिंसा का तूफान लेकर आते हैं। टीआरएफ ने सोशल मीडिया, इंटरनेट और कूटनीतिक शब्दजाल का इस्तेमाल करके अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को 'कश्मीरी प्रतिरोध आंदोलन' के रूप में पेश करने की कोशिश की, जबकि उसके तार रावलपिंडी और आईएसआई के आतंकवाद समर्थन तंत्र से सीधे जुड़े हैं। मगर, अमेरिका की ओर से इसे वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जाना इस बात का सबूत है कि आतंकियों को हथियार की तरह इस्तेमाल करने के इरादों को किसी छद्म नाम की आड़ में छिपाया नहीं जा सकता।

अमेरिका द्वारा टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जाना भारत की एक बड़ी राजनयिक एवं कूटनीतिक सफलता है। यह दिखाता है कि भारत की तीक्ष्ण एवं ताकतवर विदेश नीति अब केवल घटनाओं की निंदा तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय दबाव निर्माण की रणनीति पर आधारित है। जो संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रस्तावों को भी बल देती है। भारत पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध वर्षों से चेतावनी देते हुए दुनिया को आतंकमुक्त बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने कूटनीतिक स्तर पर विभिन्न देशों को आतंक के खिलाफ एकजुट करने के प्रयास तेज किये हैं। ऐसे में अमेरिका पर भी यह साबित करने का दबाव बना है कि वह आतंकवाद के खिलाफ दोहरे मापदंड न अपनाये। क्योंकि अमेरिका का दोगलापन चर्चा में रहा है, एक तरफ अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े होने का दावा करता है, तो दूसरी ओर पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा और विश्व बैंक से बड़ी धनराशि कर्ज के रूप में दी जाती है। एक तरफ राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इस मुद्दे पर भारत के साथ खड़े होने की बात करते हैं, दूसरी तरफ आतंकवाद की नर्सरी चलाने वाले पाकिस्तान को लेकर अपने नरम रुख का इजहार भी करते रहते हैं। आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का ढुलमुल रवैया भी हैरान करने वाला है। सवाल यह है कि जब अमेरिका यह मानता है कि पाकिस्तान आतंकियों को पाल-पोस रहा है, तो वह वैश्विक संस्थाओं से उसे वित्तीय मदद रोकने की वकालत क्यों नहीं करता है?

ऑपरेशन सिंदूर में पाक को करारी मात देने के बाद भारत आतंकवाद के खिलाफ दुनिया में वातावरण बनाने के लिये तत्पर हुआ। आतंक के खिलाफ इस लड़ाई को मजबूती देने के लिये ही भारत ने अमरीका समेत 32 देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल भेजे थे। इन देशों को पुख्ता सबूतों के साथ बताया गया कि टीआरएफ पाकिस्तान प्रायोजित लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन है। संभवतः भारत के यही प्रयास इस संगठन के खिलाफ अमरीका के सख्त फैसले का आधार बनी। अमरीका ने इससे पहले 2001 में भारतीय संसद पर हमले के बाद लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद को आतंकी संगठन घोषित किया था। पाकिस्तान इन दोनों संगठनों की तरह टीआरएफ को भी भारत के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल करता रहा है। निश्चित ही अमेरिका की यह ताजा कार्रवाई स्वागतयोग्य है, लेकिन भारत को अब केवल प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कमर कसते हुए प्रक्रिया दिखानी चाहिए। उसे सीमा पार सर्जिकल/ड्रोन स्ट्राइक की नीति को और मजबूत करना चाहिए। आतंकी समर्थकों की फंडिंग रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आर्थिक प्रतिबंधों की मांग करनी चाहिए। घरेलू स्तर पर खुफिया तंत्र और साइबर निगरानी को और सक्रिय एवं आधुनिक बनाना चाहिए। वैश्विक मंचों पर एफएटीएफ, यूएन, और जी 20 जैसे संगठनों में पाकिस्तान की आतंक-समर्थक भूमिका को बार-बार उजागर करना चाहिए।

आज आवश्यकता है कि दुनिया के सभी लोकतांत्रिक और शांति-प्रिय राष्ट्र एक मंच पर एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टोलरेंस पॉलिसी अपनाएं। किसी भी राष्ट्र को- चाहे वह प्रत्यक्ष हो या परोक्ष, आतंकियों की शरणस्थली बनने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। टीआरएफ को आतंकवादी घोषित करना पहला कदम है, अब इसकी जड़ों को नष्ट करना ही अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। पाकिस्तान सरकार, सेना और आतंक के नापाक गठजोड़ पर जब तक सभी देश एकमत नहीं होंगे, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंचेगी। सवाल यह भी है कि जब पाकिस्तान आतंकी संगठनों का खुलेआम समर्थन करता रहता है तो उसे फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में डालने से परहेज क्यों किया जा रहा है? विशेषज्ञों का कहना है कि अमरीका के ताजा कदम के बाद एफएटीएफ और दूसरी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां टीआरएफ की फंडिंग की जांच करेंगी।

पहलगाम का हमला एक बार फिर हमें चेतावनी देता है कि आतंकवाद केवल सुरक्षा का संकट नहीं, बल्कि सभ्यता, शांति और मानवता का अपमान है। हमें अब शब्दों से आगे बढ़कर संकल्प और कार्यवाही की ओर बढ़ना होगा। भारत को अब केवल प्रतिकार नहीं, बल्कि निर्णायक प्रहार की नीति अपनानी चाहिए ताकि अगली पीढ़ी एक ऐसे भारत में सांस ले सके जहां 'कश्मीर' केवल खूबसूरती का पर्याय हो, आतंक का नहीं। भारत को वैश्विक मंचों पर टीआरएफ को बेनकाब करने की मुहिम जारी रखनी चाहिए, ताकि इस संगठन को फिर फन उठाने का मौका न मिले।

# मानवीय इच्छाशक्ति की विजय के प्रतीक फौजा सिंह

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

पिछले सप्ताह पंजाब के अखबारों में तीन मुद्दों पर अपनी राय प्रमुखता से रखी। पहला-मशहूर एथलीट फौजा सिंह का 114 साल की उम्र में सड़क हादसे में निधन। दूसरा- अहमदाबाद विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट। तीसरा- पंजाब विधानसभा में पेश बेअदबी विरोधी विधेयक।

चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून ने संपादकीय में लिखा- 114 वर्षीय मैराथन धावक फौजा सिंह की गृहनगर जालंधर के निकट एक सड़क दुर्घटना में मौत ने उस जीवन का अंत कर दिया, जिसने उम्र, सहनशक्ति और साहस की सीमाओं को चुनौती दी थी। वह सिर्फ एक बुजुर्ग मैराथन धावक नहीं थे, बल्कि समय की मार पर मानवीय इच्छाशक्ति की विजय के प्रतीक थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने जन्म प्रमाण पत्र की कमी के कारण उनके रिकॉर्ड को दर्ज करने से इनकार कर दिया, लेकिन फौजा सिंह को अपनी पात्रता साबित करने के लिए किसी भी कागजात की आवश्यकता नहीं थी और उन्होंने अपनी दौड़ जारी रखी। फौजा सिंह ने अपनी पहचान से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने लंदन मैराथन में बिना पगड़ी के दौड़ने से इनकार कर दिया। फौजा सिंह ने लोगों में उम्मीद जगाई और अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया कि उम्र किसी भी चीज में बाधा नहीं बन सकती। उनकी प्रसिद्धि वैश्विक स्तर पर तब फैली जब उनकी तुलना मोहम्मद अली और डेविड बेकहम से की जाने लगी। अन्य लोगों के साथ, वह एडिडास के 'असंभव कुछ भी नहीं' अभियान का चेहरा बन गए।

जालंधर से प्रकाशित 'पंजाबी जागरण' लिखता है- फौजा सिंह ने बार-बार साबित किया कि उम्र बस एक संख्या है। अगर आपमें जुनून और साहस है, तो कोई भी चुनौती असंभव नहीं है। दुनिया उन्हें 'टर्बन्ड टॉरनेडो' के नाम से जानती थी क्योंकि भारत के प्रसिद्ध लेखक और पत्रकार खुशवंत सिंह ने 'टर्बन्ड टॉरनेडो' शीर्षक से उनकी जीवनी लिखी थी। सिमरनजीत सिंह ने बच्चों के लिए एक किताब लिखी, 'फौजा सिंह कीप्स गोइंग', जो सिख चरित्र पर केंद्रित पहली प्रमुख बच्चों की किताब थी। उनके जीवन पर कई वृत्तचित्र और फिल्में बनीं, जिनमें 'फौजा सिंह: स्पिरिट ऑफ द मैराथन' और 'अनब्रोकन' शामिल हैं। अखबार आगे लिखता है– साल 2013 में, 101 वर्ष की आयु में, फौजा सिंह ने दौड़ से संन्यास ले लिया, लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य, आनंद और दान के लिए दौड़ना जारी रखा। सादगी, शाकाहारी जीवनशैली और सिख सिद्धांतों के प्रति समर्पण ने उन्हें न केवल एक महान एथलीट बनाया, बल्कि एक प्रेरक व्यक्तित्व भी बनाया। उनकी विरासत पंजाब, पंजाबियों और दुनिया भर के लोगों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।

जालंधर से प्रकाशित 'अज दी आवाज' ने लिखा- फौजा सिंह 'जब जागो, तब जागो' के आदर्श वाक्य के प्रत्यक्ष उदाहरण थे। उनके शुरूआती दिन बेहद चुनौतीपूर्ण थे। सरदार फौजा सिंह उन लोगों के लिए भी एक बेहतरीन उदाहरण रहेंगे जो उम्र की बाधाओं के कारण हिम्मत हार जाते हैं। चंडीगढ़ से प्रकाशित रोजाना स्पोक्समैन ने अपने संपादकीय शीर्षक ''युगपुरुष का निधन'' में लिखा-फौजा सिंह ने दुनिया के लगभग सभी महत्वपूर्ण शहरों में मैराथन स्पधाओं में हिस्सा लिया। ऐसा करने के पीछे कोई आर्थिक महत्वाकांक्षा या लालच नहीं था बल्कि अगर कोई पुरस्कार राशि होती, तो उसे सामाजिक या धार्मिक कार्यों के लिए दान कर देते थे। उनका पूरा जीवन इस कथन का उदाहरण है कि जो उम्र को बंधन नहीं मानते, उनके लिए किसी भी उम्र में आसमान से कोई दुर्लभ रत्न उतार लाना कोई मुश्किल काम नहीं है। पंचकूला से प्रकाशित 'निर्भय सोच' लिखता है-वे एक महान व्यक्ति थे। वे सिख जगत के लिए गौरव का स्रोत थे। उन्होंने विश्व में सिखों की पहचान बनाने में बहुमूल्य योगदान दिया है। उनका जीवन आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

बीते 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के एक महीने बाद जारी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर चंडीगढ़ से प्रकाशित 'पंजाबी ट्रिब्यून' ने लिखा- विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान के उड़ान भरने के एक सेकंड के भीतर ही इंजनों को ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी गई थी। क्या यह सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण हुआ या मानवीय भूल के कारण? इस अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न ने गंभीर अटकलों को जन्म दिया है, जबकि एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने यह आरोप लगाया है कि जांच में 'पायलट की गलती' को स्वीकार किया गया है, और ऐसा प्रतीत होता है कि समय से पहले ही निष्कर्ष पर पहुंच गई है। अखबार लिखता है-इस दुर्घटना ने लोगों की विश्वसनीयता को भी गहरा धक्का पहुंचाया है।

जालंधर से प्रकाशित अजीत ने लिखा- अहमदाबाद विमान हादसा देश के हवाई यात्रा इतिहास का सबसे बुरा हादसा था। इसने हवाई यात्रा की सुरक्षा के बारे में कई सवाल खड़े किए हैं। एक महीने बाद जारी दुर्घटना की पहली रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि यह मानवीय भूल थी या तकनीकी गड़बड़ी। पूरी और विस्तृत रिपोर्ट जारी होने में महीनों या सालों भी लग सकते हैं। अखबार लिखता है-भले ही आज हवाई यात्रा प्रणाली को हर दृष्टि से दोषरहित बनाने के लिए बहुत कुछ किया गया है, फिर भी ऐसी दुर्घटना का होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और विमानन कंपनियों के लिए भी एक बड़ी चुनौती है।

पटियाला से प्रकाशित चढ़दीकलां ने लिखा- यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दुर्घटना के बाद विमानन नियामक और संबंधित कंपनियों ने जो सतर्कता और गंभीरता दिखाई, वह पहले नहीं दिखाई गई थी? अगर नहीं, तो अभी इसकी जरूरत क्यों है? तो क्या अनिवार्य सावधानियों की यह व्यवस्था भविष्य में भी प्रासंगिक रहेगी? यह सवाल इसलिए भी अहम है क्योंकि आमतौर पर किसी दुर्घटना से मिले सबक का असर प्रशासनिक व्यवस्था पर ज्यादा देर तक नहीं रहता और व्यवस्था फिर से उसी ढर्रे पर चलने लगती है। पंजाब में धर्मग्रंथों के अपमान यानी बेअदबी से जुड़ा बेअदबी विरोधी विधेयक बीते दिनों विधानसभा में पेश किया गया। बेअदबी विधेयक पर पटियाला से प्रकाशित 'चढ़दीकलां' लिखता है-आम आदमी पार्टी ने पंजाब की जनता से यह वादा किया था कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

## सूडोकु नवताल- 7498

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7497 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# ब्रह्मपुत्र पर बांध से भारत-चीन के बीच बढ़ेगी दरार!

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

भारत और बांग्लादेश के विरोध के बावजूद साम्राज्यवादी ड्रैगन (चीन) ने ब्रह्मपुत्र नदी पर विश्व का सबसे बड़ा बांध बनाने का काम शुरू कर दिया है। तिब्बत के मेडोग जिले में बांध निर्माण की चीन की यह कुटिल चाल भारत पर कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए सोची समझी रणनीति है। इसका प्रतिकूल प्रभाव भारत-चीन के द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ना तय है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने दावा है कि इसके निर्माण से हर साल 300 अरब किलोवाट बिजली का उत्पादन होगा। लेकिन इस बांध निर्माण के पीछे चीन के क्या निहितार्थ हैं? इससे भारत का क्या नुकसान हो सकता है और चीन किस तरीके से इसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ हथियार की तरह कर सकता है? अगर इसके चलते भारत की समस्या बढ़ती है तो इसका क्या समाधान हो सकता? ऐसे तमाम पहलुओं और प्रश्नों का विश्लेषण चौंकाने वाला है।

चीन के ब्रह्मपुत्र नदी में बांध बनाने के निर्णय से भारत और चीन के बीच लंबे समय से चले आ रहे भौगोलिक, रणनीतिक और जल संसाधनों को लेकर विवाद अब एक नई दिशा में बढ़ गया है। यह भारत के लिए एक रणनीतिक, पर्यावरणीय और जल-सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। ब्रह्मपुत्र नदी एशिया की प्रमुख नदियों में से एक है, जो तिब्बत से निकलकर भारत के अरुणाचल प्रदेश, असम होते हुए बांग्लादेश तक जाती है। यह नदी भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए जीवनदायिनी है। भारत में ब्रह्मपुत्र की कुल लंबाई लगभग 916 किलोमीटर है। फिलहाल कुल जल प्रवाह का 30 प्रतिशत हिस्सा भारत को प्राप्त होता है। असम राज्य की 60 प्रतिशत कृषि भूमि ब्रह्मपुत्र पर निर्भर है। मानसून के दौरान इस नदी के कारण असम में भारी बाढ़ की समस्या सामने आ जाती है।

इस परियोजना का स्थान तिब्बत का मेडोग जिला है, जो भारत की सीमा से सटा हुआ है। बताया जाता है कि इस परियोजना की संभावित उत्पादन क्षमता 60 गीगावॉट है। यह विश्व की अब तक की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना होगी। इसकी अनुमानित लागत 50 अरब डॉलर है। यह वर्ष 2035 तक बनकर तैयार होगा। भारत की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अगर यह परियोजना चालू हो जाती है तो भारत के असम और अरुणाचल प्रदेश में जल प्रवाह कम हो सकता है। इसका सीधा असर इन राज्यों में होने वाली खेती, मछली पालन और पेय जल पर पड़ेगा। भारत की चिंता का दूसरा प्रमुख कारण है कि चूंकि चीन की भौगोलिक सीमा भारत से जुड़ी हुई है, इसलिए वह इसका इस्तेमाल कभी भी भारत के खिलाफ रणनीतिक हथियार की तरह कर सकता है। अगर वह भारत पर दबाव बनाना चाहता है तो वह भारत को बिना सूचना दिए डैम से जल छोड़ देगा तो भारत के पूर्वोत्तर में भारी बाढ़ आ सकती है। जनसंख्या विस्थापन और जीवन स्तर पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

ऐसा माना जा रहा है कि चीन, ब्रह्मपुत्र पर बनने वाले बांध और जल प्रवाह पर पारदर्शिता नहीं रखेगा। ऐसे में भारत के पास कोई पूर्व सूचना तंत्र नहीं है जिससे इस संबंध में उसको अधिक जानकारी मिल सके। ब्रह्मपुत्र का जल स्तर कम होने से नदी पारिस्थितिकी पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा असम और अरुणाचल में कृषि, मत्स्य पालन और बाढ़ प्रबंधन पर भारत को अधिक धन व्यय करना पड़ेगा।

ध्यातव्य है भारत और चीन के रिश्ते पहले से ही काफी तनावपूर्ण हैं। वर्ष 2020 में गलवान घाटी की झड़प के बाद दोनों देशों में विश्वास की कमी बनी हुई है। ब्रह्मपुत्र बांध का मुद्दा इस तनाव को और अधिक बढ़ा सकता है। हालांकि भारत ने इस विषय को कई बार द्विपक्षीय वार्ताओं में उठाया है, लेकिन चीन की एकतरफा कार्रवाई भारत के लिए अपमानजनक है।

ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों में आखिर भारत के समक्ष विकल्प क्या है? क्या भारत को चीन की इस कार्यवाही को चुपचाप देखते रहना चाहिए? ऐसा बिलकुल नहीं है कि भारत कुछ नहीं कर रहा। लेकिन चीन के इस रणनीतिक हथियार के खिलाफ अधिक आक्रामक नीति बनानी चाहिए। चीन को एक्सपोज करने के लिए भारत को चीन पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अधिक कूटनीतिक दबाव बनाना होगा। भारत को इसके लिए संयुक्त राष्ट्र, जी20, और एशियान जैसे मंचों का प्रयोग चीन की गैर-पारदर्शिता को उजागर करने के लिए करना चाहिए।


चीन की दोगली नीति के मद्देनजर भारत को अपने अंतरिक्ष संसाधनों का प्रयोग कर चीन की गतिविधियों पर सटीक निगरानी रखनी चाहिए। भारत को अभी से पूर्वोत्तर राज्यों में जल संरक्षण, छोटे बांध और जल संसाधनों का वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन करना चाहिए ताकि जल संकट की भावी आशंका से सहजता से निपटा जा सके। चीन पर अंतरराष्ट्रीय स्तर दबाव बनाने की रणनीति के तहत भारत को चीन के साथ ब्रह्मपुत्र के जल प्रबंधन पर एक उसी प्रकार की स्थायी और कानूनी जल-संधि पर जोर देना चाहिए, जैसा कि उसने बांग्लादेश और पाकिस्तान के साथ किया।

निस्संदेह, चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर मेगा बांध का निर्माण न केवल भारत के जल संसाधनों के लिए खतरा है, बल्कि यह दोनों देशों के पहले से तनावपूर्ण संबंधों में और बड़ी दरार पैदा कर सकता है। इस मुद्दे पर भारत को अपनी कूटनीतिक चतुराई, तकनीकी क्षमता और घरेलू रणनीति के साथ कदम बढ़ाने होंगे। यह तथ्य है कि ब्रह्मपुत्र केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक, रणनीतिक और जैविक धारा है। इसे सुरक्षित रखना हम सब की प्राथमिक जिम्मेदारी भी बनती है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**22 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | कर्क | 05.02 बजे से |
| चंद्र | वृष में | सिंह | 07.22 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 09.34 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 11.45 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.00 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 16.16 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 18.21 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.07 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 21.40 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 23.11 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | वृष | 00.51 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 02.49 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 203 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 07.06 बजे तदनन्तर त्रयोदशी 04.40 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 19.25 बजे को समाप्त। **योग** ध्रुव 15.32 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 07.06 बजे, गर 17.52 बजे तदनन्तर वणिज 04.40 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 16' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872413 **जूलियन दिन** 2460878.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 26 **विशेष** प्रदोष व्रत, गौरी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

**एक नजर**

## 65 वर्ष वृद्ध को सांप काटने से हुआ मूर्छित

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के प्यार पुर गांव में एक वृद्ध को जहरीले सांप काट लेने से मूर्छित हो गया। मिली जानकारी के अनुसार प्यार पुर निवासी सैफुद्दीन शेख 65 वर्ष सोमवार को सुबह मकई के खेत पर काम कर रहा था तभी अचानक एक जहरीले सांप ने काट लिया जिससे वह मूर्छित हो गया। आसपास काम कर रहे लोगों को पता चलते ही आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा वृद्ध का इलाज किया गया।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में तीन लोग घायल

**साहिबगंज/राजमहल :** राधानगर थाना क्षेत्र के गोरिया टोला गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में दो व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रेजाउल शेख 28 वर्ष व तरीकुल शेख 18 वर्ष का पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें दोनों घायल हो गया। जिसे परिजनों के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया।जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा दोनों घायलों का इलाज किया गया। ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर कुमार सौरभ ने बताया कि मामले की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है। वह दूसरी तरफ राजमहल थाना क्षेत्र के नया बाजार निवासी वीरू मंडल 22 वर्ष का पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर हुई मारपीट में घायल हो गया।

## शिव हनुमंत पूजा समिति कांवरिया संघ तलसवार का गठन

**बड़कागांव :** रामगढ़ जिले के रजरप्पा मां छिन्नमस्तिके मंदिर के पवित्र भैरवी नदी के जल उठाव कर बुढ़वा महादेव के पवित्र शिवलिंग में जलार्पण विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। जिसे लेकर शिव हनुमंत पूजा समिति कांवरिया संघ तलसवार की बैठक की गई। बैठक में 2 अगस्त से रजरप्पा से पैदल जल लेकर बाबा बुढ़वा महादेव में सैकड़ो कांवरियों के द्वारा पैदल जल यात्रा करते हुए अंतिम सोमवारी 4 अगस्त को भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। कांवर यात्रा को सफल बनाने को लेकर कांवरिया संघ का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष कैलाश कुमार राणा, सचिव जगदेव कुमार, कोषाध्यक्ष बलराम कुमार, सदस्यों में राजेश कुमार, लालदेव राणा, उपेंद्र राणा, अनिल महतो, रामविलास कुमार, गणेश कुमार, श्याम कुमार, अनिल राणा, राजू कुमार, अरविंद कुमार, संतोष कुमार, पवन कुमार राणा, प्रकाश कुमार, मुकेश राणा, ब्रजेश कुमार, रामदुलार राणा का चयन किया गया।

## श्रावन के दूसरे सोमवारी पर शिवालयों में लगी भीड़

**बड़कागांव :** बड़कागांव में श्रावन के दूसरे सोमवारी के शुभ अवसर पर प्रखंड के दर्जनों शिवालयों में शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। शिवालयों में अहले सुबह से ही शिव भक्तों ने जलाभिषेक करने के लिए मंदिर के बाहर कतार पर खड़ा होकर भगवान शिव शंभू को जल अर्पण किए। इस दौरान महूदी पहाड़ स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मंदिर में हजारों शिव भक्तों ने जलाभिषेक किए। दिन भर भक्तों का आना-जाना लगा रहा। दूसरे राज्य से आए शिव भक्तों ने बुढ़वा महादेव के प्राकृतिक सुंदरता को खूब सराहा। वहीं कांडतरी एवं खैरातरी के द्वारा बुढ़वा महादेव परिसर में आए शिव भक्तों के लिए प्रसाद का वितरण किया गया। दूसरी ओर, लोगों में भक्ति भावना जगाने को लेकर बड़कागांव बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने श्रावन के हर सोमवारी पर प्रखंड के सभी शिवालयों में शिव भक्तों द्वारा हरि कीर्तन करने की अपील की गई है।

# साहिबगंज में गंगा का कहर, खेतों में घुसा पानी, चार प्रखंडों की एक लाख आबादी प्रभावित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के दियारा क्षेत्र में जुलाई माह में ही गंगा के जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि के कारण बाढ़ का खतरा गहराने लगा है। इस समय जब खेती की उम्मीदें लेकर किसान अपनी खरीफ फसलों की तैयारी कर रहे थे, गंगा के उफनते जल ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। गंगा से सटे दियारा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में भय और चिंता का माहौल है। लगातार मूसलधार बारिश और अन्य राज्यों से आने वाली नदियों के कारण गंगा का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। इसके चलते साहिबगंज, राजमहल, तालझारी और उधवा जैसे प्रखंडों के शोभनपुर भट्ठा, रामपुर, दुर्गा स्थान टोला, पिलर टोला, भूतनी जैसे इलाकों में गंगा का पानी खेतों में प्रवेश कर गया है। खरीफ फसलें और दलहन डूबने लगी हैं, जिससे किसानों की मेहनत और पूंजी दोनों पर संकट आ गया है। दियारा क्षेत्र में वैसे भी हर साल बाढ़ के कारण खरीफ फसल नहीं हो पाती और इस बार भी वही स्थिति दोहरायी जा रही है।

**चार प्रखंड की एक लाख की आबादी होती है प्रभावित:**

बाढ़ के असर से न केवल फसलें, बल्कि लगभग एक लाख की आबादी वाले चार प्रखंडों के ग्रामीण भी प्रभावित हो रहे हैं। इन क्षेत्रों के लोग बाढ़ की त्रासदी से साल दर साल जूझते रहे हैं. गांवों में पानी घुसने के कारण लोग अपने घरों से पलायन को मजबूर हो जाते हैं। वे ऊंचे स्थानों पर जाकर अस्थायी रूप से शरण लेते हैं और जब हालात और बिगड़ते हैं तो प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत शिविरों में शरण लेना पड़ता है। इस दौरान लोगों को अपने मवेशियों, सामान और परिवार के साथ सुरक्षित स्थानों की तलाश करनी पड़ती है, जिससे मानसिक और आर्थिक दोनों ही तरह की परेशानी झेलनी पड़ती है।

**सभी मुख्य पथों पर पानी आ जाने से नाव ही है सहारा:**

बाढ़ के समय दियारा क्षेत्र के लगभग 60,000 से अधिक लोगों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। सभी मुख्य सड़कों पर पानी भर जाने के कारण नाव ही एकमात्र साधन बचता है। मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने जैसी स्थितियां अत्यंत गंभीर हो जाती हैं। ऐसे में प्रशासन द्वारा कुछ नावों की व्यवस्था की जाती है, लेकिन वह भी आवश्यकताओं की तुलना में अपर्याप्त होती है। कई जगहों पर सामुदायिक किचन, रोशनी, पेयजल और तिरपाल जैसी अस्थायी व्यवस्था की जाती है।

**गंगा तट के लोगों से सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील:**

गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। डीसी हेमंत सती स्वयं अपनी टीम के साथ दियारा क्षेत्र का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने दियारा के निवासियों से अपील की है कि वे समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन की ओर से राहत शिविरों में खाना, पानी, बिजली और रहने की पूरी व्यवस्था की जा रही है। साथ ही पशुओं के लिए चारा और ठहरने का इंतजाम भी किया गया है।

**अंचल अधिकारी को बाढ़ की स्थिति पर पैनी नजर रखने का निदेर्श:**

बाढ़ग्रस्त इलाकों में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों को गंगा के जलस्तर पर 247 नजर रखने का निर्देश दिया है। साथ ही, गंगा किनारे रहने वाले लोगों को चिह्नित कर समय रहते उन्हें राहत शिविरों या ऊंचे स्थानों पर पहुंचाने का आदेश दिया गया है।

## महिला जनप्रतिनिधियों के सशक्तिकरण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सिद्धो-कानू सभागार, साहेबगंज में डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में महिला जनप्रतिनिधियों के सशक्तिकरण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले की सभी महिला मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य तथा पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला जनप्रतिनिधियों को पंचायत राज व्यवस्था में उनकी भूमिका, अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम की शुरूआत उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने कहा कि महिला जनप्रतिनिधियों को अपने संवैधानिक अधिकारों का सही उपयोग करते हुए पंचायत के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने ग्रामसभा, योजना निर्माण, कार्यान्वयन, निगरानी एवं पारदर्शिता जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। डीसी ने कार्यशाला में महिला प्रतिनिधियों से संवाद किया और पंचायत में उनकी भूमिका, अनुभव एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सशक्त पंचायत व्यवस्था तभी संभव है जब महिला प्रतिनिधि न केवल भागीदारी करें, बल्कि नेतृत्व करें। उन्होंने पंचायतों को स्वावलंबी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित महिला जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी बात रखी और कार्यशाला को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

## मूसलाधार बारिश से दरियापुर बिनोदपुर सड़क की हालत खराब, विधायक ने दिए सुधार के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** प्रखंड क्षेत्र में विगत कई दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से गुमानी नदी के उफान के कारण दरियापुर से बिनोदपुर जाने वाली पीसीसी सड़क के ऊपर से जल बहाव के कारण जगह जगह टूट जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उधर पाकुड़ विधायक निसात आलम के निर्देश पर सोमवार को आरईओ विभाग के जुनियर इंजीनियर मुकेश कुमार एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने स्थानीय ग्रामीण एवं कार्यकताओं के साथ स्थल का निरीक्षण किया और विधायक को वस्तुस्थिति की जानकारी दी गई। उधर पाकुड़ विधायक ने अग्रत्तर कार्रवाई हेतु प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और साथ ही साथ तत्काल आवागमन को बहाल कराने हेतु भी आवश्यक निर्देश दिए। जहां विधायक के निर्देश से ग्रामीणों में आशा की किरण जगी है और उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही सड़क की मरम्मत कर दी जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेसी कार्यकर्ता मोरसलीम खान, हजरत अली, अहदक हुसैन, मोहसिन हुसैन, हबीबुर रहमान, मुबारक, मोफज्जल हुसैन, अंसार अली, छूदु कुनाई, कासिम शेख सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## तिथि भोज सह जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं बैगलेस डे का बच्चों ने उठाया लुत्फ




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत जिला के मध्याह्न भोजन संचालित विद्यालयों में सोमवार को छात्र-छात्राओं के लिए तिथि भोज सह जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस तिथि भोज के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा हिरणपुर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय मोहनपुर, मध्य विद्यालय देवापाड़ा एवं अमड़ापाड़ा प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय पाडेरकोला एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय जितको का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अमड़ापाड़ा, जिला भीवीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार ने बच्चों के साथ तिथि भोजन सह जन्मोत्सव का आनंद लिया। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि सरकार की ओर से चलाये जा रहे पीएम पोषण योजना को प्रभावी एवं सामाजिक सरोकार से जुड़ाव को लेकर विभागीय निर्देश के आलोक में तिथि भोजन सह जन्मोत्सव के अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को, समुदाय-समाज के बुद्धिजीवी, विशिष्ट, गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी या विभिन्न कार्यालयों द्वारा विशेष दिवस पर एमडीएम के मेनू से अलग हटकर खास भोजन की व्यवस्था की जाती है। यह एक अवसर है जब लोग अपनी खुशियों को सरकारी विद्यालयों के बच्चों के साथ मिलकर और बढ़ा सकते हैं। तिथि भोजन को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राएं उत्साहित थे।

## उपायुक्त ने 64वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता की चैंपियन बालिका टीम को किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित 64वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, रांची में किया गया। इस प्रतियोगिता में हजारीबाग जिले की पीएम श्री के.बी. हाई स्कूल, हजारीबाग की अंडर-17 बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय फाइनल में गुमला की टीम को 7-6 गोल से हराकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही हजारीबाग की टीम अब झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में होने वाले नेशनल टूनामेंट में भाग लेगी। इस उपलब्धि पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने उपायुक्त कार्यालय में टीम के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित व सम्मानित किया। साथ ही टीम के कोच एवं मैनेजर को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने टीम की कप्तान से संवाद करते हुए कहा कि हजारीबाग की बेटियों ने जिला ही नहीं, पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। उन्होंने टीम को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन खेल प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा।

# सिदो कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू व अन्य को न्यायालय से मिली जमानत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** 30 जून को सिदो-कान्हू की जन्म स्थली बरहेट के भोगनाडीह में प्रशासनिक कार्यक्रम के दौरान हुए उपद्रव मामले में सोमवार को सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू के साथ कई अन्य सरेंडर करने न्यायालय पहुंचे हैं। जहां को न्यायालय ने सिदो कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू को लौटा दिया। न्यायालय ने बरहेट थाना में दर्ज कांड संख्या 103 व 104 में सभी को छोड़ दिया। जबकि कांड संख्या 102 में 3 लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दरअसल हूल दिवस के अवसर पर भोगनाडीह में आयोजित समारोह स्थल पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं जानलेवा हमला करने के मामले में तीन आरोपियों ने अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। जिन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है तथा जमानत की सुनवाई हेतु जख्म प्रतिवेदन की मांग की गई है। यह मामला बरहेट प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार ने पांच नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराया था। इस मामले में चुन्नू राम बेसरा, वेटका मुर्मू , नरसिंह मरांडी, सुधीर कुमार एवं बाबूजी हेंब्रम उर्फ रमेश हेंब्रम न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। वहीं रुपचंद्र मुर्मू के गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध में दर्ज कराए गए मामले में शिवचरण हांसदा, टीका हांसदा, सुशील बेसरा, मंडल मुर्मू व मनोज हांसदा को आत्मसमर्पण करने के बाद जमानत प्रदान की गई है। वहीं बरहेट के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश सोरेन की ओर से 27 से 28 जून तक हूल दिवस समारोह में बाधा उत्पन्न करने को लेकर दर्ज कराए गए केस में चंद्र मोहन हांसदा, बेंजामिन मालती, बबलू हांसदा, मुंशी हांसदा, सन्नी मरांडी एवं मनोज मुर्मू को आत्मसमर्पण के बाद जमानत प्रदान किया है। बेंजामिन हांसदा, बबलू हांसदा, चंद्र मोहन हांसदा दूसरे केस में जेल में ही रहेगा। ज्ञात हो कि इसके पूर्व विधि व्यवस्था बिगाड़ने के मामले में पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बरहेट थाना में कांड संख्या 103/25 दर्ज कर बरहेट थाना क्षेत्र के तलबड़िया ग्राम प्रधान बेटका मुर्मू, बोरियो थाना क्षेत्र के पथरा ग्राम प्रधान नरसिंह मरांडी एवं गोड्डा जिला के बोआरीजोर निवासी चुनाराम बेसरा को गिरफ्तार किया था। उनके विरुद्ध नेतृत्व कर भीड़ को उकसाने का आरोप था।

क्या था मामला

हूल दिवस पर कार्यक्रम को लेकर सिदो कान्हू हूल फाउंडेशन व अतु मांझी वैसी संस्था के तले विरोध चल रहा था। इसका नेतृत्व फाउंडेशन अध्यक्ष सह सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू कर रहे थे। इस दौरान 30 जून को सिदो-कान्हू पार्क में लगे ताला को खोलने को लेकर प्रशासन के साथ उत्पन्न हुए विवाद के बाद वहां उपद्रव हो गया। जिसके बाद पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और लाठियां भांजनी पड़ी थीं। पुलिस के अनुसार उपद्रव में बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल व जैप-09 का एक जवान घायल हुए थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## साइबर ठगी के आरोपी को पुलिस ने रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर भेजा जेल




**साहिबगंज:** अनुमंडल पुलिस कार्यालय कक्ष में एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दि कि दिनांक 29 मई 2025 को सुरेश रमानी, पिता स्वर्ग तेजू रमानी, साकिन छोटा पचगढ़, थाना जिरवाबाड़ी, का मोबाइल फोन नगर थाना अंतर्गत गांधी चौक से गुम हो गया था। वादी के द्वारा गुम हुए मोबाइल नंबर को पुनः चालू कराया गया और अपना फोन पे बनाया गया तो उन्हें जानकारी हुई कि उनके फोन पे के खाते से करीब 60 हजार रुपए की अवैध निकासी हो गई है। साथ ही उनके खाते से एक लोन भी कराया गया है। जिसका ईएमआई भुगतान उनके खाते से ही होना है। वादी के द्वारा इस संबंध में एक लिखित आवेदन नगर थाना में दिया जिस संबंध में नगर थाना कांड संख्या 90/25 दिनांक 4 जून 2025 धारा 318(4)/319(2) बी.एन.एस. एवं 66(बी)/66(सी)/66(डी) आई.टी एक्ट अंकित किया गया। कांड के उदभेदन एवं साइबर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह साहिबगंज के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहिबगंज के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। कांड के अनुसंधान गुप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के द्वारा गठित छापामारी दल के द्वारा इस कांड के अभियुक्त प्रताप महतो उम्र 38 वर्ष, पिता अशोक महतो, साकिन महाराजपुर नया टोला, थाना तालझारी को दिनांक 20 जुलाई 2025 को साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसर से विधिवत गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के द्वारा इस कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। अभियुक्त के निशानदेही में वादी का गुम हुआ मोबाइल फोन एवं लोन लेने में प्रयुक्त मोबाइल नंबर, मोबाइल फोन सहित बरामद किया गया है। अभियुक्त को सदर अस्पताल में शारीरिक जांच करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापामारी दल में पुनि अमित कुमार गुप्ता थाना प्रभारी नगर थाना, पुअनि प्रवीण कुमार प्रभाकर नगर थाना, पुअनि अनीश पांडे नगर थाना, पुअनि विजय रामानी बैरेट थाना, पुअनि अनिल कुमार तालझारी थाना शामिल था।

## मानवतस्कर के विरुद्ध चलाया गया जांच अभियान संदिग्ध अवस्था में एक नाबालिग को आरपीएफ ने पाया



**साहिबगंज/बरहरवा :** रविवार को देर शाम समय आठ बजे से आरपीएफ इंस्पेक्टर बरहरवा संजीव कुमार ने स्टेशन परिसर में मानव तस्करों के विरुद्ध एक जांच अभियान चलाया। उन्होंने अपने आरपीएफ एएसआई सुरेश पासवान और बाल मंथन संस्थान बरहरवा की आराधना मंडल को साथ लेकर मानव तस्करों के विरुद्ध बरहरवा रेलवे स्टेशन पर यह जांच अभियान चलाया। जांच अभियान के दौरान जब प्लेटफार्म नंबर एक न्यू फरक्का साइड में पहुँचे तो देखा कि एक नाबालिग लड़का संदिग्ध तरीके से इधर-उधर घूम रहा था। पूछताछ करने पर उसने बरहरवा थाना के अंतर्गत गाँव का रहने वाला बताया और बताया कि वह अपने माता -पिता को बिना कुछ बताए पटना काम करने के लिए घर से भाग कर स्टेशन आ गया था। इसके बाद, उसकी गतिविधियों और बातचीत से संतुष्ट न होने के कारण, नाबालिग लड़के को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया। सभी कानूनी औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद, नाबालिग लड़के को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए बाल संरक्षण मंथन बरहरवा की आराधना मंडल को सौंप दिया गया है।

## बंगाल के पांच कांवरिया सड़क दुर्घटना में हुए घायल, सीएचसी तालझारी में कराया गया इलाज



**साहिबगंज/तालझारी :** मालदा जिला के मानिकचक थाना अंतर्गत मथुरापुर गांव से 6 मोटरसाइकिल पर 12 बोल बम श्रद्धालु सोमवार को मानिकचक राजमहल गंगा घाट होते हुए तालझारी प्रखंड के महाराजपुर मोती झरना बाबा मोती नाथ धाम जलाभिषेक करने पहुंचे थे। वहीं मोती नाथ धाम से जलाभिषेक कर महाराजपुर तालझारी के रास्ते वापस शिवगादी जा रहे थे। इसी दौरान तालझारी महाराजपुर मुख्य मार्ग कालाझोर के पास एक स्कूटी अनियंत्रित होकर उसके पीछे चल रहे मोटरसाइकिल सवार स्कूटी से टकरा गई जिससे कुल पांच श्रद्धालु घायल हो गए। उधर इस सड़क दुर्घटना में एक श्रद्धालु बापन मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया जहां सभी घायलों को तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. रवि कुमार के देखरेख में ड्रेसर रामचंद्र हंसो एवं अस्पताल के अन्य कर्मी के साथ सामूहिक सहयोग से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को उनके सहयोगी साथी अपने साथ बंगाल ले गए। उधर घायलों में संदीप मंडल उम्र 17 वर्ष पिता छोटु मंडल मानिकचक मथुरापूर, प्रशांत मंडल उम्र 18 वर्ष पिता नारायण मंडल मथुरापुर, संटु मंडल उम्र 21 वर्ष पिता सुकेन मंडल मथुरापुर, सुबह मंडल उम्र 18 वर्ष पिता निखील मंडल मथुरापुर एवं बापन मंडल उम्र 20 वर्ष पिता जोका मंडल शामिल है।

## मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा



**साहिबगंज:** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज, तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। डीसी ने योजनाओं की अद्यतन कार्य योजना की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देना है, अतः लाभुकों तक योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उद्योग पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्य निर्धारण एवं जन-जागरूकता अभियान तेज करने का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

# विनफास्ट ने भारत में ईवी उत्पादन और निर्यात में दी टेस्ला को टक्कर

**नई दिल्ली ।**

वियतनाम की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी विनफास्ट ने भारत में अपनी तेज़ी से विस्तार की रणनीति के साथ टेस्ला को कड़ी टक्कर दी है। तमिलनाडु के तूत्तुक्कुडि में 2 अरब डॉलर के विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के करीब, कंपनी ने पहले ही नेपाल, श्रीलंका, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के बाजारों से निर्यात ऑर्डर मिलने की जानकारी दी है। यह भारत के 'मेक इन इंडिया' अभियान को वैश्विक स्तर पर ले जाने का संकेत है। विनफास्ट का संयंत्र इस महीने के अंत तक उत्पादन शुरू करने की संभावना है, और आगामी त्योहारी सीजन तक वाहन की आपूर्ति शुरू हो सकती है। कंपनी की दो प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी–वीएनएफ 6 और वीएनएफ 7 की बुकिंग भी 21,000 में शुरू हो चुकी है। संयंत्र की शुरुआती उत्पादन क्षमता सालाना 1.5 लाख वाहन होगी, और अगले पांच वर्षों में 2 अरब डॉलर तक निवेश बढ़ाने की योजना है। भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्यात में तेजी से उभर रहा है। वित्त वर्ष 2025 में वाहन निर्यात 7,65,000 यूनिट तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष से 14 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 2030 तक निर्यात हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं लागू हैं। वहीं टेस्ला ने भारत में पहला शोरूम तो खोला है, लेकिन विनफास्ट की तुलना में उसकी शुरुआत धीमी रही है। तूत्तुक्कुडि




हवाईअड्डे पर नई टर्मिनल बिल्डिंग के चालू होने के बाद विनफास्ट के निर्यात और उत्पादन में और तेजी आने की उम्मीद है। इस तरह, विनफास्ट भारत में इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है, जो देश को वैश्विक ईवी बाजार में नई पहचान दिला सकता है।

# टेस्ला की भारत में प्रवेश से ईवी इंश्योरेंस सेक्टर में आया बदलाव




**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला ने भारत में अपनी आधिकारिक शुरुआत करते हुए मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में पहला शोरूम खोला है। कंपनी ने अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वाय को लॉन्च किया है, जिसकी शुरुआती कीमत 60 लाख रुपए रखी गई है। टेस्ला की एंट्री से न केवल ऑटो सेक्टर में हलचल मची है, बल्कि बीमा क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। टेस्ला की एडवांस टेक्नोलॉजी और हाई-परफॉर्मेंस बैटरी सिस्टम को देखते हुए कई बीमा कंपनियां अब पारंपरिक पॉलिसियों से आगे बढ़कर ईवी -केंद्रित कवरेज प्रदान कर रही हैं।

प्रमुख कंपनियों जैसे एसीकेओ, ज़्यूरिख कोटक और लिबर्टी जनरल ने टेस्ला के लिए फेवरेट इंश्योरेंस पार्टनर बनने की घोषणा की है। नई ईवी पॉलिसियों में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे वॉल-माउंटेड चार्जर, केबल और अडैप्टर को भी कवर किया जा रहा है। इसके साथ ही एक नया बैटरी सिक्योर ऐड-ऑन भी शामिल किया गया है, जो बैटरी की मरम्मत और बदलने की लागत को कवर करता है। इसके अलावा बीमा कंपनियां अब जीरो डिप्रिसिएशन, गैप वैल्यू प्रोटेक्शन, कंज़्युमेबल्स कवरेज, टायर और चाबी की सुरक्षा, पर्सनल सामान की सुरक्षा, ईएमआई सपोर्ट और पैसेंजर असिस्टेंस जैसी प्रीमियम सुविधाएं भी ऑफर कर रही हैं, ताकि टेस्ला जैसी लग्ज़री ईवी के अनुभव को सुरक्षित बनाया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि टेस्ला की मौजूदगी भारत के ईसी इंश्योरेंस मार्केट में नई सोच और इनोवेशन को प्रेरित करेगी, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक स्मार्ट और कस्टमाइज़्ड बीमा विकल्प मिलेंगे।

# सेबी की मंजूरी के बाद जेन स्ट्रीट की भारतीय शेयर बाजार में वापसी

**- अब हर लेनदेन पर रहेगी पैनी नजर**



**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी हाई फ्रीक्वेंसी ट्रेडिंग (एचएफटी) फर्म जेन स्ट्रीट को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से फिर से ट्रेडिंग की अनुमति मिल गई है। यह मंजूरी तब मिली जब कंपनी ने नियामक के निर्देशों का पालन करते हुए 4,844 करोड़ रुपए की कथित अवैध कमाई को एस्क्रो खाते में जमा करा दिया। सेबी ने 3 जुलाई को एक अंतरिम आदेश में जेन स्ट्रीट पर भारतीय प्रतिभूति बाजार में ट्रेडिंग करने पर प्रतिबंध लगाया था। हालांकि आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया था कि यदि कंपनी एस्क्रो खाते में निर्धारित राशि जमा कर देती है, तो उस पर से प्रतिबंध हटा लिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक सेबी ने पिछले सप्ताह ईमेल के जरिए कंपनी को प्रतिबंध हटाने की आधिकारिक सूचना दी। साथ ही कस्टोडियन, डिपॉजिटरी और स्टॉक एक्सचेंजों को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। हालांकि, जेन स्ट्रीट के लिए पहले जैसी आसान ट्रेडिंग अब संभव नहीं होगी। सेबी ने निर्देश दिया है कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज कंपनी के सभी लेनदेन और पोजिशन पर करीबी नजर रखें। साथ ही, जेन स्ट्रीट और उसकी सहयोगी इकाइयों को किसी भी प्रकार की हेराफेरी से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई है। सेबी द्वारा जारी आदेश में जेन स्ट्रीट की कुछ ट्रेडिंग रणनीतियों का खुलासा किया गया है, जिससे उसके प्रतिस्पर्धात्मक लाभ पर असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी पारदर्शिता के बाद कंपनी के लिए भारतीय बाजार में पहले जैसा मुनाफा कमाना अब चुनौतीपूर्ण होगा।

# एक्सेल साइबर सुरक्षा शिखर सम्मेलन 30 को बेंगलुरु में

**नई दिल्ली ।**

एक्सेल साइबर सुरक्षा शिखर सम्मेलन का दूसरा संस्करण 30 जुलाई 2025 को बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। इस बार शिखर सम्मेलन का मुख्य फोकस कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा संचालित खतरों से निपटने और भारत को वैश्विक साइबर सुरक्षा नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने पर होगा। इस आयोजन में प्रमुख मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी, साइबर सुरक्षा संस्थापक, क्लाउड आर्किटेक्ट, नीति निर्माता और निवेशक हिस्सा लेंगे। वे नवीनतम सुरक्षा तकनीकों और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे, जो आज के डिजिटल युग में साइबर हमलों से बचाव के लिए जरूरी हैं। शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रारंभिक चरण के सुरक्षा उत्पादों को भी पेश किया जाएगा, जिससे स्टार्टअप्स और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। यह आयोजन अमेजन वेब सर्विसेज और गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी में आयोजित किया जा रहा है, जो इसके तकनीकी स्तर और प्रभाव को और मजबूत बनाता है। एक्सेल के साझेदार ने बताया कि आज की साइबर सुरक्षा विश्वास, पैमाने और बुद्धिमत्ता का संगम है। जैसे-जैसे संगठन क्लाउड और एआई को अपना रहे हैं, साइबर हमलों का दायरा पारंपरिक सुरक्षा प्रणालियों की क्षमता से बढ़ रहा है, इसलिए नए और प्रभावी समाधानों की जरूरत है। शिखर सम्मेलन में एक्सेल साझेदार अरुण मैथ्यू, साइवेयर के सह-



संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी अक्षत जैन, सदरलैंड के उपाध्यक्ष अनुराणा सुलाजा और स्टील्थ (पूर्व-चेकमार्क्स) के संस्थापक जैक जोर्नस्ट्रेन सहित कई विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे।

# अमेजन वेब सर्विसेज ने फिर की कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली ।**

अमेजन एक बार फिर कर्मचारियों की छंटनी को लेकर चर्चा में है। इस बार अमेजन की क्लाउड यूनिट अमेजन वेब सर्विसेज ने सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। बताया जा रहा है कि यह छंटनी सिर्फ शुरुआत है और साल के अंत तक इसमें और तेजी आ सकती है। एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर कहना है कि एडब्ल्यूएस में कुल कर्मचारियों की संख्या का करीब 10 फीसदी हिस्सा और प्रिंसिपल-लेवल की 25 फीसदी नौकरियां इस छंटनी की चपेट में आ सकती हैं। अमेजन यह कदम लागत कम करने, संगठनात्मक ढांचे को सरल बनाने और प्रदर्शन में सुधार के उद्देश्य से उठा रही है। इसके लिए कंपनी परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट प्लान और रिडक्शन इन फोर्स जैसे उपायों को लागू कर रही है। बताया जा रहा है कि एडब्यूएस के अंदर ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन सहित कई यूनिट्स के कर्मचारी छंटनी की चपेट में आए हैं। इस बार सीनियर लेवल के प्रिंसिपल भी निशाने पर हैं। यह वे पद होते हैं, जिन पर सबसे ज्यादा वेतन और सुविधाएं दी जाती हैं। अब इन्हें भी बचाया नहीं




जा रहा है। छंटनी का एक बड़ा कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भी है। अमेजन के सीईओ ने हाल ही में कहा था कि एआई के आने से कुछ कामों के लिए अब कम लोगों की जरूरत है, और कुछ नए कामों के लिए नए तरह के लोगों की जरूरत होगी।

# एंथम बायोसाइंसेज का शेयर 27 फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली ।

एंथम बायोसाइंसेज लिमिटेड का शेयर सोमवार को अपने निर्गम मूल्य 570 रुपये से करीब 27 प्रतिशत की तेजी के साथ बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 723.10 रुपये पर शुरू हुआ, जो निर्गम मूल्य से 26.85 प्रतिशत अधिक था। बाद में यह 746.70 रुपये तक पहुंच गया, जो 31 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। एनएसई पर भी शेयर 723.05 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 40,716.73 करोड़ रुपये रहा। इसका आईपीओ 3,395 करोड़ रुपये का था, जिसे बोली के अंतिम दिन तक 63.86 गुना अभिदान मिला। आईपीओ का मूल्य दायरा 540–570 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। यह आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश पर आधारित था, इसलिए कंपनी को इस निर्गम से कोई राशि प्राप्त नहीं होगी। बेंगलुरु स्थित यह कंपनी बायोटेक क्षेत्र में तेजी से उभर रही है और निवेशकों में अच्छी पकड़ बना रही है।




# कुवैत और भारत के बीच हवाई सेवा क्षमता में 50 फीसदी बढ़ोतरी पर समझौता

**नई दिल्ली ।** कुवैत और भारत ने एक नए द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच हवाई यात्रा की क्षमता में 50 प्रतिशत तक वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार अब दोनों देशों की एयरलाइन कंपनियों को प्रति सप्ताह प्रत्येक दिशा में 18,000 सीटें संचालित करने की अनुमति मिलेगी, जो पहले 12,000 सीटों तक सीमित थी। यह पहला मौका है जब 2006 के बाद से इस सीमा में वृद्धि की गई है। कुवैत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अध्यक्ष शेख हमूद मुबारक अब सबाह और भारत के नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। 2006 में आखिरी बार हवाई सेवा क्षमता को बढ़ाकर 8,320 सीटें की गई थीं, लेकिन अब यह संख्या काफी बढ़ गई है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों का संकेत है।

# ब्रिगेड होटल वेंचर्स का आईपीओ 24 जुलाई को खुलेगा

**नई दिल्ली ।** दक्षिण भारत की प्रमुख होटेल डेवलपर ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 85 से 90 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा निर्धारित किया है। कंपनी 24 जुलाई से 28 जुलाई 2025 तक आईपीओ के लिए आवेदन स्वीकार करेगी। एंकर निवेशक 23 जुलाई को बोली लगा सकेंगे। यह आईपीओ पूर्णतः नए शेयर जारी करने पर आधारित है, इसमें कोई ऑफर फॉर सेल शामिल नहीं है। आईपीओ का कुल आकार 749.6 करोड़ रुपये है। जेएम फाइनेंशियल और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज इस प्रस्ताव के प्रबंधक हैं। कंपनी के शेयर 31 जुलाई को स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध हो सकते हैं। ब्रिगेड होटल वेंचर्स ने हाल ही में 360 वन अल्टरनेट्स एसेट मैनेजमेंट को शेयर बेचकर 126 करोड़ की फंडिंग भी प्राप्त की है। यह कदम कंपनी के विस्तार और विकास में मदद करेगा।

# त्रिपुरा के नौ औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए एडीबी देगा 975 करोड़





**अगरतला ।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने त्रिपुरा के नौ औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 975.26 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया है। त्रिपुरा औद्योगिक विकास निगम (टीआईडीसी) के चेयरमैन ने बताया कि इस परियोजना के तहत औद्योगिक शेड, बिजली सबस्टेशन, भूमिगत बिजली लाइन, अग्निशमन सेवा स्टेशन और 34 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एडीबी द्वारा यह ऋण त्रिपुरा के औद्योगिक क्षेत्रों को विश्वस्तरीय बनाने में मदद करेगा और परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस योजना के अंतर्गत बोधजंगनगर, आर.के. नगर, दुकली और ए.एन. नगर समेत कुल नौ औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार ने दक्षिण त्रिपुरा के संतिरबाजार में 127 एकड़ और उनाकोटी जिले के फटीक्रोय में 28 एकड़ भूमि औद्योगिक क्षेत्रों के लिए आवंटित की है। टीआईडीसी ने इन नए क्षेत्रों में सीमांकन और बुनियादी ढांचा निर्माण का काम शुरू कर दिया है ताकि उद्योगों के लिए भूमि लंबे समय तक खाली न पड़े। वर्तमान में राज्य में दो प्लाईवुड निर्माण इकाइयां संचालित हो रही हैं, और भविष्य में सात और नई इकाइयां स्थापित करने की योजना बनाई गई है। यह निवेश त्रिपुरा के औद्योगिक विकास को तेजी से बढ़ावा देगा, रोजगार के अवसर बढ़ाएगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।

# रिलायंस रिटेल से अलग होगा 4400 करोड़ वाला एफएमसीजी कारोबार

**- सरकार से मंजूरी मिलने का इंतजार**

**नई दिल्ली ।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज अब अपने एफएमसीजी कारोबार को एक अलग स्वतंत्र कंपनी के रूप में स्थापित करने जा रही है। यह यूनिट अभी तक रिलायंस रिटेल लिमिटेड का हिस्सा है, लेकिन कंपनी ने इसे अलग करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इसके लिए सरकारी मंजूरी ली जा रही है। संभावना है कि यह काम साल 2025 के अंत तक पूरा हो जाएगा। रिलायंस रिटेल के सीएफओ ने पहली तिमाही 2025 के नतीजों के बाद बताया कि कंपनी के एफएमसीजी बिजनेस ने 4,400 करोड़ का रेवेन्यू दर्ज किया है, जो पिछले साल की तुलना में लगभग दोगुना है। उन्होंने बताया कि ग्रॉसरी और फैशन सेगमेंट्स ने शानदार प्रदर्शन किया है, जबकि कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर मानसून की जल्दी शुरुआत का थोड़ा असर पड़ा। कंपनी ने इस तिमाही में 388 नए स्टोर खोले, जिससे अब रिलायंस रिटेल के स्टोर्स की संख्या 19,600 से अधिक हो गई है। साथ ही, ट्रांजैक्शनों की संख्या में 16 फीसदी की सालाना वृद्धि देखी गई। एफएमसीजी प्रोडक्ट्स की लगभग 70 फीसदी बिक्री देशभर की छोटी किराना दुकानों से होती है। इसके साथ ही कंपनी ने खुद का एक मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क भी तैयार कर लिया है।




# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 442, निफ्टी 122 अंक गिरा**

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले जुले संकेतों के बाद भी खरीददारी से बाजार में ये बढ़त आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.61 अंकों की बढ़त के साथ ही 82,200.34 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 122.30 अंकों की बढ़त के साथ ही 25,090.70 अंकों पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ही ऊपर आकर बंद हुए। वहीं अन्य सभी 12 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसी प्रकार, निफ्टी 50 की 50 में से 28 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 21 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये है। वहीं एक कंपनी का शेयर आज बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एटरनल (जोमेटो) के शेयर सबसे ज्यादा 5.38 फीसदी बढ़कर बंद हुए जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में सबसे अधिक 3.29 फीसदी गिरे।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 2.76 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 2.19 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.75फीसदी, बीईएल 1.37 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 1.14 फीसदी, बजाज फिनसर्व 1.06 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.05 फीसदी, एलएंडटी 1.05 फीसदी, पावरग्रिड 1.04 फीसदी बढ़कर बंद हुए।




वहीं दूसरी ओर, आज एचसीएल टेक के शेयरों में 1.21 फीसदी, टीसीएस 0.99 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.97 फीसदी, आईटीसी 0.59 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.फीसदी, टेक महिंद्रा 0.31 फीसदी और एनटीपीसी के शेयरों में 0.16 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

वहीं इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच बाजार हल्की बढ़त के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स 12.1 अंक की बढ़त के साथ 81,769.83 के स्तर पर खुला। वहीं एनएसई निफ्टी हल्की गिरावट के साथ 25,958 पर खुला। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 0.49 फीसदी उछला है जबकि एएसएक्स 200 फीसदी गिरा। अमेरिकी इक्विटी फ्यूचर्स शुरुआती एशियाई घंटों में गिरावट के साथ बंद हुआ। अमेरिकी बाजारों की बात करें तो एसएंडपी 500 फ्यूचर्स 0.06 फीसदी बढ़ा, नैस्डैक 100 फ्यूचर्स 0.08 फीसदी बढ़ा और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज फ्यूचर्स 24 अंक ऊपर आया।

# भारत की यूपीआई सेवा बनी डिजिटल भुगतान की दुनिया में नंबर वन

**- यूपीआई से हर महीने 18 अरब के लेनदेन, 49 करोड़ से ज्यादा यूजर्स**

**नई दिल्ली ।**

भारत अब डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में पूरी दुनिया में सबसे आगे है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) इस सफलता का मुख्य आधार है। 2016 में नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूपीआई शुरू किया था, जो आज भारत में पैसे भेजने और प्राप्त करने का सबसे तेज़, आसान और भरोसेमंद तरीका बन चुका है। यूपीआई की सबसे बड़ी खासियत है कि यह एक ही मोबाइल ऐप से कई बैंक खातों को जोड़ने की सुविधा देता है। इससे कोई भी व्यक्ति कुछ ही क्लिक में किसी भी बैंक में पैसे भेज या प्राप्त कर सकता है। जून 2025 तक यूपीआई के जरिए हर महीने लगभग 18.39 अरब लेन-देन होते हैं, जिनकी कुल रकम 24.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। यह पिछले वर्ष जून के मुकाबले 32 प्रतिशत की वृद्धि है। आज भारत में 49.1 करोड़ लोग और 65 लाख व्यापारी यूपीआई से जुड़े हैं। 675 बैंक यूपीआई नेटवर्क से जुड़े हैं, जिससे उपयोगकर्ता को बैंक के नाम की चिंता नहीं करनी पड़ती। भारत में डिजिटल लेन-देन का 85 प्रतिशत यूपीआई के जरिए होता है। वैश्विक स्तर पर देखें तो दुनिया के आधे से अधिक रियल-टाइम डिजिटल भुगतान भारत के




यूपीआई से होते हैं। यूपीआई की सेवा यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरिशस जैसे सात देशों में शुरू हो चुकी है। विशेष रूप से फ्रांस में यूपीआई की शुरुआत यूरोप में इसका पहला कदम है, जिससे वहां के भारतीय प्रवासियों को भुगतान करना और भी आसान हो गया है।

# एलएंडटी हरित हाइड्रोजन संयंत्र पानीपत रिफाइनरी में लगाएगा




**नई दिल्ली ।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एलएंडटी एनर्जी ग्रीनटेक लिमिटेड के माध्यम से हरियाणा की पानीपत रिफाइनरी में देश का सबसे बड़ा हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करेगी। यह परियोजना भारत सरकार के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत है, जिसका उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन उत्पादन में वैश्विक केंद्र बनाना है। संयंत्र 25 वर्षों तक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) को प्रति वर्ष 10,000 टन हरित हाइड्रोजन की आपूर्ति करेगा। एलएंडटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह परियोजना भारत के ऊर्जा बदलाव में उनकी प्रतिबद्धता और स्वच्छ ऊर्जा समाधान प्रदान करने की क्षमता को मजबूत करेगी। यह कदम देश में स्वच्छ ऊर्जा के विकास और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# विधानसभा के मानसून सत्र में हंगामे के आसार, लॉ-एंड-ऑर्डर, वोटर वेरिफिकेशन पर विपक्ष का प्रदर्शन

**बिहार।** विधानसभा का मानसून सत्र आज यानी विधानसभा चुनाव से पहले यह आखिरी सत्र है, ऐसे में जबरदस्त हंगामे के आसार हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे हैं। संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, विधानसभा सचिव ने उनका स्वागत किया। पिछली बार विधानसभा की कार्यवाही बजट सत्र के दौरान फरवरी और मार्च में हुई थी। इसके बाद से बिहार में लगातार हत्याएं हो रही है। चुनाव आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण का काम शुरू किया है। मानसून सत्र में इन्हीं मुद्दों पर पखऊ कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियां सरकार को घेरेंगी। सत्र के पहले दिन राज्य सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के लिए सप्लीमेंट्री बजट पेश किया जाएगा। इसके साथ राज्यपाल द्वारा




स्वीकृत क्रयादेशों और विभिन्न समितियों की रिपोर्टें सदन के पटल पर रखी जाएंगी। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार राजकीय विधेयक पेश किए जाएंगे और अलग-अलग राजकीय कार्य होंगे। 24 जुलाई को अनुपूरक बजट पर चर्चा और मतदान के बाद विनियोग विधेयक पेश किया जाएगा। अंतिम दिन 25 जुलाई को गैर सरकारी संकल्पों पर चर्चा होगी। बिहार विधान परिषद में भी चालू वित्तीय वर्ष के लिए सप्लीमेंट्री बजट पेश किया जाएगा। पांच दिनों के सत्र में विधायक और पार्षदों के सवालों



के जवाब भी सरकार के मंत्रियों की ओर से दिए जाएंगे। बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन बिहार में साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग यहां वोटर लिस्ट को नए सिरे से तैयार करने के लिए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का अभियान चला रहा है। संसद से लेकर विधानसभा में सबसे ज्यादा हंगामा इसी पर हो सकता है। इस मुद्दे पर विपक्षी पार्टियां BJP-JDU के खिलाफ एकजुट हैं। विपक्ष ने चुनाव आयोग के काम में अनियमितता और पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया है। उसका दावा है कि इस प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई हैं। कांग्रेस और पखऊमिलकर इस मुद्दे पर सरकार को घेरेंगे। सामने बिहार विधान सभा का चुनाव है। इसलिए सत्र हंगामेदार होने वाला है। खास तौर से बढते क्राइम, बाढ, कर्ज की वजह से सुसाइड आदि के सवाल पर विपक्ष की तैयारी सरकार को घेरने की है। महिलाओं की सुरक्षा के साथ ही अन्य मुद्दों पर विपक्ष सरकार से जवाब मांगेगा। सभी की नजर इस पर भी है कि विधान सभा सत्र में तेजप्रताप यादव का रवैया किस तरह का रहता है। बता दें उन्हें लालू प्रसाद ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी से छह वर्षों से के लिए निष्कासित कर दिया है, लेकिन अब तक विधान सभा अध्यक्ष को इस बारे में लिख कर नहीं दिया है।

## पूर्णिया में 5 लोगों पर तेजाब से हमला, 3 गंभीर



**पूर्णिया।** में बदमाशों ने 5 लोगों पर तेजाब से हमला कर दिया। तीन गंभीर रूप से जबकि दो आंशिक तौर पर झुलस गए। घायलों में तीन युवक, एक महिला और एक बुजुर्ग शामिल है। इलाज के लिए GMCH में एडमिट कराया गया है। वारदात को 8 लोगों ने मिलकर अंजाम दिया है। गंभीर घायलों की पहचान बासुदेवपुर निवासी रमेश कुमार साह के बेटे मृत्युंजय कुमार(17), हिमांशु कुमार (19) और शिपिंन दास के बेटे नीलेश कुमार (17) के तौर पर हुई है। बुजुर्ग और महिला की पहचान नहीं हुई है। 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना बड़हरा कोठी थाना क्षेत्र के बड़हरा बाजार दुर्गा मंदिर के पास की है। एसिड अटैक में झुलसे मृत्युंजय कुमार ने बताया कि आरोपी राजीव सोनार दबंग प्रवृत्ति का आदमी है। बड़हरा बाजार में उसका ज्वेलरी शॉप है। शुक्रवार को राजीव ने मेरे दोस्त नीलेश को जाति सूचक शब्द से पुकारा था। पहले से कोई विवाद नहीं था। विरोध करने पर पिटाई कर दी। रविवार को नीलेश के साथ मैं और एक दोस्त मोबाइल ठीक करवाने के लिए बाजार जा रहे थे। इस दौरान राजीव ने फिर मारपीट शुरू कर दी। उस समय स्थानीय लोगों ने मामला शांत कर दिया। वहीं, बड़हरा कोठी थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिला है। तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## पुष्पम प्रिया ने खोला शादी-मास्क और काले कपड़ों का राज कहा-बचपन से ही हीरो की तरह दिखते थे CM

**पटना।** 'द प्लुरल पार्टी' (टीपीपी) की प्रमुख पुष्पम प्रिया चौधरी बिहार की राजनीति में एक बार फिर से एक्टिव हुई हैं। 2025 के विधानसभा चुनाव में सभी दलों को चुनौती देने के लिए उन्होंने बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। पुष्पम प्रिया चौधरी ने भास्कर डिजिटल के साथ बातचीत में बिहार की सियासत, निजी जीवन और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने कई राज भी खोले। बिहार के सभी जिलों मे जितने भी कल कारखाने हैं, वहां जाकर हमने दिखाया कि यह क्यों बंद हुए? हमने लोगों को दिखाया कि इस तरीके की चीज बिहार में हो रही है। जो लोग नौकरी के लिए बाहर जा रहे हैं तो इसलिए क्योंकि हमारे पास जो बेसिक कारखाने होने




चाहिए वह हमारे पास है ही नहीं। हमने बहुत सारी जनसभाएं की और जनसभा तो करना ही पड़ता है, लेकिन मुझे ऑर्गेनिक जनसभा ज्यादा पसंद है। ऐसी जगह पर जाकर जब मैं लोगों से कनेक्ट होती हूं तो लोग सुनते हैं और हमें अपनी समस्या बताते हैं। गांव के लोगों के साथ कनेक्ट करना मेरे लिए ज्यादा आसान होता है। हमने पूरा बचपन दादी के साथ बिताया है। हम कह सकते हैं कि वह पूरी तरह से अनपढ़ थी तो मुझे पता है कि गांव के लोगों के साथ कैसे कनेक्ट करना है। जवाब- बिल्कुल भी मुश्किल नहीं होता। लंदन तो मैं उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए गई थी, लेकिन रूट तो यहीं का है। सबसे आसान होता है गांव में लोगों से बात करना। एक बात जो मुझे हर जगह महिलाओं और पुरुषों ने बताई है कि यह सब वोट लेने के लिए आते हैं। उसके बाद दोबारा नहीं आते हैं। सवाल-गांव और बिहार के लोगों को आप कितना समझती हैं? उनसे कनेक्ट करने का एजेंडा क्या है जवाब- पहली बात कि मैंने बिहार में ही पूरा जीवन बिताया है और बिहार सरकार में नौकरी भी की है। दूसरी बात की जब मैं लंदन गई तो वहां मेरा प्राइमरी रिसर्च का मेरा एरिया बिहार की राजनीति ही था। फिर मुझे पता लगा कि आखिर बिहार इतना पिछड़ा क्यों है? पिछड़ा बिहार मुद्दा है और हमारा मुद्दा है। जब मैं बाहर गई हूं और वहां से पढ़कर आई हूं तो यह डेफिनेट है कि मुझे पता है कि बिहार में क्या समस्या है और उसे कैसे सॉल्व करना है।

## मतदाता वोटिंग से वंचित हुए तो होगा आंदोलन

**पटना।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजेंद्र यादव ने उप निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर मतदाता पुनरीक्षण कार्यों पर असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि कई बूथों पर मतदाता सूची में अब तक कई लोगों के नाम नहीं जोड़े गए हैं। कांग्रेस ने मांग की कि जल्द से जल्द सभी नाम जोड़े जाएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में अगर एक भी मतदाता वोटिंग से वंचित हुआ तो कांग्रेस पार्टी सड़क पर जन आंदोलन करेगी। जिला कांग्रेस कार्यालय में स्थानीय निर्वाचन अधिकारी और बीएलओ के साथ बैठक कर इस मुद्दे पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बूथ स्तर पर काम सही से नहीं हो रहा है। इसकी जानकारी मजिस्ट्रेट को भी दी गई है। जिलाध्यक्ष ने सभी प्रखंड अध्यक्षों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए निर्देश दिए कि जनता से जुड़ें और मतदाताओं को जागरूक करें। कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष मिलकर इस समस्या को दूर करेंगे।

## नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**पटना।** में NEET की तैयारी कर रहे छात्र रोहित कुमार मेहता (22) ने कम मार्क्स आने के कारण सुसाइड कर लिया। पूरा मामला दानापुर के साधना कॉटेज हॉस्टल का है, जहां बक्सर जिले के चनवथ गांव निवासी मुखिया पंकज कुमार मेहता का बेटा पटना में रहकर NEET की तैयारी कर रहा था। रोहित के रूम पार्टनर आर्यन ने बताया कि, वह पटना इस्कॉन मंदिर घूमने गया था। रात साढ़े आठ बजे लौटने पर कमरा अंदर से बंद मिला। आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला।



हॉस्टल मालिक और अन्य छात्रों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर रोहित पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और FSL की टीम मौके पर पहुंची। FSL टीम ने कमरे से साक्ष्य जुटाए। डुमराव विधायक डॉ. अजीत कुशवाहा भी घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के पिता पंकज कुमार मेहता ने बताया कि रोहित पहले बिहटा में रहकर फिजिक्सवाला संस्थान में पढ़ाई करता था। इस बार नीट परीक्षा में कम मार्क्स आने से वह डिप्रेशन में था। परिवार वाले उसे समझाते रहे। 11 अप्रैल को उसकी शादी हुई थी। रोहित ने दोपहर ढाई बजे के करीब अपने घर फोन पर बात हुई थी। उस समय वह ठीक ठाक था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। वहीं होस्टल संचालक रौशन कुमार ने बताया कि रोहित 3 जून को होस्टल में रहने आया था।

# गैंगस्टर हत्याकांड-शूटर तौसीफ समेत, 4 को पटना ला रही पुलिस

### काले रंग की स्कॉर्पियो में हैं अपराधी स्कॉट में 4 गाड़ियां: कोर्ट में होगी पेशी

**पटना।** पारस अस्पताल में इलाज करा रहे बक्सर के कुख्यात चंदन मिश्रा की हत्या की साजिश 3 दिन पहले रची गई थी। इस मामले में मुख्य शूटर तौसीफ उर्फ बादशाह, उसके मौसेरे भाई नीशू खान, नीशू के केयर टेकर हर्ष, उसके नर्सिंग स्टाफ भीम को पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस चारों को पटना ला रही है। 1 से 2 घंटे में टीम पटना पहुंचेगी। चारों अपराधी काले रंग की स्कॉर्पियो में बैठे हैं। पुलिस की 4 गाड़ियां उन्हें स्कॉट करते हुए ला रही है। पुलिस आज सभी को कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि नीशू के घर पर ही चंदन की हत्या की साजिश रची गई थी। तौसीफ 17 जुलाई की सुबह चंदन की हत्या के बाद नीशू के समनपुरा स्थित घर पर गया। वहां से नीशू की कार से ही तौसीफ, नीशू, उसकी गर्लफ्रेंड, हर्ष और भीम गया, बरही, रांची होते कोलकाता भाग गए वारदात को अंजाम देने से पहले 16 जुलाई को इन लोगों ने कोलकाता के एक होटल में रूम बुक कराया था। निशु और तौसीफ मैसेरे भाई बताए जाते हैं। निशु खान पटना के समनपुर का रहने वाला है।समनपुरा वही इलाका है, जहां पारस अस्पताल है। शूटर्स समनपुर से ही आए थे। वारदात को अंजाम देने के बाद समनपुरा से होते हुए ही निकले थे। तौसीफ खुद को 'बादशाह' बताता है, वैसे ही निशु खुद को 'भाईजान' कहलवाना पसंद करता है। भाईजान का सपना सफेदपोश बनने की थी। तौसीफ और निशु दोनों रील्स बनाने के शौकीन हैं। पटना पुलिस की टीम ने बंगाल पुलिस की मदद से कोलकाता के न्यू टाउन के शापूरजी इलाका स्थित सुखी वृष्टि अवासन अपार्टमेंट के M-73 और M-74 ब्लॉक के फ्लैट नंबर 206 और 406 में छापेमारी कर पांच संदिग्धों को उठाया। पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ा दिया। पुलिस के पहुंचने की भनक शूटरों को लग गई थी। वे एक सफेद कार से शहर से भाग गए। इस कार को बसंती राजमार्ग से गुजरते देखा गया। बाद में इस कार को आनंदपुर, कोलकाता




लेदर कॉम्प्लेक्स और भांगर से गुजरते देखा गया। फिर पुलिस ने कार के साथ इन चारों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों को स्पीडी ट्रायल कराकर सजा दिलाएगी। शूटरों में तौसीफ, सोनू, बनवंत, अभिषेक और नीलेश हैं। तौसीफ फुलवारी का रहने वाला है। अन्य चार शूटर बक्सर के हैं। पुलिस ने शनिवार को ही तौसीफ, बलवंत और मोनू के घर पर इश्तेहार चिपका दिया था। तौसीफ और नीशू खान ने भी पहले पारस अस्पताल में कराया था इलाज नीशू खान पारस अस्पताल के बगल में ही समनपुरा में रहता है। गर्लफ्रेंड के विवाद में उसे अक्टूबर 2023 में गोली मारी गई थी। रीढ़ की हड्डी में गोली लगने से वह लकवाग्रस्त हो गया था। वह चल नहीं सकता है। पारस में ही उसका इलाज चला था। तौसीफ को भी एक बार हाथ में गोली लगी थी। वह भी इसी अस्पताल में एडमिट हुआ था। तौसीफ मरीज को इस अस्पताल में मेडिक्लेम भी कराता था। पटना पुलिस और पश्चिम बंगाल STF की टीम ने कार्रवाई करते हुए शूटर तौसीफ उर्फ बादशाह, उसके मौसेरे भाई निशु खान समेत 4 लोगों को अरेस्ट किया। इनके अलावा एक महिला अल्पना दास को भी दबोचा गया है। कोलकाता से पकड़े गए आरोपियों पर चंदन मिश्रा की हत्या करने के बाद पटना से कोलकाता भगाने, हथियार देने और साजिश में शामिल होने का आरोप है। बादशाह के परिजन ने ही इन पांचों शूटरों के कोलकाता भागने का सुराग दिया था। कोलकाता में गिरफ्तार नीशू ने बताया कि हत्या करने के बाद तौसीफ मेरे घर आया था। मैंने तौसीफ को कहा था कि सरेंडर कर दो। पुलिस तुम्हारे परिजनों को परेशान करेगी। नीशू का दावा है कि तौसीफ ने कहा था कि सोमवार को सरेंडर कर देंगे। नीशू ने कहा कि पुलिस ने मेरी गर्लफ्रेंड को भी पकड़ लिया है। जब पत्रकार नीशू ले पूछते है कि दिल्ली जाना था तो कोलकाता क्यों आ गए। इस पर निशु कहता है कि मैं अपनी गर्लफ्रेंड को लेने कोलकाता आया था। वो बताता है कि तौसीफ और शेरू से बेऊर जेल में मुलाकात हुई थी। वो जिस गाड़ी में लेटा है, उसमें ऑक्सीजन सिलेंडर भी रखा है। निशु खान बताता है, गाड़ी तौसीफ ही चलाकर लाया है। मेरी हालत खराब है, इसलिए मेरी देख रेख के लिए हर्ष और भीम मेरे साथ आए थे। बताया जाता है, अस्पताल में घुसकर गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या करने के बाद तौसीफ अपने घर फुलवारी शरीफ गया। वहां पहुंचने के बाद उसने अपनी बहन से कहा कि चलो तुम्हारे ससुराल गयाजी छोड़ देता हूं।

उसके बाद तौफीक निशु के साथ गयाजी से कोलकाता की तरफ निकल गया। सूत्रों की माने, शेरू ने 10 लाख में तौसीफ को बक्सर के कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा की हत्या की सुपारी दी थी। शूटर वारदात से 3 दिन पहले ही समनपुरा पहुंच गए थे। हर दिन अस्पताल की रेकी की जाती थी। जांच में पता चला है कि पारस अस्पताल के कुछ स्टाफ से तौसीफ का पहले से परिचय था। कुछ महीने पहले उसका एक दोस्त पारस में ही भर्ती था। वह उससे मिलने अक्सर अस्पताल आता-जाता था। जांच टीम के घेरे में पारस अस्पताल के कुछ कर्मी भी हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### बाबा हरिगिरिधाम गढ़पुरा में 1 KM तक लंबी लाइन



**बेगूसराय।** के बाबा हरिगिरिधाम गढ़पुरा में सावन की दूसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। अभी तक 50 हजार से ज्यादा भक्तों ने जलाभिषेक किया है। रात 12 बजे से ही मंदिर परिसर में कांवरियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। गढ़पुरा अस्पताल तक करीब 1 किलोमीटर तक लंबी लाइन लगी हुई है। सरकारी पूजा के बाद सुबह चार बजे मंदिर का पट खोल दिया गया। जिसके बाद प्रशासन और कार्यकताओं के सहयोग से जलाभिषेक हुआ। सोमवारी को लेकर हरिगिरी धाम आने वाले तमाम रास्ते गेरुआ मय हो गए। मंदिर में सुबह से ही बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। सिमरिया और झमटिया गंगा घाट से डाक बम, साधारण बम और रथ यात्रा के साथ कांवरिया मंदिर परिसर पहुंचे। बाबा भोले का जलाभिषेक कर परिवार, समाज और विश्व कल्याण की कामना के साथ पूजा-अर्चना किया। कंट्रोल रूम से हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मुख्य सड़क से मंदिर तक घुमावदार बैरिकेडिंग के कारण शिव भक्तों को अधिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा। शिव भक्तों की सुविधा के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा विशेष सेवा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सरकारी कैंप में भी इलाज की सुविधा है। समिति के अध्यक्ष सह बखरी एसडीओ सन्नी कुमार सौरभ के नेतृत्व में प्रशासन की टीम एक्टिव है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। बखरी और मंझौल अनुमंडल के सभी प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी और समिति के कार्यकर्ता व्यवस्थित तरीके से श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करवा रहे हैं। हरिगिरी धाम के अलावा जिला मुख्यालय के कपूरीं स्थान, काली स्थान, बसहा स्थान, बनखंडी स्थान, बीरो धाम समेत तमाम शिवालयों में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। रात में विभिन्न जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सिमरिया से लेकर साहेबपुर कमाल तक के तमाम गंगा घाटों पर लोगों की भीड़ जुटी हुई है।

### ऑनलाइन त्रुटि सुधार के बाद बिहार बोर्ड द्वारा मूल पंजीयन कार्ड किया जाएगा जारी

**बरौनी।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटर व मैट्रिक 2026 में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स का डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड जारी कर दिया है । ताकि डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड देख कर हुई त्रुटियों में सुधार किया जा सके। रजिस्ट्रेशन कार्ड में हुई त्रुटि में सुधार के लिए छात्र-छात्राएं 25 जुलाई तक जमा कर सकते हैं। विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अगले वर्ष 2026 में शामिल होने वाले मैट्रिक व इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों का डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इंटर की डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड वेबसाइट ँ। समिति ने कहा है कि शिक्षण संस्थान के प्रधान वेबसाइट से रजिस्ट्रेशन कार्ड डाउनलोड कर अपने हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ अपने संस्थान के विद्यार्थी को दो प्रतियों में प्राप्त करायेंगे। वहीं विद्यार्थियों को कहा गया है कि विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए डमी पंजीयन कार्ड को चेक कर वे आश्वस्त हो जाएंगे कि पंजीयन कार्ड में किसी तरह की त्रुटि तो नहीं है। अगर त्रुटि है तो ऑनलाइन सुधार के लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान को वे आवेदन देंगें। शिक्षण संस्थान द्वारा समिति के पोर्टल पर 25 जुलाई तक त्रुटि सुधार को लेकर डाटा को अपलोड करना होगा। छात्र-छात्रा के नाम या माता-पिता के नाम में नहीं होगा परिवर्तन बोर्ड द्वारा जारी निर्देश के अनुसार इस सुधार के दौरान छात्र छात्रा का नाम, माता-पिता के नाम में परिवर्तन किसी भी हाल में नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में किसी छात्र छात्रा की पूर्ण पहचान बदल जाने का मामला सामने आता है तो उनका पंजीयन रद्द कर दिया जाएगा। छात्र छात्रा के रजिस्ट्रेशन कार्ड में अंकित उनके नाम, माता-पिता के नाम में लघु स्पेलिंग, फोटो, जन्मतिथि, जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, लिंग फोटो, हस्ताक्षर, विषय आदि से संबंधित त्रुटि का सुधार करा सकतें हैं। बिहार बोर्ड के अनुसार छात्र छात्राओं द्वारा अपने पंजीकरण कार्ड के त्रुटिपूर्ण विवरण में कलम से सुधार करेंगें। सुधार के बाद मूल पंजीयन कार्ड होगा जारी प्रत्येक वर्ष मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों और उनके माता, पिता का नाम गलत होने का मामला सामने आता है। इसके साथ ही जन्म तिथि, विषय, जाति व लिंग में त्रुटि का भी मामला आता रहता है। विद्यार्थियों की इस परेशानी को देखते हुए ही बोर्ड ने डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड जारी किया है। ताकि समय से पहले त्रुटियों में सुधार कराया जा सके। ऑनलाइन त्रुटि सुधार के बाद मूल पंजीयन कार्ड बिहार बोर्ड की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। इसके आधार पर ही मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए छात्र छात्रा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।


### मतदाता पुनरीक्षण को लेकर राजद का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण



**पटना।** प्रखंड क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को लेकर रविवार को शाहपुर पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि के साथ बीएलए एवं बीएलओ की बैठक हुई। इसमें मतदाता सूची पर गहन विचार विमर्श किया गया। बीएलओ के द्वारा मतदाता गणना प्रपत्र वेबसाइट पर अपलोड कर देने की जानकारी दी गई। साथ ही मृत मतदाता, स्थानांतरित मतदाता एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की जानकारी दी गई। बीएलओ ने कहा कि इस कार्य में चुनाव आयोग ने पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों , यथा वार्ड सदस्य, पीडीएस दुकानदार, सेविका, सहायिका, जीविका दीदी आदि को सहयोग करने हेतु निर्देशित किया है परंतु किसी के द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है जिससे बीएलओ को क्षेत्र मे दिक्कत होती है। एक-एक मतदाता के यहां कई बार जाने के बाद भी कभी-कभी भेंट नहीं होती है। बीएलओ ने आवश्यक सहयोग करने की अपील की साथ ही आम लोगों को डॉक्यूमेंट जमा कराने हेतु जागरूक करने की अपील की।दूसरी तरफ बूथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय बढ़कुड़वा पश्चिम भाग के लिए भी महेश महतो एवं बीएलओ शंकर महतो की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। मेहदा शाहपुर में बीएलए रामप्रवेश मोची, मो जसीम आदि ने हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बीएलओ राजेश कुमार, मो इफ्तेखार आलम, जय-जय राम तांती, राम राजीव ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# क्या प्याज बालों का झड़ना रोक सकता है? जानिए इसका इस्तेमाल करने का सही तरीका





बाल झड़ने की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है. बड़ों से लेकर बच्चों तक सभी को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है. आपको बता दें कि बाल झड़ने के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं. इन कारणों में हार्मोनल असंतुलन, तनाव, प्रदूषण, अनहेल्दी डाइट और बालों पर केमिकल वाले उत्पादों का इस्तेमाल शामिल हैं. बालों को झड़ने से रोकने के लिए लोग कई तरह के उपचार करवाते हैं, जिनके विपरीत प्रभाव भी हो सकते हैं. इसलिए बालों को झड़ने से रोकने के लिए घरेलू उपाय ज्यादा फायदेमंद हो सकते हैं. इन घरेलू उपायों में प्याज का तेल भी शामिल है. इसे घर पर बनाना भी आसान है...

प्याज का तेल बालों के लिए फायदेमंद है।

प्याज का तेल एक ऐसा तेल है जो बालों को झड़ने से रोकता है. प्याज से बना तेल बालों के विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है और बालों को झड़ने से रोकता है.

प्याज का तेल बनाने के लिए सामग्री

3 प्याज

1/2 कप नारियल तेल

प्याज का तेल कैसे तैयार करें?

एक बर्तन में नारियल का तेल डालकर गैस पर रखें, फिर इसमें कटे हुए प्याज के टुकड़े डालकर तेल को 20 मिनट तक उबालें. इसके बाद गैस बंद कर दें. जब तेल अच्छे से ठंडा हो जाए तो इसे कांच के जार में डालकर इस्तेमाल करें.

का उपयोग कैसे करें?

तैयार तेल को स्कैल्प से लेकर बालों के सिरे तक अच्छी तरह से लगाएं. इसे अपने सिर पर 1 घंटे या रात भर के लिए लगा रहने दें और फिर नहा लें. हफ्ते में दो बार इसका इस्तेमाल करने से बालों का झड़ना कम होगा और रूसी जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा.

प्याज के तेल के उपयोग के लाभ

प्याज सल्फर का एक अच्छा स्रोत है. यह केराटिन के उत्पादन को बढ़ाता है, जो बालों के विकास के लिए जरूरी प्रोटीन है.

प्याज में एंटीबैक्टीरियल गुण भरपूर मात्रा में होते हैं. यह स्कैल्प पर होने वाले हर तरह के संक्रमण को रोकता है.

प्याज का तेल रूसी को रोकने और रूसी की समस्या से राहत दिलाने में मदद करता है.

प्याज का तेल रक्त परिसंचरण में सुधार करता है और बालों के विकास को बढ़ावा देता है.

प्याज के तेल का नियमित उपयोग बालों की जड़ों को मजबूत करता है और बालों का झड़ना रोकता है.

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ पर प्रकाशित परिणाम क्या कहते हैं कि एलियम सेपा, जिसे आम तौर पर प्याज के रूप में जाना जाता है, लिलियासी परिवार से संबंधित है. प्राचीन काल से, इसका उपयोग पारंपरिक रूप से विभिन्न रोगों के उपचार के लिए किया जाता रहा है. प्याज के अर्क में लिवर हेक्सोकाइनेज, ग्लूकोज 6-फॉस्फेट और एचएमजी कोएंजाइम-ए रिडक्टेस की गतिविधियों को सामान्य करके हाइपोग्लाइसेमिक और हाइपोलिपिडेमिक प्रभाव भी पाए गए हैं. शोध के अनुसार, प्याज का अर्क पीने से ब्लड शुगर को तेजी से नियंत्रित करने में मदद मिलती है. इसके साथ ही प्याज में सल्फर भरपूर मात्रा में होता है, जो एक महत्वपूर्ण खनिज है जो बालों के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. सल्फर अमीनो एसिड में पाया जाता है, जो केराटिन सहित प्रोटीन के निर्माण खंड हैं. केराटिन बालों का एक प्रमुख घटक है, और हाई सल्फर सामग्री बालों की मजबूती और लोच को बढ़ाती है.

# किचन में भूलकर भी न रखें ये 2 बर्तन उल्टे, घर से भाग जाएगी सुख-समृद्धि

हिंदू धर्म में वास्तु का विशेष महत्व है. घर के किचन के लिए भी वास्तु अनिवार्य है. किचन सिर्फ खाना बनाने के लिए ही नहीं होता, बल्कि इसमें अन्नपूर्णा का वास भी होता है. इसमें लक्ष्मी का भी वास होता है. इसलिए अगर आप घर में सुख-शांति और समृद्धि चाहते हैं तो किचन से जुड़े वास्तु नियमों का पालन जरूर करें. इनकी अनदेखी करने से देवी लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं. नतीजतन घर को नकारात्मक प्रभावों का भी सामना करना पड़ सकता है, ऐसा वास्तु ज्योतिष विशेषज्ञों का कहना है.

आमतौर पर लोग किचन में बर्तन धोने के बाद उन्हें उल्टा करके रख देते हैं. लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार किचन में कभी भी दो बर्तन को उल्टे नहीं रखने चाहिए, इसमें कड़ाही और तवा शामिल है. जी हां! वास्तु शास्त्र कहता है कि किचन में कभी भी कड़ाही और तवे को उल्टा नहीं रखना चाहिए. ऐसा करने से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है.


जानकारों का कहना है कि ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है, जिसका स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है. वास्तु शास्त्र के अनुसार, खाना बनाने के बाद किचन में बर्तनों को धोना और उन्हें सही तरीके से रखना बहुत जरूरी है. नियमों का पालन करने से परिवार के सदस्यों के घर में समृद्धि और धन की प्राप्ति होती है.

वास्तु शास्त्र कहता है कि तवा उल्टा रखने से घर में नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और अक्सर घर में झगड़े होते रहते हैं. इसके साथ ही कहा जाता है कि घर में दरिद्रता बढ़ती है. इससे आर्थिक स्थिति भी खराब होने लगती है. कहा जाता है कि तवा उल्टा रखने से देवी लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं. इससे घर की खुशियां खत्म हो जाती हैं. पैसों की कमी का सामना करना पड़ता है. इसलिए सलाह दी जाती है कि किसी भी हालत में तवा उल्टा नहीं रखना चाहिए. जब ??भी तवा धोएं तो उसे सीधा ही रखें. इसके साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि गंदे बर्तन रातभर किचन में नहीं रखने चाहिए.

हर व्यक्ति चाहता है कि उसके घर में सदैव खुशियां, सेहत और पैसे की कमी ना रहे. लेकिन कई बार हम भूल से कई छोटी-छोटी गलतियां कर देते हैं, जिसकी वजह से घर में खुशियां और धन-दौलत लंबे वक्त तक नहीं टिक पाती. वास्तु शास्त्र के अनुसार, पूरे घर में शांति और जीवंतता बनाए रखने के लिए किचन में साफ-सफाई बेहद जरूरी है. यह सिर्फ खाने की जगह नहीं है. यह वह स्थान है जहां मां गृहलक्ष्मी का वास होता है.

वास्तु शास्त्र कहता है कि हल्दी, नमक, पानी का बर्तन, चावल, चीनी और घी ऐसी चीजें हैं जो हमेशा किचन में मौजूद होनी चाहिए. अगर ये पूरी तरह खत्म हो जाएं तो उस घर में आर्थिक तंगी, हेल्थ रिलेटेड परेशानियां और पारिवारिक कलह की संभावना बढ़ जाती है. इसलिए किचन में कुछ चीजों को संभालकर रखना चाहिए ताकि ये कभी पूरी तरह खत्म न हों.





# बरसात के मौसम में इन फलों का जरूर करें सेवन, बीमारियों से रहेंगे दूर और बढ़ेगी रोग प्रतिरोधक क्षमता



बारिश का मौसम शुरू हो गया है. हालांकि इस दौरान मौसम सुहावना होता है, लेकिन यह मौसम अपने साथ कई स्वास्थ्य समस्याएं भी लेकर आता है. मानसून के दौरान वायरल इंफेक्शन, एलर्जी, डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी कई मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. हवा में नमी भी काफी होती है, जिसका असर पाचन क्रिया पर पड़ता है.

मानसून के दौरान इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है. चाहे कितनी भी सावधानी बरती जाए, संक्रामक रोग फिर भी हो ही जाते हैं. सर्दी-खांसी से लेकर डेंगू बुखार, मलेरिया, टाइफाइड और मच्छरों से होने वाली अन्य स्वास्थ्य समस्याएं मानसून के दौरान बढ़ जाती हैं. विशेषज्ञों के अनुसार, कुछ फल खाने से मानसून के दौरान स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिल सकती है. इसके अलावा, कुछ फल संक्रमण से लड़ने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं.

मानसून के मौसम में अपनी सेहत का ध्यान रखना सबसे जरूरी है. ऐसे में पाचन और मौसमी बीमारियों से बचने के लिए आपको अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए. कहा जाता है कि मानसून के दौरान इम्यून सिस्टम का मजबूत होना सबसे जरूरी है. शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए कुछ फलों का सेवन जरूरी है. इन फलों को खाने से पाचन क्रिया बेहतर होती है. साथ ही इम्यून सिस्टम भी मजबूत बनता है.

इन फलों का जरूर करें सेवन

अमरूद : बरसात के दिनों में अमरूद खाना अच्छा होता है. अमरूद न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है अमरूद में विटामिन सी, आयरन और एंटी-ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं. जो पाचन के लिए अच्छा होता है यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है.

अनार : अनार सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है. इसे खाने से शरीर में खून की कमी दूर होती है. इसमें विटामिन बी और फोलेट भी भरपूर मात्रा में होता है. अगर आप मानसून में इस फल को अपनी डाइट में शामिल करते हैं, तो यह रेड ब्लड सेल्स की संख्या बढ़ाने में फायदेमंद होता है. लेकिन हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को अनार खाने से बचना चाहिए.

सेब : सेब विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं. सेब के नियमित सेवन से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और एनर्जी भी मिलती है. मानसून में सेब खाने से वायरल इन्फेक्शन का खतरा कम होता है. सेब में फाइटोकेमिकल्स भी होते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए फायदेमंद होते हैं. इनमें पाया जाने वाला फाइबर कब्ज और वजन घटाने के लिए अच्छा माना जाता है. विशेषज्ञों का कहना है कि सेब के नियमित सेवन से उच्च रक्तचाप नियंत्रित रहता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है.

पपीता : पपीता भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है. मानसून में पपीता जरूर खाना चाहिए. पपीते में पपेन एंजाइम होता है. जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने का काम करता है. साथ ही इसे खाने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है. साथ ही इसमें विटामिन ए और सी भरपूर मात्रा में होता है. साथ ही पपीते के पत्तों का जूस डेंगू बुखार में उपयोगी होता है. पपीते के पत्तों का जूस पीने से प्लेटलेट्स बढ़ती हैं. साथ ही यह सिरदर्द, थकान जैसी समस्याओं को भी दूर करता है.

नाशपाती : नाशपाती विटामिन सी से भरपूर होती है. यह इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करती है. मानसून में इसे खाना जरूरी है. यह पाचन के लिए भी जरूरी है. यह एक सुपरफूड है. कब्ज से परेशान लोग अगर नाशपाती खाएं तो इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं. क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर होता है. जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने के लिए बहुत अच्छा होता है. इसके नियमित सेवन से मल को नरम करने में मदद मिलती है. नाशपाती कॉपर और फ्लेवोनॉयड जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है. जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं. जर्नल मॉलिक्यूल्स में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, फ्लेवोनॉयड सूजन को कम करने और टाइप 2 और स्ट्रोक के रिस्क को कम करने में मदद कर सकते हैं.



# निर्णायक मुकाबले में भारत को करना होगा इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना

**चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन) (एजेंसी)।** भारतीय टीम को लॉड्र्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब यहां मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है। यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेज़बानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे।

भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका। भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने काफी ओवर शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करना होगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन, एम अर्लट और लिंसी स्मिथ जैसे गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए और उसके गेंदबाज भी अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए। एक्लेस्टोन की सटीक गेंदबाजी के कारण भारतीय बल्लेबाजों को




विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और वे चेस्टर ली स्ट्रीट में धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

भारत को अगर श्रृंखला जीतनी है तो भारत मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतीका रावल और हरलीन देओल में से कम से कम दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी। निचले क्रम में रिचा घोष और दीप्ति को उन्हें सहयोग देना होगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो वह श्रृंखला के पहले मैच के बाद की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है। उसे गेंदबाजी में एक्लेस्टोन तथा अर्लट और बल्लेबाजी में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट तथा कप्तान नैट साइवर ब्रंट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** = हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड** = नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, एम्मा लैम्ब, लिंसी स्मिथ।

# ओवेन और ग्रीन ने दिलाई जीत, ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 मैच में वेस्टइंडीज को हराया




**किंग्स्टन (जमैका) (एजेंसी)।** मिशेल ओवेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने डेब्यू मैच में अर्धशतक जमाया और एक विकेट लिया जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की।

ओवेन ने 27 गेंद पर छह छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। उन्होंने कैमरन ग्रीन (26 गेंदों पर 51 रन, दो चौके, पांच छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 40 गेंदों पर 80 रन की साझेदारी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को खेले गए मैच में सात गेंद शेष रहते 190 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया।

वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी थी आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 189 रन बनाए। उसकी शुरुआत अच्छी रही लेकिन अंतिम नौ गेंदों पर पांच रन पर चार विकेट गंवाने के कारण वह 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 36 रन देकर चार विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने चार गेंदों में तीन विकेट हासिल किए।

जेसन होल्डर ने उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। वेस्टइंडीज के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की। रोस्टन चेज ने 32 गेंदों पर 60 रन बनाए और शाई होप (55) के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। उनके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 38 रन का योगदान दिया।

# ऋषभ पंत के निशाने पर वीरेंद्र सहवाग का बड़ा रिकॉर्ड, टेस्ट में लगाएंगे सर्वाधिक छक्के

**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ अहम चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीम ओल्ड ट्रैफर्ड में तैयारी कर रही है। इसी बीच सभी निगाहे ऋषभ पंत पर टिकी है जो सर्वाधिक छक्कों के रिकॉर्ड को तोड़ने से अब सिर्फ तीन छक्के दूर है। बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज पंत अगर ऐसा करते है तो टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए वह वीरेंद्र सहवाग के 90 छक्कों के ऐतिहासिक आंकड़े को पीछे छोड़ देंगे। यह एक ऐसा रिकॉर्ड है जो सालो से किसी ने छुआ तक नहीं है।

हालांकि लॉड्र्स टेस्ट के दौरान उन्हें उंगली में चोट लगी थी, फिर भी मैनचेस्टर टेस्ट में विकेटकीपर के तौर पर उनके खेलने की पूरी उम्मीद है। यदि वह मैदान पर उतरते है तो यह मुकाबला उनके लिए व्यक्तिगत और भारतीय टीम दोनो के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

वीरेंद्र सहवाग ने अपनी आक्रामक शैली से 103 टेस्ट की 178 इनिंग्स में 90 छक्के लगाए। वही



मात्र 27 वर्षीय ऋषभ पंत ने अपने करियर के 46 टेस्ट मैचों में अब तक 88 छक्के लगा दिए है और रोहित शर्मा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। पंत की इस उपलब्धि को और खास बनाता है उनका 74.19 का स्ट्राइक रेट जो कि टेस्ट में मध्य क्रम के बल्लेबाज के लिए बेहद असाधारण है। तुलना करे तो सहवाग का स्ट्राइक रेट 82.18 था जो उन्होंने एक ओपनर के तौर पर अधिकतर तेज पिचो पर हासिल किया था।

# चौथे टेस्ट से पहले भारत की बढ़ी मुश्किलें, नीतीश रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर, अर्शदीप उपलब्ध नहीं

**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं जबकि चोटिल तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेलने वाले रेड्डी रविवार को जिम में अभ्यास करते हुए चोटिल हो गए थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'नीतीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण शेष दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट आएंगे



और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।'

अर्शदीप को पिछले सप्ताह बेकेनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। उन्होंने श्रृंखला में अब तक कोई मैच नहीं खेला है। बयान में कहा गया है, 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।'

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है और वह मैनचेस्टर में टीम से जुड़ चुके हैं। चौथा टेस्ट मैच बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। इंग्लैंड पांच मैचों की एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 से आगे चल रहा है।

**चौथे टेस्ट के लिए भारत की टीम :**

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

# मैनचेस्ट युनाइटेड के खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल खेलते दिखे भारतीय क्रिकेटर

लंदन ।कप्तान शुभमन गिल सहित कई अन्य भारतीय क्रिकेटर मैनचेस्टर में 23 जुलाई बुधवार से शुरु होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले फुटबॉल खेलते नजर आये। इस मैच से पहले भारतीय खिलाड़ियों की मुलाकात मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों से हुई। ऐसे में कई भारतीय खिलाड़ी क्लब की जर्सी पहनकर खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल खेलने लगे। वहीं इस दौरान तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज एक फुटबॉलर को गेंदबाजी करते दिखे। भारतीय क्रिके बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के फुटबॉल की जर्सी पहने की तस्वीरें भी अपने सोशल मीडिया पर जारी की है। इसमें टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी नजर आ रहे हैं। वहीं कुछ तस्वीरों में शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी रेड डेविल्स के साथ फुटबॉल खेलते दिख रहे हैं। वहीं सिराज पूर्व मैनचेस्टर यूनाइटेड कप्तान और स्टार डिफेंडर हैरी मैगुइरे को गेंदबाजी करते दिखे। मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ी प्री-सीजन के लिए आये थे और इसी दौरान उनकी मुलाकात भारतीय क्रिकेटरों से हुई। कई तस्वीरों में शुभमन को फुटबॉलर ब्रूनो फर्नांडीस के साथ, सिराज को अमद डायलो के साथ, जसप्रीत बुमराह को मेसन माउंट और हैरी मैग्वायर के साथ बातचीत करते हुए देखा गया जबकि गंभीर रेड डेविल्स के मैनेजर रूबेन अमोरिम के साथ तस्वीर खिंचवाते हुए दिखे।

# मैच नहीं होने से भड़के अफरीदी, बोले एक सड़े अंडे ने सब बेकार किया

लंदन ।अपने विवादास्पद बयानों के लिए हमेशा ही चर्चाओं में रहने वाले पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने भारतीय खिलाड़ियों के चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में खेलने से इंकार करने के बाद एक बार फिर जहर उगला है। भारत से मैच नहीं होने पर अफरीदी ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि एक खिलाड़ी के कारण ही ये सब हुआ है। साथ ही इस खिलाड़ी को सड़ा अंडा तक बोल दिया पर किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया। अफरीदी ने कहा, खेल देशों को करीब लाते हैं। अगर राजनीति हर चीज के बीच आ जाए, तो आप आगे कैसे बढ़ेंगे? बिना बातचीत के, चीजें हल नहीं हो सकतीं। इस तरह के आयोजनों का लक्ष्य भी एक-दूसरे से मिलना-जुलना है पर



एक खिलाड़ी ने सब बेकार कर दिया। अफरीदी ने साथ ही कहा, उन्होंने मैच से एक दिन पहले ही ट्रेनिंग की थी। मुझे लगता है कि उन्हें केवल एक खिलाड़ी की वजह से मैच से नाम वापस लेना पड़ा है। भारतीय टीम भी बहुत निराश है। वे यहां खेलने आए थे। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही लोग इस प्रकार के मैच के खिलाफ थे। ऐसे में लोगों की भावनाओं की अनदेखी खिलाड़ी भी नहीं कर पाये।

# शमी अगले सत्र में बंगाल से खेलकर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे

कोलकाता ।फिट नहीं होने के कारण भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब अगले सत्र में पश्चिम बंगाल टीम से खेल सकते हैं। शमी को इस सत्र के 50 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। वह 28 अगस्त से शुरु होने वाली दलीप ट्रॉफी में भी पूर्व जोन की ओर से खेल सकते हैं। इससे शमी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी। उन्होंने टखने की सर्जरी के बाद भारतीय टीम के अंतिम बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा ओर उन्होंने पांच मैचों में नौ विकेट लिए थे। इसके बाद



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शमी की नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर रही थी। इसमें भी उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा। उन्होंने नौ मैचों में केवल छह विकेट लिए और उनकी इकॉनमी 11.23 रन प्रति ओवर रही। वह टखने की सर्जरी कराई और घुटनों की समस्याओं से भी परेशान रहे। उन्होंने जनवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज़ में वापसी की थी। उससे पहले उनहोंने भारतीय टीम के अंतिम बार नवंबर 2023 में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में खेला था। उनकी घरेलू क्रिकेट में वापसी साल 2024 के अंत में बंगाल के साथ हुई थी। बंगाल के संभावित खिलाड़ियों की सूची में अभिमन्यु ईश्वरन, आकाश दीप, मुकेश कुमार, शाहबाज अहमद और अभिषेक पोरेल के नाम भी शामिल है।

# एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं आएगी पाकिस्तान की टीम, सुरक्षा का दिया हवाला

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है।

उन्होंने कहा कि, हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं। एशिया कप वर्ल्ड कप के लिए




क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। पीएचएफ प्रमुख ने कहा कि अब प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफाईएच और एएचएफ पर है।

उन्होंने कहा कि, हमने उनसे पूछा है कि हमें बताएं कि क्या गारंटी है कि हमारे खिलाड़ी भारत में सुरक्षित रहेंगे और टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। पाकिस्तान सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है लेकिन हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत नहीं जाएगी

बता दें कि, इससे पहले भारतीय खेल मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया था कि वह पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप में शामिल होने से नहीं रोकेंगे। खेल मंत्रालय के सूत्र ने पीटीआई के हवाले से बताया कि वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के खिलाफ नहीं हैं। हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है।

# अगले माह होने वाले एशिया कप से पहले सुधार करें हॉकी टीम : श्रीजेश

नई दिल्ली ।भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा है कि अगस्त में होने वाले एशिया कप के लिए टीम को काफी सुधार करना होगा। श्रीजेश के अनसार एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में भारतीय टीम का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है और इससे टीम की आंखे खुल जानी चाहिये। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा, 'मुझे लगता है कि टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए, हमने मैदान पर कड़ी टक्कर दी पर अवसरों का लाभ नहीं उठाने से परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहा। यह परिणाम हमें एशिया कप और अगले साल होने वाले विश्वकप और एशियाई खेलों जैसे अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले सुधार की जरुरत पर बल देने के संकेत दे रहा है। भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय



चरण में लगातार सात हार के बाद अंक तालिका में आठवें स्थान पर रही थी। एशिया कप 2025 बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। हॉकी विश्वकप 2026 बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में 14 से 30 अगस्त तक खेला जायेगा। वहीं एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर, 2026 तक खेले जाएंगे। पुरुष राष्ट्रीय अंडर-21 टीम के मुख्य कोच ने कहा कि एक कोच के रूप में उनका मुख्य काम यह तय करना है कि खिलाड़ी दबाव का सामना करना सीखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा, 'एक कोच के रूप में मेरा काम खिलाड़ियों पर से दबाव कम करना है। मैं उन्हें बताता हूँ कि जूनियर विश्वकप के दौरान लगभग 10 हजार दर्शक मैदान में रहेंगे जिनकी उम्मीदें आप पर रहेंगी और इससे स्वीकार करना होगा। एक कोच होने के कारण मेरे लिए खिलाड़ियों के साथ अपने खेल के अनुभव को साझा करना सबसे महत्वपूर्ण है।

# सचिन के साथ अपना नाम देखकर सम्मानित अनुभव कर रहा : एंडरसन

लंदन । इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ ट्रॉफी पर अपना नाम देखकर उन्हें एक अलग ही अहसास हो रहा है। इससे वह सम्मानित अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के सार्वकालिक महानतम क्रिकेटरों में से एक के साथ अपना नाम देखकर उन्हें गर्व का अनुभव भी हो रहा है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इस सीरीज के शुरु होने से पहले इसका नाम पटौदी सीरीज से बदलकर एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी रख दिया था हालांकि इस पर कुछ क्रिकेटरों ने आपत्ति भी जतायी थी और कहा था कि नाम बदलना सही नहीं है। इसके अलावा से भी कहा गया था इसमें सचिन का नाम पहले रखा जाना चाहिये थे पर ईसीबी ने एंडरसन का नाम पहले कर दिया। पटौदी ट्रॉफी भारत के पूर्व क्रिकेटर इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर थी। एंडरसन ने कहा, 'यह जरूरी नहीं कि आपके नाम पर ट्रॉफी का होना कितना बड़ा है, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि आपके नाम के साथ सचिन तेंदुलकर का नाम जुड़ाहै, जो मेरे लिए अब तक के सबसे महान क्रिकेटरों में से एक हैं।

# रिंकू की मंगेतर प्रिया खेतों में काम करती नजर आयीं

जौनपुर ।भारतीय टीम के क्रिकेटर रिंकू सिंह की मंगेतर और सपा सांसद प्रिया सरोज जमीन से जुड़ी नेता हैं। उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी साझा हुई हैं। इसमें वह अपने क्षेत्र की महिलाओं के साथ पानी से भरे खेतों में काम करती दिखीं। वीडियो में प्रिया पानी भरे खेत में धान की रोपाई करती नजर आ रही है। रिंकू से सगाई की बाद से ही प्रिया चर्चाओं में रही हैं। प्रिया सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। उन्होंने सगाई की भी तस्वीरों को साझा किया था। वहीं अब प्रिया ने खेती करते हुए का एक वीडियो साझा किया है। उनके ये वीडियो जमकर वायरल भी हो रहा है। लोगों ने उनकी



सादगी की सराहना की है। हाल ही में रिंकू और सांसद प्रिया की सगाई लखनऊ में हुई थी जिसमें खेल और राजनीति जगत के दिग्गज भी शामिल हुए थे। रिंकू और प्रिया की शादी की पहले दिसंबर में वाराणसी में होने वाली थी पर रिंकू के व्यस्त क्रिकेट मैच के कार्यक्रम को देखते हुए शादी की तारीख आगे बढ़ा दी गई। रिंकू जहां एक मध्यवर्गीय परिवार से आते हैं और अपनी मेहनत के बल पर भारतीय टीम तक पहुंचे हैं। वहीं प्रिया एक राजनीतिक परिवार से आती हैं। रिंकू जहां क्रिकेट में व्यस्त रहने के कारण दसवीं भी नहीं कर पाये हैं। वहीं प्रिया उच्च शिक्षित हैं। रिंकू 2023 में कोलकाता नाइटराइडर्स की और एक पारी में लगातार पांच छक्के मारने के बाद से ही चर्चाओं में आये थे। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

# विश्व चैंपियनशिप से पहले चाइना ओपन में सात्विक-चिराग की नजरें दमदार प्रदर्शन पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए लय हासिल करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट पर उतरेगी। चाइना ओपन पेरिस में 25 से 31 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले अंतिम प्रमुख प्रतियोगिता है। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा।

वर्तमान में विश्व में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं लेकिन अभी तक फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। यही नहीं उन्हें पिछले सप्ताह जापान ओपन में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार का सामना करना पड़ा था।

विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले दौर में जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा का सामना करेगी। एकल वर्ग में लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू 20 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगे। पिछले कुछ समय से फॉर्म में वापसी करने के लिए संघर्ष कर रहे लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यहां उनका पहला मुकाबला चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे का सामना करेंगे। अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज सिंधू के लिए इंडिया ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। पिछले सप्ताह वह कोरिया की सिम यू जिन से हार गईं थी। यह इस वर्ष पांचवा अवसर था जबकि वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। सिंधू का पहला मुकाबला जापान की छठी वरीयता प्राप्त 18 वर्षीय पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन तोमोका मियाजाकी से होगा। महिला एकल में ही इस वर्ष की शुरुआत में ताइपे ओपन सेमीफाइनलिस्ट रहीं उन्नति हुड्डा का पहले दौर में स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से मुकाबला होगा, जबकि अनुपमा उपाध्याय का सामना चीनी ताइपे की लिन सियांग टी से होगा। महिला युगल में कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी, पांडा बहनें रुतपर्णा और श्वेतपर्णा, और अमृता प्रमुथेश-सोनाली सिंह की जोड़ी मैदान में हैं, जबकि रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।



## किश्तवाड़ में आतंकवादियों की तलाश में अभियान फिर शुरू

किश्तवाड़ (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों ने घने जंगलों में छिपे आतंकवादियों को ढूंढने के लिए सोमवार को फिर से तलाशी अभियान शुरू किया है। सेना और पुलि के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान दच्छन और नागसेनी के बीच चेरजी क्षेत्र के खानकू जंगल में चलाया जा रहा है। दरअसल पुलिस और सेना ने मिलकर रविवार दोपहर को यह संयुक्त अभियान शुरू किया था। अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ भी हुई थी। माना जा रहा है कि ये आतंकवादी प्रतिबंधित संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन से जुड़े हो सकते हैं। इसमें से दो शीर्ष आतंकवादियों पर 30-30 लाख रुपये का इनाम घोषित है। मुठभेड़ के बाद इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए और बड़ा तलाशी अभियान चलाया गया। रविवार देर रात को अभियान को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, लेकिन सोमवार सुबह ड्रोन और श्वान दस्ते की मदद से फिर से शुरू किया गया। आतंकवादियों के भागने के सभी रास्ते बंद कर दिए गए हैं और तलाशी अभियान को आसपास के क्षेत्रों तक बढ़ाया गया है। हालांकि, घना जंगल और दुर्गम इलाका सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बना हुआ है।

## अलग-अलग हादसों में दो कांवड़ियों की मौत, तीन घायल

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। मुजफ्फरनगर जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में दो कांवड़ियों की मौत हुई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पहली घटना जिले के सिमली बायपास के पास हुई। पुलिस ने बताया कि एक पिकअप ट्रक के पलट जाने से एक कांवड़िए अमित (28) की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार घटना तब हुई जब चार कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने वाहन में हरियाणा के महेंद्रगढ़ लौट रहे थे। दूसरी घटना में दिल्ली निवासी कांवड़िए विक्की (35) को नई मंडी थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर पंचेंडा पुल के पास अचेत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने बताया कि विक्की को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा संदेह है कि हरिद्वार से दिल्ली पैदल लौटते समय किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से विक्की के सिर में चोट लग गई जिससे उसकी मौत हो गई। बघेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## डायन बताकर एक विधवा महिला को निर्वस्त्र कर पीटा... ब्लेड से काटकर खून निकाला

हजारीबाग (एजेंसी)। झारखंड के हजारीबाग जिले में डायन बताकर एक विधवा महिला के साथ दरिंदगी की शर्मनाक घटना हुई है। आरोपियों ने घर में घुसकर महिला को निर्वस्त्र कर पीटा, उसके शरीर के कई हिस्सों को ब्लेड से काटकर खून निकाला और तांत्रिक अनुष्ठान किया। इसके बाद महिला को जबरन गया ले जाकर उसका सिर मुंडवा दिया गया। डायन मुक्ति के नाम पर महिला और उसके बेटे से 30 हजार रुपये भी वसूले गए। घटना हजारीबाग के जरहिया गांव की है। पीड़िता ने थाना पहुंचकर आपबीती सुनाई, इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने बताया कि गांव के सात लोग उसके घर पहुंचे और डायन होने का आरोप लगाकर घसीटकर बाहर निकाला। उसके कपड़े उतार दिए गए। फिर बेहरमी से पीटा गया और शरीर पर ब्लेड से जख्म कर खून निकाला गया। खून का इस्तेमाल कर तांत्रिक अनुष्ठान हुआ। इसके बाद आरोपी जबरन घर से उठाकर ले गए। वहीं गया जिले के प्रेतशिला ले जाकर उसका सिर मुंडवा दिया। वहां भी मारपीट की गई। आरोपी बार-बार कहते रहे कि उस 'डायन-बिसाही' से मुक्ति दिलाई जा रही है। इसके नाम पर महिला और उसके बेटे से 30 हजार रुपये भी वसूले गए। शनिवार रात करीब 10 बजे आरोपी महिला को घर में छोड़कर फरार हो गए। किसी तरह वे अपने घर लौटी। डरी और सहमी महिला ने हिम्मत करके थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## जम्मू-तवी एक्सप्रेस के कोच से निकला धुआं मची अफरा-तफरी, आधा घंटा खड़ी रही ट्रेन

बठिंडा (एजेंसी)। सोमवार सुबह जम्मू तवी एक्सप्रेस (19223 बी।1 कोच) में अचानक धुआं निकलने की वजह से यात्रियों में हड़कंप मच गया। यह ट्रेन बठिंडा रेलवे स्टेशन से सुबह 7-45 बजे फिरोजपुर के लिए रवाना हुई थी। करीब 15 मिनट बाद, जैसे ही ट्रेन भोकड़ा गांव के पास पहुंची, कोच से धुआं निकलता दिखाई दिया। सूचना मिलते ही रेलवे कर्मचारी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। ट्रेन लगभग आधे घंटे तक गोनियाना और बठिंडा के बीच रुकी रही। इस दौरान तकनीकी टीम ने कोच की जांच की और पाया कि कोच की बेल्ट गर्म हो जाने के कारण धुआं निकल रहा था। मरम्मत टीम ने तुरंत स्थिति को नियंत्रित किया। इससे पहले चालक ने तुरंत ट्रेन को आपात स्थिति में रोक दिया और सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत सभी जरूरी कदम उठाए गए। यात्री घबराकर ट्रेन से बाहर आ गए। प्रतिदर्शियों ने बताया की गाड़ी में धूआ निकलते देखते ही की चेन पुल की गई और गाड़ी को रोका गया। बठिंडा रेलवे स्टेशन अधीक्षक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया किकोच की बेल्ट में गर्मी की वजह से धुआं उठा था, लेकिन आग नहीं लगी। कोई जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ। आवश्यक मरम्मत के बाद ट्रेन को सुरक्षित रवाना कर दिया गया। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्टाफ ने अतिरिक्त जांच की और सभी कोचों की तकनीकी खामियों को देखा। घटना के कारण ट्रेन करीब आधे घंटे की देरी से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई।

## ओडिशा में छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में कांग्रेस का युवा नेता गिरफ्तार

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में मंचेश्वर पुलिस ने नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के अध्यक्ष उदित प्रधान को 19 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्रा से कथित दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। एनएसयूआई कांग्रेस पार्टी का छात्र संगठन है।

# हिमाचल में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी, भूस्खलन से दो की मौत

## -सेराज घाटी में बाढ़ जैसे हालात, चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे बंद



**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का दौर फिर शुरू हो गया है। राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश के रेड अलर्ट जारी है। इस बीच चंबा में लैंडस्लाइड से एक किशोरी और व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, आपदा से जूझ रहे मंडी जिले की सेराज घाटी में भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। कुल्लू और सिरमौर जिले में जगह-जगह लैंडस्लाइड हुआ। वहीं, भूस्खलन से चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे बंद हो गया। मंडी जिले के थुनाग क्षेत्र में प्रशासन ने एहतियातन स्कूलों को बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं। डीसी ने अधिसूचना जारी की है।

जानकारी के मुताबिक मंडी-मनाली नेशनल हाईवे पर 4 मील और होटल मून के पास भूस्खलन के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया, जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप है। प्रशासन ने कुल्लू की ओर जाने वाले यात्रियों से कटौला-कटिंडी मार्ग के उपयोग की अपील की है। मनाली और इसके आसपास के इलाकों में दो दिन की राहत के बाद फिर से भारी बारिश का दौर शुरू हो गया है। कुल्लू जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन हुआ है, जिससे कई मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं।

औट-लुहरी नेशनल हाईवे-305 आनी उपमंडल में झेड़ के पास सड़क धंसने से यातायात बाधित हो गया है। वहीं सैंज घाटी के रोपा-सैंज मार्ग पर भी भूस्खलन के कारण रास्ता बंद हो गया है।

सिरमौर जिले में भी हालात गंभीर हैं। लगातार बारिश के चलते गिरी नदी का जलस्तर बढ़ने से गिरी जटोन डैम के चार गेट खोल दिए गए हैं। स्थानीय प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की हिदायत दी है। एनएच-707 पर पांवटा साहिब-शिलाई मार्ग पर उतरी गांव के पास भूस्खलन हुआ है, जिससे यह मार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। चंबा जिले के राजनगर इलाके की ग्राम पंचायत चढ़ी के गांव सूताह में भारी बारिश के कारण एक भारी पत्थर गिरने से एक किशोरी व व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है।

प्रशासन ने नागरिकों से सतर्कता बरतने और मौसम से संबंधित चेतावनियों का पालन करने की अपील की है। मौसम विभाग ने प्रदेश में तीन दिन तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ग्रामीण क्षेत्रों से सब्जी मंडियों की ओर जा रहे कई वाहन रास्ते में फंसे हुए हैं। प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने और नदी-नालों से दूर रहने की अपील की है। भारी बारिश के चलते मंडी-पंडोह मार्ग के 4 मील और 9 मील के बीच फिलहाल एकतरफा यातायात चलाया जा रहा है। इन क्षेत्रों में लगातार गिर रहे पत्थरों के कारण यह कदम उठाया गया है।

कुल्लू और मनाली जाने के लिए यात्री कटौला-कमांद मार्ग से वैकल्पिक रास्ता अपनाने की सलाह दी है और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की और सुरक्षा के हित में प्रभावित मार्गों पर अनावश्यक यात्रा से बचें। शिमला जिले में भी लगातार हो रही भारी बारिश से उपमंडल कुमारसैन की सभी शिक्षण संस्थानों को आज बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। सभी तहसीलों और उप-तहसीलों से प्राप्त रिपोर्ट और क्षेत्र में भारी बारिश और सड़क की खराब स्थिति को देखते हुए उपमंडल रोहडू में भी सभी शैक्षणिक संस्थानों और आंगनवाड़ियों को सोमवार को बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

शिमला मौसम विभाग केंद्र की तरफ से सोमवार सुबह नौ बजे पांच जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, इसमें हमीरपुर, शिमला, सोलन, सिरमौर और मंडी शामिल हैं और कहा गया है कि कहीं-कहीं मूसलाधार वर्षा होने की संभावना है, जिससे स्थानीय नालों और नदियों में जलस्तर बढ़ सकता है और भूस्खलन की आशंका है। अन्य शेष जिलों में भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। साथ ही गर्जन के साथ बिजली गिरने की भी संभावना जताई जा रही है।

## मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट मामले के आरोपी बरी- ओवैसी बोले- 18 साल की सजा उन बेगुनाहों को मिली, जिन्होंने अपराध किया ही नहीं

**हैदराबाद (एजेंसी)।** मुंबई की लोकल ट्रेन में हुए सिलसिलेवार धमाकों (11 जुलाई 2006) के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में असफल रहा और पहले दिए गए फैसले में गंभीर त्रुटियाँ थीं। इस फैसले के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि 12 मुस्लिम पुरुष 18 साल तक उस अपराध के लिए जेल में रहे, जो उन्होंने किया ही नहीं था। उनका सुनहरा जीवन खत्म हो गया। 180 परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया, कई घायल हुए- उनके लिए भी कोई न्याय नहीं हुआ। यह सिस्टम की भारी विफलता है। उन्होंने आगे पोस्ट में कहा, कि इस तरह के मामलों में पुलिस अक्सर पहले ही दोष मान लेती है और मीडिया ट्रायल के जरिए आरोपी को पहले ही दोषी बना दिया जाता है। ओवैसी ने कहा, मीडिया और पुलिस ने इन निर्दोषों को देशद्रोही बताकर पेश किया और उनकी ज़िंदगी बर्बाद कर दी। सांसद ओवैसी ने ब्लास्ट मामले की जांच करने वाले तत्कालीन एटीएस अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही, उस वक्त महाराष्ट्र की सत्ता में रही राजनीतिक पार्टियों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने यातनाओं की शिकायतों को नजरअंदाज किया। इस केस में निर्दोष साबित हुए 12 लोगों की 18 वर्षों की यातना और बर्बाद हुआ जीवन एक बार फिर न्याय व्यवस्था, पुलिस जांच प्रणाली और मीडिया की जवाबदेही पर गहरे सवाल खड़े करता है। वहीं अब यह बहस फिर तेज हो गई है कि क्या सिर्फ बरी हो जाना न्याय है, या ऐसे मामलों में राज्य को जवाबदेह ठहराना जरूरी है।

## संविधान की प्रति जेब में रख घूम रहे राहुल गांधी क्या दिखाना चाहते हैं: केंद्रीय मंत्री शेखावत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लंबे समय से संविधान की प्रति जेब लेकर घूम रहे हैं। अधिकांश आयोजन और प्रेस वार्ता में वे संविधान की कॉपी लहराते नजर आते हैं। इस पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने तंज कसा है। शेखावत ने कहा कि संविधान की एक प्रति जेब में रखना और संवैधानिक पद पर हमला विरोधाभाषी है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि संविधान की एक प्रति जेब में रखना और साथ ही संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करना और उनकी पवित्रता को कम करना बेहद विरोधाभाषी है। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है। यह पहली बार नहीं है, बल्कि देश में चौथी बार ऐसा हो रहा है, ऐसे में इस तरह की अनुचित टिप्पणी करना उनकी अपनी विश्वसनीयता को ही कम करता है।

संसद के मानसून सत्र पर शेखावत ने कहा कि मेरा मानना है कि देश के सामने कई महत्वपूर्ण और प्रासंगिक मुद्दे हैं, जिन पर खुली चर्चा और संवाद होना चाहिए। संसद संवाद का प्लेटफार्म है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इसका इस्तेमाल रचनात्मक विचार-विमर्श के लिए किया जाएगा, न कि इसे व्यवधान या अराजकता का मंच बनाया जाएगा। आपातकाल पर शेखावत ने कहा कि जब देश के संविधान की हत्या की गई थी, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने पद की चाहत में देश के सभी मूल स्तंभों को ध्वस्त कर आपातकाल लागू किया था। आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकारों का हनन किया गया था। आंदोलन का नेतृत्व करने वाले जयप्रकाश नारायण की गिरफ्तारी के बाद, प्रभाष जोशी ने सशक्त और विचारोत्तेजक लेख लिखे, जिन्होंने देश को जागृत किया और लोकतंत्र की बहाली के लिए लोगों को एकजुट किया था।

# शहीद दिवस रैली में ममता बनर्जी का भाजपा पर बड़ा हमला- बंगाल में एसआईआर जैसी कोई योजना नहीं चलेगी



**कोलकाता(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को शहीद दिवस रैली के मंच से भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए साफ कहा, कि राज्य में एसआईआर (स्पेशल आईडेंटिफिकेशन रजिस्ट्री) जैसी कोई कवायद नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने भाजपा पर भाषाई आतंकवाद फैलाने और बंगालियों को निशाना बनाने का गंभीर आरोप लगाया।

कोलकाता के मध्य भाग में आयोजित भारी जनसमूह वाली रैली में ममता ने कहा कि बंगाली अस्मिता की रक्षा के लिए वह किसी भी हद तक जाएंगी। उन्होंने घोषणा की कि बंगालियों के खिलाफ हो रहे कथित हमलों के विरोध में 27 जुलाई से राज्य भर में भाषाई आंदोलन की शुरुआत की जाएगी और हर सप्ताहांत विरोध रैलियां निकाली जाएंगी। सीएम ममता बनर्जी ने कहा, कि हम सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं, (हिंदी, मराठी, गुजराती) लेकिन हम बंगाली भाषा पर किसी भी प्रकार के हमले को बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा का मकसद बंगाल की पहचान को मिटाना है, और हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों को डिटेंशन कैंपों में रखा जा रहा है और उनके मतदाता सूची से नाम हटाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने 2019 की घटना को याद करते हुए कहा कि भाजपा समर्थकों ने ईश्वरचंद्र विद्यासागर की मूर्ति तोड़कर बंगाली संस्कृति का अपमान किया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर तीखा हमला करते हुए ममता ने कहा, कि वह अपना राज्य नहीं संभाल पा रहे, फिर भी बंगाल के मामलों में दखल दे रहे हैं। उन्होंने सुष्मिता देव से असम में बड़े विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। रैली के अंत में ममता बनर्जी ने 2026 के विधानसभा चुनावों और केंद्र की सत्ता में बदलाव के लिए दिल्ली कूच का आह्वान करते हुए कहा, हमें और सीटें जीतनी हैं, और अंततः दिल्ली में भाजपा को हराना है।

## मायावती ने कहा- मानसून सत्र में दोनों पक्ष जनहित से जुड़े मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दें

लखनऊ (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने लोकसभा के मानसून सत्र शुरु होने से पहले पक्ष और विपक्ष के नेताओं से अपील करते हुए कहा है कि सभी को मिलकर जनहित के मुद्दों पर चर्चा करना चाहिए। उन्होंने सरकार और विपक्ष से पार्टी हितों से ऊपर उठकर देशहित और जनहित के लिए एकजुट होने का आग्रह किया और कहा कि संसद का यह सत्र महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, आंतरिक और सीमा सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर ठोस नीतियां बनाने का अवसर होना चाहिए। बसपा प्रमुख ने चिंता जताई कि पिछले सत्रों की तरह इस बार भी संसद में सरकार और विपक्ष के बीच टकराव, हंगामा और आरोप-प्रत्यारोप हो सकते हैं, जिससे जनता के लिए अच्छे दिन की उम्मीद धूमिल हो सकती है।

# संस्कृति विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

एजेंसी



**मथुरा :** संस्कृति विश्वविद्यालय, मथुरा ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इस दौरान नामिबिया, म्यांमार, जिम्बाब्वे, तंजानिया, घाना, सूडान सहित कई देशों के 35 विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों में डिग्रियाँ प्रदान की गईं। इन विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग, प्रबंधन, विज्ञान, नर्सिंग एवं अन्य पाठ्यक्रमों में उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर, डॉ. रेनू गुप्ता, डीन अकादमिक ने कहा, आज का दिन न केवल हमारे अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए, बल्कि संस्कृति विश्वविद्यालय के लिए भी अत्यंत गर्व का क्षण है। विभिन्न देशों से आए इन विद्यार्थियों ने जिस समर्पण और मेहनत से अपनी शिक्षा पूरी की है, वह प्रेरणादायक है। वे जहां भी जाएँगे, हमारे विश्वविद्यालय की छवि को और ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता ने कहा, संस्कृति विश्वविद्यालय का उद्देश्य सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकास रहा है। हमारे अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी इस लक्ष्य के जीवंत उदाहरण हैं। हमें विश्वास है कि वे अपने-अपने देशों में समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विश्वविद्यालय उन्हें अपना सांस्कृतिक और शैक्षणिक दूत मानता है।

कार्यक्रम के दौरान संस्कृति विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, डीन, विभागाध्यक्ष एवं अन्य सदस्य सम्मिलित हुए जिनमे रजिस्ट्रार आर. एन. त्रिवेदी, नियंत्रक परीक्षा डॉ. राकेश टंडन, डीन अकादमिक डॉ. रेनू गुप्ता, तथा डीन इंजीनियरिंग डॉ. विराचल्ली भी शामिल थे। यह आयोजन विश्वविद्यालय की उस दृष्टि को दर्शाता है, जिसमें शिक्षा को सीमाओं में नहीं बांधा जाता। अलग-अलग देशों से आए छात्रों ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि शिक्षा के माध्यम से दुनिया को जोड़ा जा सकता है। संस्कृति विश्वविद्यालय ने इस समारोह के जरिए यह प्रमाणित कर दिया कि वह केवल पढ़ाई का स्थान नहीं है, बल्कि एक ऐसा मंच है जो शिक्षा, संस्कृति और वैश्विक सहयोग को साथ लेकर चलता है। संस्कृति विश्वविद्यालय एक प्रमुख निजी विश्वविद्यालय है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध और उद्योग से जुड़ी व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए जाना जाता है। यहाँ इंजीनियरिंग, प्रबंधन, कृषि, स्वास्थ्य, विधि, फामेर्सी, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा देना और उन्हें सामाजिक व पेशेवर जीवन के लिए तैयार करना है।

# शीशे के घरों में रहने वालों को दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंकने चाहिए

## -डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) पर बोला जोरदार हमला



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) पर जोरदार हमला बोला है। शिंदे ने पार्टी के नेता रामकदम और योगेश कदम पर अरोप लगाए जाने पर यूबीटी को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि शीशे के घरों में रहने वाले दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंकने चाहिए। शिंदे ने कहा कि मैं रामदास कदम को जानता हूं, इसलिए चिंता न करें। जब चुनाव आते हैं, तो कुछ लोग बदनामी का खेल खेलते हैं।

बता दें उद्धव ठाकरे ने एक इंटरव्यू में एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा था। शिंदे ने आरोप लगाने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें इस बात का मलाल है कि उन्होंने इतने सालों में मराठी लोगों के लिए कुछ नहीं किया। हमारी सरकार ने मुंबई की सड़कों को पक्का किया है। उन्होंने कहा कि बालासाहेब ठाकरे का सपना था कि मराठी लोगों को 40 लाख घर दिए जाएं। हम इस सपने को आगे बढ़ा रहे हैं। 35 लाख घर बनाने का काम शुरू हो चुका है। हम मुंबई से बाहर गए मराठी लोगों को वापस लाने के लिए काम कर रहे हैं। शिंदे ने कहा कि मैं सोने का चम्मच लेकर पैदा नहीं हुआ, लेकिन मैं इसे सभी को देना चाहता हूं। शिंदे ने सिद्धेश कदम, योगेश कदम और रामदास कदम के काम की तारीफ़ करते हुए कहा कि यहां मौजूद नेता शाखा प्रमुख रहे हैं। शाखा न्याय का मंदिर है। शिवसैनिक सालों से वहां लोगों के लिए काम कर रहे हैं। लोगों का मानना है कि उन्हें वहां न्याय मिलता है। शिंदे ने कहा कि लाडली बहन योजना से ढाई करोड़ बहनों को लाभ मिला है। बता दें विधान परिषद के नेता विपक्ष अंबादास दानवे के विदाई समारोह के बाद फोटो सेशन में शिंदे और उद्धव का आमना सामना हुआ था, लेकिन दोनों ने एक दूसरे से नजर नहीं मिलाई थी।

# पीएम मोदी की तारीफ कर फंसे दिग्गज नेता थरूर को केरल कांग्रेस भी करने लगी बायकट

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरूर इस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ करते नजर आते हैं। उन्होंने कई बार सराहना की है। शायद यही कारण है वे अपनी ही पार्टी के निशाने पर आ गए है। पहले पार्टी हाईकमान उनकी राष्ट्रवाद-प्रेमी टिप्पणियों से असहज नजर आया, और अब केरल में उनकी अपनी पार्टी यूनिट ने भी उनसे दूरी बना ली है। राष्ट्रीय सुरक्षा पर सरकार के समर्थन को लेकर उठे विवाद ने ऐसा तूल पकड़ा कि तिरुवनंतपुरम में अब थरूर को किसी भी पार्टी कार्यक्रम में नहीं बुलाया जाएगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या थरूर कांग्रेस में अकेले पड़ते जा रहे हैं?

कांग्रेस और शशि थरूर के बीच बढ़ते मतभेदों के बीच, वरिष्ठ कांग्रेस नेता के मुरलीधरन ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि जब तक थरूर राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर अपना रुख नहीं बदलते, तब तक उन्हें तिरुवनंतपुरम में किसी भी पार्टी कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया जाएगा। मुरलीधरन ने कहा कि थरूर, जो कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य भी हैं, अब हममें से एक नहीं माने जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि थरूर के खिलाफ क्या कार्रवाई होनी चाहिए, इसका फैसला पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा, जब तक वह (थरूर) अपना रुख नहीं बदलते, हम उन्हें तिरुवनंतपुरम में किसी भी पार्टी कार्यक्रम में नहीं बुलाएंगे। वह हमारे साथ नहीं हैं, इसलिए बहिष्कार जैसी कोई बात नहीं उठती। यह बयान तब आया है जब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के अन्य सदस्य आगामी मानसून सत्र में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों को लेकर मोदी सरकार को घेरने की तैयारी कर रहे हैं, जिसे वे राष्ट्रीय सुरक्षा में चूक बता रहे हैं।

इससे पहले मुरलीधरन ने एक सर्वे को लेकर भी थरूर पर निशाना साधा था, जिसमें उन्हें यूडीएफ की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए पसंदीदा बताया गया था। इस पर मुरलीधरन ने कहा था, उन्हें पहले यह तय करना चाहिए कि वे किस पार्टी में हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद थरूर की प्रतिक्रियाओं को लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से उनका टकराव सामने आया है। उनके कुछ बयानों को कांग्रेस की स्थिति को कमजोर करने वाला माना गया, जिससे पार्टी में असंतोष बढ़ गया।

मुरलीधरन ने थरूर की ओर से एक मलयालम अखबार में प्रकाशित उस लेख की भी आलोचना की थी, जिसमें उन्होंने आपातकाल को लेकर इंदिरा गांधी की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि यदि थरूर कांग्रेस में खुद को असहज महसूस कर रहे हैं, तो उन्हें अलग राजनीतिक रास्ता चुन लेना चाहिए।

इससे पहले शशि थरूर, जो अमेरिका में ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थे, ने कहा था कि देश को हमेशा पहले रखा जाना चाहिए और राजनीतिक दलों का मकसद देश को बेहतर बनाना होना चाहिए। कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि देश के हालिया घटनाक्रमों और सीमाओं पर हो रहे हालात को देखते हुए सेना और केंद्र सरकार का समर्थन करने के कारण कई लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने शनिवार को कोच्चि में एक कार्यक्रम में कहा, मैं अपने रुख पर कायम रहूंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि यही देश के लिए सही है। थरूर ने कहा कि जब उनके जैसे नेता राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में अन्य दलों से सहयोग की बात करते हैं, तो उनकी अपनी पार्टी ही इसे विश्वासघात के रूप में देखती है और यही सबसे बड़ी समस्या बन जाती है।

शशि थरूर ने कहा कि राष्ट्र सबसे ऊपर है और राजनीतिक दल केवल देश को बेहतर बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी पार्टी का असली उद्देश्य एक बेहतर भारत का निर्माण होना चाहिए और पार्टियों को इस लक्ष्य तक पहुंचने के तरीकों को लेकर असहमति रखने का अधिकार है। रिपोर्ट के मुताबिक, थरूर ने यह भी स्पष्ट किया कि वे देश की सशस्त्र सेनाओं और सरकार के समर्थन में अपने रुख पर कायम रहेंगे, क्योंकि उन्हें विश्वास है कि यही रास्ता देश के हित में है। थरूर ने कहा, जब मैं भारत की बात करता हूं, तो मेरा मतलब सभी भारतीयों से होता है- न कि केवल उन लोगों से जो मेरी पार्टी के समर्थक हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की एक पंक्ति का हवाला देते हुए कहा, अगर भारत ही न रहा, तो फिर क्या बचेगा?



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902